रांची
रविवार
23.10.2022
कार्तिक कृष्ण पक्ष 13
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-258 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
अज्ञानी व्यक्ति अपने अज्ञान को नहीं जानता, बल्कि वो इसका आनंद लेता है। उसमें अज्ञान को पहचानने की क्षमता ही नहीं होती।

## धनतेरस पर बाजारों में उमड़े ग्राहक, राज्य में अरबों का हुआ व्यापार

### ❍ राजधानी की सभी बाजारें रहीं गुलजार, सड़कों पर रही जाम की स्थिति

रौशन कुमार

**रांची।** राज्य के विभिन्न जिलों में धनतेरस पर इस बार धन की काफी वर्षा हुई। कोरोना की वजह से दो वर्षों से बाजार पर लगा ग्रहण छंटा हुआ दिखा। बाजारों में ग्राहकों की जमकर भीड़ उमड़ी। सोने, चांदी, पीतल, कांसे और यहां तक की स्टील के बर्तनों की भी जमकर खरीदारी हुई। इन सबके अलावा बाजार में बड़े पैमाने पर पूजा के बर्तन भी खरीदे गये। बर्तन-झाड़ू के अलावा ज्वेलरी शॉप और दो पहिया-चार पहिया वाहनों के शोरूम में भी लोगों की भीड़ लगी रही। ज्वेलरी शॉप में जहां सोने और चांदी के सिक्कों की खासी डिमांड देखी गयी, वहीं वाहन बाजार में भी चार पहिया गाड़ियों की अच्छी-खासी सेल हुई है।



पहले से बुकिंग करवाकर रखे लोगों ने भी शनिवार को ही डिलिवरी लेकर धनतेरस मनाया। इधर, ज्वेलरी विक्रेताओं के अनुसार इस बार ब्रांडेड कंपनियों के अलावा छोटे व्यापारियों ने भी अच्छा-खासा व्यापार किया है। उम्मीद जतायी जा रही है कि धनतेरस के दिन राज्य में अरबों रुपये का व्यापार हुआ है।

#### धन्वन्तरि को माना गया है आरोग्य प्रदान करनेवाला

**धनतेरस** को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस भी कहा जाता है। मान्यताओं के अनुसार धन्वन्तरि को धन, वैभव और आरोग्य प्रदान करनेवाला माना गया है। धनतेरस को लेकर बाजार में भी विशेष रौनक दिखी। हिंदू मैथोलॉजी के अनुसार धन्वन्तरि को भगवान विष्णु का अंश माना गया है। कहा जाता है कि समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को भगवान धन्वन्तरि अपने दोनों हाथों में बहुमूल्य रत्न और अमृत कलश लेकर समुद्र से प्रकट हुए थे। भगवान धन्वन्तरि के प्रकट होने के उपलक्ष्य में ही धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। धन्वन्तरि को आयुर्वेद का जनक भी माना जाता है।

#### सुबह से ही ग्राहकों की उमड़ने लगी थी भीड़

**धनतेरस** पर शनिवार को राजधानी समेत पूरे राज्य के बाजारों में जमकर खरीददारी हुई। चर्च रोड में सजे बर्तनों की दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी थी। राजधानी के अधिकतर बाजारों में उमड़ी भीड़ के कारण सभी प्रमुख सड़कों पर जाम सा नजारा लगा हुआ था। सड़क किनारे लगे बर्तनों और पटाखों के दुकानों में भी ग्राहकों की भीड़ लगी हुई थी।



## वाहन लुटेरा गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने वाहन लुटेरा गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरिडीह के डीएसपी संजय राणा ने बताया कि अपराधियों ने शुक्रवार की रात जीटी रोड पर एक सरसो तेल लदे ट्रक को लूट लिया था और चालक व खलासी को बेहोश कर फेंक दिया था। सूचना पर पुलिस की चार टीमों का गठन कर चार दिशा में चोरों की तलाश में भेजी गयी। इसी क्रम में पुलिस टीम ने धनबाद की ओर जा रहे ट्रक और अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सभी अपराधी पंजाब, बंगाल, उड़ीसा और झारखंड के रहनेवाले हैं। इन अपराधियों के विरुद्ध कई राज्य में वाहन लूट के मामले दर्ज हैं।

## पांच लाख का इनामी नक्सली सहयोगियों के साथ गिरफ्तार

**मेदिनीनगर/छत्तरपुर।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र से पांच लाख का इनामी कुख्यात नक्सली माओवादी सब जोनल कमांडर राम प्रसाद यादव उर्फ प्रसाद यादव उर्फ सुजीत जी उर्फ सुखाड़ी जी उर्फ भंडारी जी को उसके चार सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ 63 आपराधिक मामले दर्ज हैं। सारे बड़े मामले वर्ष 2004 से लेकर 2013 के बीच दर्ज हुए थे। शनिवार को पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को विभिन्न मामलों में राम प्रसाद यादव की 18 वर्षों से तलाश थी। उन्होने बताया कि माओवादी कमांडर की गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर छापामारी अभियान चलाया जा रहा था। बिहार सीमा से सटे छकरबंदा इलाके में सुरक्षाबलों की कार्रवाई तेज होने के कारण राम प्रसाद यादव छतरपुर इलाके में पहुंचा था और सुरक्षित ठिकाना ढूंढ रहा था। साथ ही एक बार फिर से माओवादी दस्ता खड़ा करने की तैयारी में था। पुलिस ने उसके पास से 45 हजार लेवी के बरामद किये हैं। इसके अलावा दो मोबाइल फोन, जमीन विवाद संबंधित संबंधित आवेदन, एक मोटरसाइकिल आदि बरामद किया गया है। लेवी वसूलने में सहयोग करने के आरोप में पुलिस ने राम प्रसाद यादव के साले कृष्णा यादव के अलावा परीखा यादव, महिला लालो देवी एवं समर्थक रामयाद यादव को भी गिरफ्तार किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बांटे सरकारी नौकरी के 75 हजार नियुक्ति पत्र

### पीएम मोदी बोले – भारत को वैश्विक समस्याओं से बचाने के लिए नयी पहल कर रही सरकार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सरकार कोरोना महामारी के बाद दुनिया भर के कई देशों के सामने आ रहीं आर्थिक समस्याओं को कम करने की दिशा में काम कर रही है। सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के बीच 75 हजार नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोजगार मेले को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अधिकतम अवसर पैदा करने को लेकर भी कई मोर्चों पर काम कर रही है। मोदी ने कहा कि यह सच है कि वैश्विक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं संघर्ष कर रही हैं। कई देशों में महंगाई और बेरोजगारी जैसी



समस्याएं चरम पर हैं। उन्होंने कहा कि सदी में एक बार आनेवाली ऐसी महामारी के दुष्प्रभाव 100 दिन में दूर नहीं होंगे। मोदी ने कहा कि लेकिन दुनियाभर में हर जगह महसूस किये जा रहे इस संकट के असर बावजूद भारत लोगों को इन समस्याओं से प्रभावित होने से बचाने के लिए नयी-नयी पहल कर रहा है और कुछ जोखिम उठा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम अपने देश पर इस प्रभाव को कम करने के लिए काम कर रहे हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण काम है, लेकिन आपके आशीर्वाद से हम अब तक ऐसा कर पा रहे हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने नौकरी के इच्छुक 75 हजार उम्मीदवारों को डिजिटल माध्यम से नियुक्ति पत्र भेजे।

#### भारत सरकार के 38 मंत्रालयों/विभागों में दी जायेगी नौकरी

**देशभर** से चयनित इन लोगों को भारत सरकार के 38 मंत्रालयों या विभागों में नौकरी दी जायेगी। इन्हें समूह ए और बी (राजपत्रित), समूह बी (अराजपत्रित) और समूह सी में विभिन्न स्तरों पर नौकरियां दी जायेंगी। सरकार द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, जिन पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं, उनमें केंद्रीय सशस्त्र बल के जवान, उपनिरीक्षक, कांस्टेबल, एलडीसी, स्टेनोग्राफर, पीए, आयकर निरीक्षक और एमटीएस शामिल हैं। ये भर्तियां मंत्रालयों और विभागों द्वारा या तो स्वयं या भर्ती एजेंसियों जैसे यूपीएससी, एसएससी और रेलवे भर्ती बोर्ड के माध्यम से की जा रही हैं। सरकार ने कहा था कि तेजी से भर्ती के लिए चयन प्रक्रियाओं को सरल और तकनीकी रूप से आसान बनाया गया है। प्रधानमंत्री ने जून में विभिन्न सरकारी विभागों और मंत्रालयों से कहा था कि वे अगले डेढ़ साल में 10 लाख लोगों को 'मिशन मोड' पर नौकरियां दें।

### रोजगार मेला का शुभारंभ

## केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड के चयनित 209 उम्मीदवारों को दिया नियुक्ति पत्र



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को रोजगार मेला का शुभारंभ किया। प्रथम चरण में देशभर से चयनित 75 हजार युवाओं को शनिवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। झारखंड से भी 209 युवाओं का चयन इसके लिये किया गया था जिन्हें राजधानी रांची के सीसीएल सभागार में केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा और अन्य अतिथियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर वर्चुअल तरीके से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में 90 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने की यह एक शुरुआत है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व का पांचवा बड़ा इकनोमिक कंट्री बन गया है। अब हमारा देश बहुत सारे चीजों का निर्यात कर रहा है। मौके पर उपस्थित जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर देश में युवाओं को सरकारी नौकरी देने की यह शुरुआत है। केंद्र सरकार अधिक से अधिक लोगों को नौकरी एवं रोजगार देने के प्रति कृतसंकल्पित है। धनतेरस के शुभ दिन पर नियुक्ति पत्र पाकर सभी युवा काफी खुश दिखे। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति पत्र हमें एक नयी जिम्मेवारी दे रही है। इससे हमें देश की सेवा करने का मौका मिलेगा। नियुक्ति के इस प्रथम चरण में झारखंड से 209 युवक-युवतियों को रेलवे, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, बैंक जैसे भारत सरकार के कई विभागों के लिए चयनित किया गया है। इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, बाबूलाल मरांडी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

## इस बार दिवाली पर मेवों की बिक्री 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की होने की संभावना

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** इस वर्ष दिवाली पर मेवों की बिक्री 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार होने की उम्मीद है। कारोबारियों के मुताबिक इस वर्ष मिठाई वालों से लेकर गिफ्ट देने के लिए मेवों की भी मांग खूब है। बीते वर्ष दिवाली के समय ही अफगान संकट के कारण मेवों की आपूर्ति बाधित होने से दाम ज्यादा थे, लेकिन इस बार मेवों का आयात खूब हुआ, क्योंकि अफगान संकट भी दूर हो गया है। कारोबारियों ने अफगानिस्तान के अलावा अन्य मेवा आयातक देशों से भी माल मंगाया है। कोरोना की मार खत्म होने से भी मेवों की बिक्री बढ़ी है। इंटरनेशनल फ्रूट्स एंड नट्स ऑर्गेनाइजेशन व क्लास एल जोन प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि कोरोना के कारण बीते दो साल दिवाली पर मेवों की मांग कमजोर रही। लेकिन अब कोरोना खत्म होने से इस साल मेवों की मांग भी बढ़ी



है। कॉरपोरेट क्षेत्र ने भी कर्मचारियों व अन्य को गिफ्ट देने के लिए मेवों की खरीद पिछले साल से ज्यादा की है। इस साल मेवा कारोबार 10 प्रतिशत बढ़कर 25,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। दिल्ली के खारी बावली से जुड़े व्यापारी संघ का कहना है कि पिछले वर्ष मेवे महंगे होने से बिक्री कम हुई थी। इस साल मेवों के दाम बढ़े नहीं है।

## धनतेरस-दिवाली को लेकर हाई अलर्ट पर रांची पुलिस

**▸▸ पांच स्थानों पर क्यूआरटी के साथ एम्बुलेंस भी तैनात**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने धनतेरस और दिवाली की सुरक्षा को लेकर हाई अलर्ट मोड पर है। रांची में हाल में हुए अपराधिक मामलों खासकर शुक्रवार को विष्णु गली में हुई गोलीबारी को देखते सुरक्षा की विशेष तैयारी की है। पूरे शहर में थानों के पुलिसकर्मियों और गश्ती दल के अलावा 500 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। इसमें बड़ी संख्या में सादे लिबास में भी पुलिसकर्मी तैनात होंगे। धनतेरस बाजार, विशेष तौर पर गहनों और बर्तनों की दुकान के आसपास विशेष चौकसी बरती जा रही है।

**पीसीआर का बढ़ेगा दायरा :** त्योहार को देखते हुए राजधानी और आसपास के इलाकों में तैनात पीसीआर के कार्यक्षेत्र का दायरा बढ़ाया जायेगा। इससे संबंधित आदेश भी एसएसपी ने जारी कर किया है। यह बदलाव हाल हाल में रांची में अपराध की घटनाओं को देखते हुए किया गया है। अब पीसीआर गली-मोहल्लों में भी गश्त करेगी। जहां, पीसीआर प्रवेश नहीं कर पायेगी, वहां पुलिस की बाइक दस्ता प्रवेश करेगी। फिलहाल रांची पुलिस के पास 30 पीसीआर वैन हैं।

**अग्निशमन वाहन और एंबुलेंस भी मौजूद रहेंगे :** किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए राजधानी में 14 स्थानों पर अग्निशमन वाहन और 13 स्थानों पर एंबुलेंस वैन तैनात किये गये हैं। वहीं, दूसरी तरफ शहर में कई स्थानों पर काली पूजा पंडालों का निर्माण भी किया गया है। सभी पूजा पंडालों में मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गयी है। दीपावली के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

#### कंट्रोल रूम से की जा रही मॉनिटरिंग



**एसएसपी** किशोर कौशल ने बताया कि पुलिस के जवानों को बड़े प्रतिष्ठानों और व्यवसायिक इलाकों के आसपास लगातार चौकसी रखने का निर्देश दिया गया है। रांची के कचहरी स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में एक टीम लगातार सीसीटीवी कैमरों के जरिये पूरे बाजार की मॉनिटरिंग कर रही है ताकि अगर किसी भी तरह की सूचना उनके पास पहुंचती है तो उसे वे तुरंत वे उसकी जानकारी वायरलेस के माध्यम से सुरक्षा में तैनात जवानों और अधिकारियों तक पहुंचायी जा सके। अगर कोई अपराधी संदिग्ध परिस्थिति में नजर आये या घटना को अंजाम देते दिखे जो उसका लोकेशन भी वायरलेस के जरिये प्रसारित किया जायेगा।

## मां अन्नपूर्णा के चार दिवसीय उत्सव के लिए 80 कारीगर तैयार कर रहे 170 क्विंटल प्रसाद

### ❍ प्रसाद में सूरन का लड्डू, 40 प्रकार की मिठाइयां और 16 प्रकार के हैं नमकीन

- आरपी सिंह

**वाराणसी।** काशी में मां अन्नपूर्णा के चार दिवसीय उत्सव के लिए 170 क्विंटल अन्नकूट भोग प्रसाद तैयार किया जा रहा है। मां का तीन पीढ़ियों से प्रसाद तैयार कर रहे 80 कारीगरों की टोली इसमें जुटी हुई है। यह तैयारी दशहरा से चल रही है। तबसे ही मां अन्नपूर्णा दरबार में प्रसाद का निर्माण अनवरत चल रहा है। प्रसाद में सबसे खास सूरन का लड्डू, 40 प्रकार की मिठाइयां और 16 प्रकार की नमकीन हैं।

**▸▸ मां के स्वर्णमयी स्वरूप के सामने भिक्षा मांगते हुए भगवान शिव की रजत प्रतिमा के दर्शन के लिए देशभर से श्रद्धालुओं का उमड़ता है रेला**

#### आकर्षण का केंद्र होगा अन्नकूट की झांकी में मिठाई से बना शिवलिंग



अन्नकूट की झांकी में मिठाई से बना शिवलिंग आकर्षण का केंद्र होगा। अन्नकूट की झांकी दर्शन भी श्रद्धालुओं को मिलेगा। इस बारे में महंत शंकर पुरी महाराज का कहना है कि मां के अन्नकूट प्रसाद का विशेष महत्व है। अन्नकूट के दिन देशभर से श्रद्धालु माता के अन्नकूट की झांकी के दर्शन के लिए आते हैं। अधिकारियों ने जब बताया कि 22 को नहीं 23 अक्टूबर को माता के दर्शन होंगे, तो श्रद्धालुओं का जवाब था कि अब तो आ गये हैं और अब दर्शन करने के बाद ही जायेंगे। महंत शंकर पुरी ने बताया कि 23 अक्टूबर को भोर में चार बजे से माता अन्नपूर्णा के दर्शन पूजन का सिलसिला आरंभ होगा जो 26 अक्टूबर तक चलेगा। 25 अक्टूबर को सूर्यग्रहण के कारण दो बजे से शाम 7.30 बजे तक साढ़े पांच घंटे मंदिर के कपाट बंद रहेंगे। कण-कण शंकर की नगरी अपने आप में अनोखी है। कदम-कदम पर गलियों में विराजते शिव और उनके गण जहां भक्तों को आशीष देते हैं, वहीं शक्ति स्वरूपा मां जगदंबा अन्न-धन का भंडार भरती हैं।

#### मां अन्नपूर्णा अपने भक्तों की हर इच्छा को करती हैं पूरी

**बाबा** विश्वनाथ के आंगन में विराजमान मां अन्नपूर्णा अपने भक्तों की हर इच्छा को पूरी करती हैं और यही कारण है कि धनतेरस से लेकर अन्नकूट तक श्रद्धालुओं का रेला माता के दरबार में उमड़ता है। मंदिर के महंत शंकर पुरी ने बताया कि मां अन्नपूर्णा का यह मंदिर देश का इकलौता मंदिर है जो श्री यंत्र के आकार में निर्मित है। श्री यंत्र के ऊपर विराजमान माता अपने भक्तों और श्रद्धालुओं पर कृपा बरसाती रहती हैं। मंदिर के कोण मिलाने पर स्वत: स्वरूप में श्रीयंत्र का निर्माण हो जाता है। यही कारण है कि माता का यह स्थान ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## कालमेघ से दूर होगी फैटी लीवर की समस्या

### कालमेघ से एक दिन के इलाज का खर्च महज 2.04 रुपये

- आरएनएम

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान व आयुर्वेद संकाय के चिकित्सकों ने कालमेघ के इस्तेमाल से फैटी लीवर रोग को दूर करने में सफलता हासिल की है। संस्थान के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी तथा आयुर्वेद संकाय के द्रव्य गुण विभाग के सहयोग से कालमेघ का क्लीनिकल ट्रायल सफलता पूर्वक हो गया है। भारत सरकार की पहल पर बीएचयू ने गैर अल्कोहल फैटी लीवर रोग (एनएएफएलडी) की चिकित्सा के क्लीनिकल ट्रायल को शुरू किया था। इससे इलाज के खर्च में कमी आयी और दुष्प्रभाव भी नहीं मिला। चिकित्सा विज्ञान



संस्थान बीएचयू के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार के निर्देशन में चार चिकित्सकों की टीम ने जनवरी 2022 में 94 मरीजों पर क्लिनिकल ट्रायल शुरू किया। भारत सरकार ने एनएएफएलडी को 2021 में राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल किया था। इसके पीछे हालिया के अध्ययनों में मिला था कि देश में एनएएफएलडी के केस में 24 से 32 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो रही है। चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान 47 मरीजों को कालमेघ और मानक आहार व व्यायाम की सलाह दी। वहीं, दूसरे बाकी मरीजों को प्लेसबो दवा के साथ मानक आहार और व्यायाम कराया गया। तीन माह तक चले परीक्षण के दौरान एक महीने में ही कालमेघ खानेवाले मरीज के यूएसजी और फाइब्रोस्कैन स्कोर में भी महत्वपूर्ण बदलाव आया। उनकी यकृत की विकृति ठीक होने लगी और गैर अल्कोहल फैटी लीवर रोग के मामले में कालमेघ के उपचार का सकारात्मक ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### माले नेता बुधवा उरांव का श्रद्धांजलि संकल्प सभा का हुआ आयोजन




बुढ़मू। भाकपा माले के द्वारा बुढ़मू में माले नेता बुधवा उरांव का श्रद्धांजलि संकल्प सभा का आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में बुधवा उरांव के बनाए चित्र, फोटो पर माल्यार्पण किया गया।, और माले नेता बुधवा उरांव के बारे में याद किया गया। वही मौके पर उपस्थित लोगों ने बुधवा उरांव को बारी-बारी से आंदोलनकारी नेता बताया। श्रद्धांजलि सभा आयोजन में माले के प्रखंड प्रभारी मोहन दाता, प्रदेश कमेटी के सदस्य भुनेश्वर केवट, माले के जिला सचिव जगमोहन महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। साथ ही सभा को संबोधित किया। मौके पर महावीर मुंडा, रामकिशुन लोहरा, प्रीतम उरांव, अल्मा खलखो , आबिद अंसारी , सहित माले पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 13 वर्ष का एक युवक की अपने ही घर में संदिग्ध अवस्था में मौत

मुरी। बड़ा मुरी निवासी कुंदन कुमार महतो उम्र 13 वर्ष की अपने घर में ही संदिग्ध अवस्था में मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक की मां रीना देवी ने बताई की मेरा बेटा कुंदन कुमार महतो आरटीसी स्कूल सिंगपुर में इंग्लिश मीडियम क्लास सिक्स में पढ़ता था। हम सिंगपुर नर्सिंग होम में नर्स का काम करते हैं। रोज के तरह आज सुबह मेरा बेटा स्कूल गया और पढ़ाई करने के बाद स्कूल की छुट्टी शाम में 3.30 बजे हो गई। छुट्टी होने के बाद अपने घर चला गया। घर पर कोई सदस्य नहीं था। घर जाकर खाना खाया और खटिया पर सो गया। संध्या होने के बाद गांव के सदस्य ने देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है ।उसके बाद उसकी मां रीना को फोन से संपर्क करके कहा कि आपका घर का दरवाजा अंदर से बंद है ।आप घर आकर देख लीजिए रीना ने बोली की अभी हम ड्यूटी पर हैं ड्यूटी खत्म होने के बाद घर आ जाएंगे। वही ग्रामीण ने फिर दोबारा कहा जल्द से जल्द आ जाइए रीना घर 5:00 बजे शाम में पहुंची पहुंचने के बाद देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है और मेरा बेटा सोया हुआ है ।बेटा के पास जाकर जगाया मगर वह कुछ नहीं बोला आनन-फानन में सिंगपुर नर्सिंग होम लेकर आई जहां अस्पताल के डॉक्टर रमनेश प्रसाद के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया ।ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुरी ओपी को दी सूचना मिलते ही मुरी ओपी के सब इंस्पेक्टर सौरभ शर्मा घटनास्थल पर पहुंचे शव को अपने कब्जे में लेकर शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेजा जायेगा। मुरी ओपी के सब इंस्पेक्टर सौरभ शर्मा से पूछने पर उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है पोस्टमार्टम होने के बाद ही खुलासा होगा। हम लोग अभी छानबीन कर रहे हैं। श्रद्धांजलि संकल्प सभा का आयोजन किया गया।

### बेड़ो में धनतेरस पर बरसी धन, करोड़ों रुपए की हुई खरीददारी

बेड़ो। धनतेरस को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित दुकानों में ग्राहकों की भीड़ ने जमकर खरीददारी की। शाम तक बाजार गुलजार रहा। बाइक, बर्तन , इलेक्ट्रानिक्स, आभूषण, पूजन सामग्री एवं किराना सहित सभी प्रकार दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ खरीददारी करती दिखी। सुबह से ही खरीदारी के लिए बाजार सज गये थे। दोपहर तक बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी। और देर शाम तक बाजारों में खरीदारी को ले भीड़ देखी गयी। चौक में भीड़ के कारण जाम होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। धनतेरस को लेकर बाजार दो-तीन दिन पहले से ही पहले से सज गया था। इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालक, बर्तन दुकान, ज्वेलरी शॉप के दुकान संचालकों ने पर्याप्त स्टॉक अपने पास मंगा रखा था। वहीं जमकर बिके झाड़ू धनतेरस के मौके पर झाड़ू खरीदे जाने की परंपरा के मद्देनजर सभी चौक चौराहों पर झाड़ू के दुकानें भी सजी हुई थी। लोगों ने जमकर झाड़ू की खरीदारी की। 40-60 रुपये से लेकर 100 रुपये के भाव में झाड़ू बिके। वही लोगों ने जमकर सोने-चांदी के गहनों के साथ साथ सिक्कों को खरीदा। धनतेरस पर चांदी और सोने के सिक्कों की भी खासी मांग रही। इधर, बर्तन दुकानों में तांबा व कांसा की मूर्तियों के अलावा स्टील के बर्तन व अन्य आवश्यकताओं के सामान लोगों ने खरीदा ।खासकर महिलाओं ने बर्तनों की खरीददारी की। महावीर चौक, जिला परिषद,बाजार टांड़,देवी मंडप चौक सहित बाजार में काफी चहल-पहल रही।

# 5 मिनट की भी देरी होती तो हो जाता मासूम रिधिका का कत्ल, अपराधी कर चुका था हत्या का इरादा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के अरगोड़ा इलाके से शुक्रवार को पुलिस की तत्परता से अपहरण के दो घंटे बाद ही अपहरणकर्ता के चुंगल से मुक्त करवाई गई दो साल की मासूम रिधिका की हत्या की प्लानिंग कर ली गई थी। लेकिन ऐन मौके पर पुलिस मौके पर पहुंच गई जिसकी वजह से अपहरण करने वाला रिधिका की हत्या नहीं कर पाया। रिधिका के अपहरण मामले में गिरफ्तार शंभू शरण ने पुलिस के सामने यह खुलासा किया है कि अगर और मात्र पांच मिनट का उसे समय मिलता तो वह अपने आप को बचाने के लिए रिधिका की हत्या कर देता।

**पुलिस की सूचना मिल गई थी आरोपी को :** शंभू शरण ने पुलिस के सामने यह खुलासा किया है कि बच्चे को गायब करने के बाद वह उसे अपने घर ले कर चला गया था। घर ले जाने के बाद उसे कमरे में बंद कर बाहर क्या हो रहा है यह जानने के लिए मोहल्ले में घूम रहा था। इसी बीच मोहल्ले में एक पुलिस वाला घूमता हुआ दिखाई दिया ,जिसे देख शंभू ने उससे पूछा कि क्या बात है कोई कांड हुआ है क्या जो मोहल्ले में पुलिस घूम रही है। शंभू की बात सुनकर पुलिस वाले ने उसे यह बता दिया की एक बच्ची गायब हो गई है और उसे ही सभी पुलिसकर्मी ढूंढ रहे हैं। पुलिस के एक्टिव होने की वजह से शंभू डर गया। वह आनन-फानन में अपने घर पहुंचा, पुलिस उसे पकड़ ना पाए इसलिए उसने यह सोच लिया था कि वह मासूम की हत्या कर देगा। घर पहुंचते ही उसने एक बड़ी कैंची का इंतजाम कर लिया जिसके सहारे वह बच्ची को मारने वाला था। इससे पहले कि वह बच्ची को मारता ऐन मौके पर अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार और उनकी टीम उसे घर पहुंच गई जहाँ से धर दबोचा गया , वही मासूम बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया।

**घर में दफनाने की थी योजना :** शंभू शरण यह जान गया था कि पुलिस उसे पहचान चुकी है ,ऐसे में वह बच्ची को मार कर उसी घर में दफनाकर बिहार भागने की तैयारी कर रहा था लेकिन पुलिस की सतर्कता की वजह से वह अपने इरादों में कामयाब नहीं हो पाया।

**क्या है पूरा मामला :** दरअसल शुक्रवार की दोपहर अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार को फोन पर यह जानकारी दी गई कि अरगोड़ा इलाके के ढेला टोली से दो साल की मासूम बच्ची रिधिका को अगवा कर लिया गया है। मासूम रिधिका के पिता रणधीर कुमार मंडल अपने पड़ोसियो के साथ अरगोड़ा थाने भी पहुचे ,जानकारी मिलने पर और मामले की गंभीरता को देखते हुए अरगोड़ा पुलिस तुरंत एक्टिव हो गई। शहर के सभी थानों में रिधिका की तस्वीर भेज कर सबसे पहले उसकी तलाश शुरू की गई ,स्टेसन और बस स्टैंड पर भी पुलिस को अलर्ट कर दिया गया ।इसी बीच ढेला टोली के कुछ घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी पुलिस ने खंगालना शुरू किया , सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति के द्वारा बच्ची को गोद में उठाकर ले जाते हुए देखा गया। पहचान कराने पर वह बच्ची के पड़ोस में ही रहने वाला युवक शम्भू शरण शर्मा निकला। आनन-फानन में पुलिस की टीम जब शंभू शरण शर्मा के घर पहुंची तब वह भागने की कोशिश कर रहा था ,पुलिस ने उसे धर दबोचा वहीं उसने अपने घर के कमरे में मासूम बच्ची को छुपा कर रखा था जहां से बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

### मौका देख उठा लिया बच्ची को

गिरफ्तार आरोपी शंभू शरण बिहार के नवादा जिला का रहने वाला है वह कई दिनों से ताक में था कि बच्ची को उठा सके। शुक्रवार की दोपहर जब बच्ची घर से बाहर खेल रही थी उस दौरान से मौका मिला और उसने बच्ची को उठा लिया और अपने घर में ले जाकर छुपा दिया।

### यौन शक्ति की दवा बेचता है आरोपी

पुलिस के पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि वह नवादा से आकर रांची में किराए के मकान में रहा करता था और यहां टेंट लगाकर यौन शक्ति बढ़ाने के लिए जड़ी-बूटी बेचा करता था।

### लॉकडाउन से पहले और लॉक डाउन के बाद भी मुरूप के स्कूली बच्चों ने समस्याएं झेली हैं : कंचन उरांव

**लापुंग।** वर्षों से बंद पड़ी लापुंग प्रखंड के आरसी प्राथमिक विद्यालय मुरुप में शिक्षकों की बहाली के बाद रौनक लौट आयी। धनतेरस के दिन शिक्षा को बचाने का संकल्प लिया गया। शनिवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी के निदेर्शों के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति और माता समिति का पुनर्गठन किया गया। पूर्व प्रमुख और समाजसेवी सुशीला बारला की अध्यक्षता और वर्तमान प्रमुख कंचन उरांव की उपस्थिति में सर्वसम्मति से दिनेश होरो को अध्यक्ष चुन लिया गया। वहीं मरियम हस्सा पूर्ति को उपाध्यक्ष बनाया गया। पंचायत प्रतिनिधि के तौर पर बतौर पदेन सदस्य वार्ड सदस्य संगीता बारला, बाल संसद के प्रधानमंत्री के तौर पर तीसरी कक्षा की छात्रा कतरीना होरो को सदस्य के रूप में नामित किया गया। पदेन सदस्य संयोजक संयोजक के रुप में प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल होरो तथा वरीय शिक्षक के रूप में रुपा कुमारी को पदेन सदस्य बनाया गया।

## धनतेरस को लेकर रातू के बाजारों में उमड़ी खरीददारों की भीड़




**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** धनतेरस को लेकर सजे रातू के बाजारों में शनिवार को जमकर धन वर्षा हुई । विगत 2 वर्षों से बाजार कोरोना के कारण बुरी तरह प्रभावित था, लेकिन नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा की तरह इस वर्ष धनतेरस को लेकर बाजार में खासी रौनक देखी गई ।शनिवार को दोपहर रातू के विभिन्न दुकानों में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर लोगो ने बर्तन,जेवर,मिठाई, व दिवाली के लिए कई प्रकार के पटाखे भी लिये। बर्तन के दुकानों में काफी भीड़ देखी गयी। वही इलेक्ट्रानिक्स वस्तुओं की दुकानों पर भी लोग सामान खरीदने के लिए पहुंचे। धनतेरस पर चांदी, पीतल आदि धातुओं की वस्तुओं को खरीदना शुभ माना जाता है। लोगों ने अपनी अपने बजट के अनुसार वस्तुओ की खरीदारी की। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स ,बर्तन, ज्वेलरी तथा वाहन बाजार में जमकर खरीदारी हुई। बड़ी संख्या में लोगों ने झाड़ू की भी खरीदारी की। एक अनुमान के अनुसार रातू क्षेत्र में धनतेरस में करोड़ों रुपये का कारोबार होने की संभावना है।

### झारखंड मोमीन विकास परिषद की बैठक आयोजित

मांडर। प्रखंड के बंझिला में झारखंड मोमीन विकास परिषद की बैठक अब्दुल अजीज अंसारी की अगुवाई में हुई। इस दौरान कमिटी का गठन भी किया गया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष अब्दुल अजीज अंसारी, महासचिव कुदरत अंसारी, कोषाध्यक्ष सज्जाद अंसारी और सचिव साजिब अंसारी को बनाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हम सभी को आगे आना है और उसे मजबूत करना है। कार्यकारिणी सदस्य हसमुद्दीन अंसारी, युनुस अंसारी, अयूब अंसारी, जैनुल अंसारी, हसीब अंसारी, मुबारक अंसारी, सहाबुद्दीन अंसारी, लियाकत अंसारी को सदस्य बनाया गया।

### जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया वाहन जांच अभियान

## 135 वाहनों की हुई जांच, 24 वाहनों से वसूला गया 407950 रुपये का जुर्माना




**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची प्रवीण प्रकाश द्वारा रातू, नगड़ी, दलादली चौक, पुंदाग, पंडरा, रिंग रोड, पिठोरिया क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया। सुबह 06:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक टैक्स डिफॉल्टर, ओवरलोडेड, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन संबंधी अन्य कागजातों के अतिरिक्त झारखंड राज्य से बाहर निबंधित वाहन जिनका परिचालन रांची जिला अंतर्गत किया जा रहा, जिसे लेकर उनकी जांच की गयी। वाहन जांच के दौरान कुल 135 वाहनों की जांच की गई। कार्यालय के कर्मी द्वारा बारी-बारी से वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई। कुल 24 वाहनों (मालवाहक वाहनों, हाइवा) से 407950 रुपए का जुर्माना वसूला गया। 07 वाहनों को किया गया जब्त : जांच के दौरान 07 वाहनों को जब्त किया गया। चार वाहनों को जब्त कर पुंदाग, दो को पंडरा और एक वाहन को नगड़ी थाना में सुरक्षार्थ रखा गया है।

## आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में शिविर आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** प्रखंड के हाकेदाग पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजन किया गया. सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, उपप्रमुख आरती देवी, बीडीओ पावन अशीष लकड़ा, सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे मुखिया एवं पसस ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रखंड के विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्या सुनी। इस दौरान विभिन्न समस्याओं के करीब पांच सौ आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें लगभग 50 मामले ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। पांच लाभुकों के बिच सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के स्वीकृत पत्र का वितरण किया गया। मौके पर विधायक ने निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करें जिससे लोगों को समय पर योजनाओं लाभ मिले। वहीं उन्होंने लोगों से अपनी समस्या व अधिकार के प्रति जागरूक होने की अपील की। शिविर में अनिता देवी नामक महिला ने विधायक के पस शिकायत करते हुए कहा एक साल से अपने चार साल के बेटे मनीष मण्डल का जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिये आवेदन दिया है परंतु अब तक नही बना है। विधायक ने मामले को गंभीरता से लिया और जल्दी प्रमाण पत्र निर्गत करने का आदेश दिया। विधायक ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी सेवा का अधिकार कानून का पालन करें। इस मौक पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहु, प्रमुख जितेंद बड़ाईक, मुखिया हरिपद मांझी, समीत लाहा प्रखंड व अंचल के सभी अधिकारी एवं कर्मी, वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# सनमाइका कारोबारी सौरव साबू को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस जांच में जुट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के डेली मार्केट थाना क्षेत्र के विष्णु गली में सनमाइका कारोबारी सौरव साबू को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस ने इस वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों की सीसीटीवी फुटेज के जरीए पहचान कर ली है। इसमें एक अपराधी लेक रोड का है, जबकि अन्य अपराधी चुटिया इलाके का रहने वाला है। पुलिस तीनों अपराधियों पर लगातार दबिश बनायी हुई है। इसी बीच पुलिस को पता चला कि तीनों अपराधियों ने घटना को अंजाम देने के बार रांची छोड़कर फरार हो गए हैं। हालांकि पुलिस की टीम उनके संबंधित ठिकानों पर लगातार नजर रखे हुई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद एसएसपी किशोर कौशल ने अलग से तीन टीमों का गठन किया है। पुलिस की टीम रांची के आसपास के अलग-अलग शहरों में अपराधियों को दबोचने के लिए निकल गयी है। वहीं पुलिस की एक टीम को बिहार भी भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों का पूरा डिटेल मिल चुका है। अगर अपराधी जल्द पकड़े नहीं जाते हैं तो उनके परिजनों पर भी पुलिस दबाव बनाएगी। जरूरत पड़ी तो परिजनों को भी हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करेगी। वहीं पुलिस ने शनिवार को मामले में कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की है।

**शुक्रवार दोपहर अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम :** विष्णु गली स्थित मंगलमपल्ली प्रतिष्ठान शुक्रवार को दो अपराधी घुसे। 20 मिनट तक प्रतिष्ठान के संचालक विष्णु चौधरी से बातचीत की। उस वक्त बकाया राशि लेने के लिए सनमाइका कारोबारी सौरव साबू भी प्रतिष्ठान में मौजूद थे। दोनों अपराधी ने पहले उनसे सनमाइका और प्लाईवुड के संबंध में जानकारी ली और बातचीत करते रहे। करीब 20 मिनट तक दोनों अपराधी प्रतिष्ठान के अंदर मौजूद रहे। इसी क्रम में एक अपराधी ने फायरिंग शुरू कर दी। इस क्रम में अपराधियों और विष्णु के बीच हाथापायी शुरू हो गयी। जिसमें सौरव भी शामिल था। इसी क्रम में एक अपराधी ने लक्ष्य कर सौरभ पर गोली चलायी।

### गोलीबारी की घटना से कुछ देर पहले 60 हजार की हुई थी बिक्री

रांची पुलिस की टीम गोलीबारी की घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को पता चला है कि विष्णु गली स्थित मंगलमपल्ली प्रतिष्ठान में जिस वक्त गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था, उससे कुछ देर पर एक कारोबारी उस प्रतिष्ठान में पहुंचे थे। उन्होंने करीब 60 हजार रुपए का माल विष्णु चौधरी से खरीदी थी। राशि भी वह उन्हें दिया था। उसके दस मिनट के बाद दोनों अपराधी पहुंचे और गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस का दावा है कि अपराधी लूटपाट की मकसद से प्रतिष्ठान में नहीं घुसे थे, बल्कि उनका मकसद कुछ और था।

### एक्सआईएसएस में जीआईएस प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

## हमेशा याद रखें की सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है : डॉ. जोसेफ मारियानुस कुजूर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) में जिओइन्फार्मेटिक्स (जीआईएस) प्रशिक्षण कार्यक्रम के नए बैच का इंडक्शन और 11वें बैच का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जीआईएस, एक्सआईएसएस में चलाये जाने वाला एक छह महीने का ट्रेनिंग प्रोग्राम है जिसमें 30 सीटें उपलब्ध है और यूजी, पीजी के साथ-साथ आईटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रमों के किसी भी विषय के छात्र इस कार्यक्रम के लिए आवेदन करते हैं। यह कार्यक्रम 2016 में शुरू हुआ और यह छात्रों का 12वां बैच है जिसने अपनी कक्षाएं शुरू की हैं। समारोह के दौरान छह माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 30 छात्रों के नये बैच को शामिल किया गया, जबकि पासिंग आउट बैच के 24 छात्रों को पाठ्यक्रम पूरा करने के प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डॉ जोसेफ मारियानुस कुजूर एसजे, निदेशक, एक्सआईएसएस ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, मैं आप में से प्रत्येक छात्र को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को चुनने के लिए बधाई देता हूं जिसकी आज लगभग हर क्षेत्र में उच्च मांग और बेहतरीन रोजगार क्षमता है। पर यह हमेशा याद रखें कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। हम सभी एक विनम्र पृष्ठभूमि से आते हैं और शून्य से शुरू करते हैं। आपको कड़ी मेहनत करते रहना है, दृढ़ निश्चयी बनना है, और इन्हीं गुणों को विकसित करना है। आप सभी को अपनी असफलताओं से मजबूत होने की आवश्यकता है। डॉ अमर ई तिग्गा, डीन अकादमिक, एक्सआईएसएस ने नए बैच को प्रेरित और प्लेसमेंट पा चुके छात्रों को शुभकामनाएं दी और कहा कि, इस क्षेत्र का दायरा बहुत बड़ा है और अब यह कई पाठ्यक्रमों में भी फैल रहा है। जीआईएस में प्रशिक्षण लेने वाले छात्र अब शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, खनन, और कृषि जैसे क्षेत्रों में कुशल हैं और उन्हें इस ज्ञान को उद्योग और आम लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए लागू करना चाहिए। कार्यक्रम के सहायक प्रोफेसर और समन्वयक डॉ प्रकाश चंद्र दाश ने बताया कि अध्ययन की एक शाखा के रूप में जियोइनफॉरमैटिक्स, विभिन्न क्षेत्रों में इसके व्यापक अनुप्रयोगों के कारण तेजी से लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है और सरकारी और निजी दोनों एजेंसियों द्वारा इसकी स्वीकृति छात्रों को आकर्षित कर रही है।

पिछले कुछ बैचों के छात्रों ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, मनरेगा, वन विभाग, राजस्व विभाग, पीएमजीएसवाई, सड़क विकास विभाग, जेएसएसी, कृषि विभाग, खनन, शहरी विकास, पेयजल विभाग, भारत के सर्वेक्षण के साथ-साथ निजी क्षेत्र और अन्य गैर-सरकारी संगठनों में नौकरी हासिल की है।

### बीएयू के दो छात्रों का प्री रिपब्लिक डे परेड शिविर में चयन

**रांची।** गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कौनी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में 12 से 21 नवंबर तक प्री रिपब्लिक डे परेड शिविर का आयोजन हो रहा है. राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्री रिपब्लिक डे परेड के इस शिविर में भाग लेने के लिए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के दो छात्रों का चयन हुआ है. इस आशय की सुचना शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय. पटना के क्षेत्रीय निदेशक पीयूष परांजपे ने दी. चयनित छात्रों में रांची कृषि महाविद्यालय, कांके की जयंती कुमारी तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, गुमला के पंकज कुमार शामिल है. दोनों चयनित छात्रों के चयन पर विवि एनएसएस सेल के यूनिवर्सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ बीके झा, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ आरपी मांझी, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ जय कुमार, डॉ अमित कुमार एवं डॉ उत्तम कुमार ने हर्ष जताया एवं शुभकामनाएँ दी है.

## दीपावली के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को विद्यालय परिसर में दीपावली के पावन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा-एलकेजी से यूकेजी के लिए क्ले से दीया बनाओ प्रतियोगिता, कक्षा 1 के लिए पेपर से लैम्प बनाओ, कक्षा -2 और 3 दीया सजाओ, कक्षा -4 और 5 तोरण बनाओ, कक्षा -6 - गमला सजाओ, 7 और 8 के लिए रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।उपर्युक्त प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उनकी कलाकृतियां देखते बन रही थी। सभी की प्रतिभा निखर कर बाहर आ रही थी` जो अनायास ही अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या श्रीमती सुजाता कौरा जी ने सभी को सुरक्षित दीपावली मनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि - दीपावली का त्योहार भगवान राम की याद में मनाया जाता है ।जो चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे। उन्होने मयार्दा के पालन के लिए सभी सुखों का त्याग किया था। हमें भी अपने जीवन में उनके समान सभी सुखों को त्याग करते हुए , अपने कर्तव्य का निर्वाह करना चाहिए। अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। उनके नाम इस प्रकार हैं : ग्रुप बी में प्रथम स्थान - आद्या विश्वकर्मा।

तृतीय स्थान -अथर्व झा , ग्रुप सी प्रथम, स्थान-



महेश्वरी मोहंता, द्वितीय स्थान , प्रियांशी कुमारी ने प्राप्त किए हैं। इनके अलावा इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। स्वामी दिव्य देव जी ने सभी छात्र - छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि - आप सभी दीपावली मनाते समय वातावरण को प्रदूषित नहीं करेंगें। क्योंकि पटाखे जलाने से वातावरण प्रदूषित हो जाते हैं। पटाखे के पैसे से आप सभी मिठाइयाँ खरीदें और उसे गरीब बच्चों के बीच बांट दें। महर्षि दयानंद सरस्वती जी का दीपावली के दिन निर्वाण दिवस है ।उन्होंने आज ही के दिन अपने जीवन का त्याग किया था। ऐसा उन्होंने इसलिए किया ताकि उनके जाने के बाद भी यह संसार प्रकाश पर्व की भाँति प्रकाशित होता रहा। हम सभी संकल्प लें कि महर्षि दयानंद जी के आदर्शों को अपनाते हुए, अशिक्षा रूपी अज्ञानता को हटाकर, ज्ञान रूपी शिक्षा के प्रकाश से संसार को प्रकाशित करते रहेंगे। मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।




# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

**पहला चरण : 12 से 22 अक्टूबर**

| कुल आवेदन प्राप्त | कुल निष्पादन | कुल प्रक्रियाधीन |
|---|---|---|
| 20,30,312* | 10,21,791* | 10,08,521* |

*डाटा जानकारी 22/10/2022, 06:00 PM

स्रोत :- https://sarkaraapkedwar.jharkhand.gov.in/



“ जन-कल्याणकारी योजनाओं को गठरी में बांध-बांध कर आपकी सरकार आपके द्वार आयी है।

- हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## राज्य भर में दूसरे चरण का आयोजन : 1 नवम्बर 2022 से 14 नवम्बर 2022

PR No. 280866 (IPRD) 2022-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## न्यूज गैलरी

### फीफा अंडर 17 महिला फुटबॉल खिलाड़ी सिमडेगा की बेटी को जिला प्रशासन ने किया स्वागत



**सिमडेगा।** फीफा अंडर 17 महिला वर्ल्ड कप में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली सिमडेगा की बेटी पूर्णिमा कुमारी का सिमडेगा आगमन होने पर जिला मुख्यालय से लेकर गांव में किया गया भव्य स्वागत किया गया।शनिवार शाम सिमडेगा डीसी के निर्देश पर जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने पूर्णिमा कुमारी के घर जामबहार जाकर पूर्णिमा कुमारी,उनकी बहन सनमईत कुमारी,चाचा सुंदरा मांझी, को बुके व शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वही खेल को लेकर किसी भी तरह की समस्या होने पर बताने की बात कही। मौके पर टुकुपानी मुखिया रामचंद्र मांझी, सहित गांव वाले उपस्थित थे।

### विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर लंबे अरसे से हड़ताल में बैठे नवनियुक्त होमगार्ड जवानों की मांगे हुई पूरी



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर महिना भर से हड़ताल में बैठे नवनियुक्त होमगार्ड जवानों की मांगों को सरकार ने पुरा कर लिया है। अब इन सभी नवनियुक्त होमगार्ड जवानों को बुनियादी प्रशिक्षण के बाद ड्यूटी में भी लगाया जाएगा। होमगार्ड जवानों ने मांगे पुरी होने पर शनिवार की सुबह विधायक भूषण बाड़ा के आवास पहुंचे। साथ ही फुल माला पहनाकर एवं बुके देकर विधायक भूषण बाड़ा के प्रति आभार जताया। वहीं विधायक ने भी सभी जवानों को शुभकामना देते हुए बधाई दी। इधर होम गार्ड जवानों ने अपनी हड़ताल भी समाप्त कर ली है। गौरतलब है कि नव नियुक्त होम गार्ड काफी लंबे अरसे से बुनियादी प्रशिक्षण दिलाने सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलनरत थे। आंदोलन में बैठे इन जवानों से विधायक भूषण बाड़ा लगातार संपर्क में थे। साथ ही सीएम हेमंत सोरेन के पास बार बार इनकी समस्या लेकर जाते रहे। साथ ही इनकी मांगों को पुरा कराने की मांग करते रहे। जिसके बाद सरकार ने भी नव नियुक्?त होमगार्ड जवानों की मांगों को पुरा किया। मौके पर पाकरटांड़ प्रखंड के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अजीत लकड़ा सहित काफी संख्या में होम गार्ड जवान उपस्थित थे।

### बेड़ो के विभिन्न स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**बेड़ो।** बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, इंडियन टैलेंट इंटरनेशनल स्कूल समेत विद्यासागर पब्लिक स्कूल में शनिवार को दिपावली के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई उसमें बच्चों ने सेव गर्ल चाइल्ड। एंपावरमेंट ऑफ वूमेन। सेव अर्थ एवं विभिन्न प्रकार के आकर्षक रंगोली एवं गणेश लक्ष्मी का रंगोली बनाया । जहां हड्डी अभी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों की सराहना की और उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में कलात्मक विकास होती है एवं बच्चे अपने से कुछ करने के लिए प्रेरित होते हैं और थीम आधारित रंगोली बनाने पर उन्हें नैतिक शिक्षा भी मिलती है। उन्होंने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ कलात्मक विकास भी बहुत आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में सर्वांगीण विकास होती है । नई शिक्षा नीति में एक्टिविटी आधारित शिक्षा पर जोर दिया गया है जिससे बच्चों में सर्वांगीण विकास हो। रंगोली प्रतियोगिता में स्थानीय शिक्षकों का सराहनीय भूमिका रहा।

### मॉडल सेकेंडरी स्कूल तुको में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**बेड़ो।** मॉडल सेकेंडरी पब्लिक स्कूल तुको में शनिवार को दीपावली को लेकर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी कला का जौहर दिखाते हुए विभिन्न प्रकार के रंगोली बनाई। जिसमें आराध्य ग्रुप को प्रथम व चांदनी ग्रुप को द्वितीय स्थान पर रहे।मौके पर स्कूल के निदेशक ओम प्रसाद गुप्ता ने कहा कि दीपावली प्रकाश एवं बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व है। उन्होंने कहा शिक्षा के साथ साथ रंगोली समेत अन्य तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के अवसर देते हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य मंजू गुप्ता शिक्षिका रवीना कुमारी,किरण कुमारी,निकिता कुमारी,लवली कुमारी स्वेदिक फिरदौस मनोहर कुमार अनिता कुमारी निकिता कुमारी,अनीषा कुमारी,संपति तिर्की, मनोहर कुमार समेत अन्य मौजूद रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### श्रीनगर गांव में छिपकली काटने से महिला जख्मी

**गढ़वा।** कंडी थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव निवासी शिवम चंद्रवंशी के पत्नी नंदरानी को छिपकली काटने से जख्मी हो गई।उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि घर की साफ सफाई कर रही थी। इसी बीच छिपकली उसके ऊपर गिर गया और वह गर्दन में काट दिया जिसके बाद आनन-फानन में परिजन उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया है।

### दूसरे चरण में 1 नवम्बर से 43 पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का होगा आयोजन

# समस्याओं के निदान के लिए ग्रामीणों से होगा सीधा संवाद

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिले में राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपायुक्त आर. रॉनीटा के दिशा-निर्देशन में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का प्रथम चरण समाप्त हुआ। प्रथम चरण में 51 पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन हुआ। दूसरे चरण में 1 नवम्बर से 14 नवम्बर 2022 तक शेष 43 पंचायतों में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन होगा। पूर्व की भांति दूसरे चरण में भी विभिन्न तिथियों में संबंधित पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन होगा। जहां प्रखण्ड एवं अंचल सहित संबंधित विभागों के स्टॉल लगेंगे। पदाधिकारी सहित कार्यालय के सभी कर्मचारी जन समस्याओं के निराकरण हेतु ग्रामीणों से सीधा संवाद कर समस्याओं का निराकरण करेंगे। प्रथम चरण में सफलता पूर्वक विशेष शिविर का आयोजन हुआ। प्रथम चरण अन्तर्गत कार्यक्रम के अन्तिम दिन 22 अक्टुबर 2022 को ठेठईटांगर प्रखण्ड के केरिया, सिमडेगा



प्रखण्ड के कुल्लुकेरा एवं जलडेगा प्रखण्ड के लमडेगा पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ।दूसरे चरण में 1 नवम्बर से 14 नवम्बर 2022 तक 43 पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन होना है। जिसके तहत ठेठईटांगर प्रखण्ड के घुटबहार, कोनमेंजरा, राजाबासा, ठेठईटांगर, जोराम, मेरोमडेगा एवं टुकुपानी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन होगा। बांसजोर प्रखण्ड के तरगा एवं बांसजोर पंचायत, बानो प्रखण्ड के बांकी, बड़काडुईल, उकौली, सोय, कानारोंवा, पाबुड़ा, कोनसोदे एवं बानो पंचायत तथा कोलेबिरा प्रखण्ड के नवाटोली, शाहपुर, रैंसिया, कोलेबिरा एवं अघरमा पंचायत, कुरडेग प्रखण्ड के बड़काबिउरा, कुरडेग, डुमरडीह एवं खिण्डा पंचायत, केरसई प्रखण्ड के बासेन, केरसई एवं टैंसेर पश्चिमी, सिमडेगा प्रखण्ड के बीरू, जोकबहार, तामड़ा, गरजा, बराबरपानी एवं बंगरू पंचायत, पाकरटांड़ प्रखण्ड के कैशलपुर, सिकरियाटांड़ एवं पाकरटांड़ पंचायत और जलडेगा प्रखण्ड के लोम्बई, टिनगिना, कोनमेरला, जलडेगा एवं पतिअम्बा पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन होगा। प्रथम चरण में संबंधित प्रखण्ड के जिन पंचायतों के ग्रामीण आवेदन देने से चुक गए है, वैसे ग्रामीण पुनः आपके प्रखण्ड के जिन पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित होगा, वहां अपनी समस्या से संबंधित आवेदन दे सकते हैं। उसका भी निराकरण त्वरितगति से किया जाएगा। सरकार के द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, उन योजनाओं का भी लाभ लें। झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, धोती-साड़ी-लुंगी वितरण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सर्वजन पेंशन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, किसान क्रेडिट कार्ड तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें।

### रातू दक्षिणी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**रातू।** प्रखंड के दक्षिणी पंचायत में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसके उपरांत ग्रामीणों से उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए गया जिसमे पी,एम,ए, वाई मनरेगा, पेंशन, जन वितरण प्रणाली, सुकन्या समृद्धि योजना, लाडली योजना, कन्यादान योजना, किसान सम्मान योजना, पशुपालन एवं सरकार द्वारा संचालित अन्य योजना शामिल है। कार्यक्रम मे ग्रामीणों की ओर से 2600 आवेदन दिये गये जिसमे 2050 आवेदनों का निष्पादन किया गया। वही 550 आवेदन विचारधीन है। कार्यक्रम में सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# मदर टेरेसा एएनएम ट्रेनिंग स्कूल बानो में हुआ छात्राओं का फेयरवेल

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** मदर टेरेसा एएनएम ट्रेनिंग स्कूल बानो में शनिवार को सत्र 2020 - 2022 की छात्राओं का फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्थान की प्रथम वर्ष की छात्राओं के द्वारा अपने सीनियर बैच के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें फेयरवेल दिया। इस मौके पर संस्थान के छात्रों ने कई एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आना जाना जीवन का दस्तूर है वही इस संस्थान से आज तक कुल 14 स्टेट टॉपर छात्राओं के साथ इस संस्थान का गौरवमयी इतिहास रहा है जहां इस मौके पर आज 12 वीं बैच का फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया था जहां अपनी बच्चियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमारे संस्थान की बच्चियों का प्लेसमेंट का स्तर काफी उत्कृष्ट रहा है वही उम्मीद है कि इस सत्र की छात्राओं का भी प्रदर्शन काफी बेहतर रहेगा। जिसे लेकर संस्थान के निदेशक एवं प्राचार्या संगीता कुमारी ने बच्चियों के उज्जवल भविष्य की सुखद कामना की। आज के कार्यक्रम में *स्टुडेंट ऑफ द ईयर रश्मि बेक बेस्ट मोनिटर अवार्ड नेहा लुगन एवं टॉपर स्टूडेंट अर्चणा कंडुलना* को दिया गया। मौके पर संस्थान के सचिव निभा मिश्रा, कोर्डिनेटर रविकांत मिश्रा संस्थान की उप प्राचार्या प्रभा सुरीन ने भी बच्चियों को शुभकामनाएं दी। ट्यूटर अल्बिना तोपनो , नूतन किड़ो, कुमुदनी कुमारी, बिनीता तिर्की, लीलावती साहू संस्थान की वार्डन माटिल्डा तिर्की, शालो कुमारी बिल्लू अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### 15वीं माईकल किंडो मुन्ना हॉकी टूर्नामेंट का विजेता बना आरसी प्रवि. गांगुटोली की टीम

# स्थानीय स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन होना जरुरी: भूषण

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कुरडेग के खालिजोर में 15वीं माईकल किंडो मुन्ना हॉकी टूर्नामेंट का फाईनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता में आरसी प्राथमिक विद्यालय गांगुटोली ने संत अन्ना सामटोली की टीम को 5-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता और उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने विजेता टीम को बधाई दी। वहीं हारने वाली टीम को आगे के लिए शुभकामना दी। साथ ही प्रतियोगिता में रही कमियों को पहचानते हुए उस कमी को दूर करने की अपील की। विधायक ने कहा कि खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रतियोगिता



का आयोजन जरुरी है। ऐसे प्रतियोगिता से ही खिलाड़ियों की पहचान बनती है। उन्होंने कहा कि सरकार भी स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए खेल नीति के साथ साथ कई कार्यक्रम चला रही है। इससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है। सभी खेल के क्षेत्र में हमारे युवा तेजी से उभर रहे हैं। जो आने वाले दिनों के लिए अच्छा संकेत है। विधायक ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की भी जानकारी दी। साथ ही कहा कि आपकी समस्याओं को पुरा करने एवं सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हमारी सरकार चलकर आपके द्वार तक पहुंच रही है। ग्रामीण पंचायतों में लगने वाले शिविर में पहुंचे और योजनाओं का लाभ लें। बताया गया कि प्रतियोगिता में कुल 30 टीमों ने भाग लिया था। वहीं प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक भूषण बाड़ा सहित सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तुलसी प्रागत खलखो, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव,बीस सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष डेविड तिर्की, पल्ली पुरोहित सुनील तिर्की, फादर बिपिन सोरेंग,फादर रोशन, ललित कांडूलना, लिब्नुश केरकेट्टा, नोरमा एक्का, सुखदेव पासी, रिमिजियूश कुल्लू आदि उपस्थित थे।

### जेएसएलपीएस द्वारा संचालित गरिमा केंद्र का हुआ उद्घाटन

# मानव तस्करी पर लोगो को किया जायेगा जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड परिसर में गरिमा केंद्र का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य श्री बिरजू कंडुलना, प्रखंड विकास पदाधिकारी पंचायत समिति के सदस्य, जिला प्रबंधक सामाजिक विकास के श्री अभय कुमार बीपीएम,बीपीओ जेएसएलपीएस, गरिमा समिति के सभी सदस्य सहित सीएलएफ की दीदियों की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। केंद्र के बारे में प्रमुख रूप से अभय कुमार के द्वारा बताया गया कि गरिमा परियोजना महिला उत्पीड़न, हिंसा से संबंधित किसी भी शिकायत का निवारण करने हेतु 1 मील का पत्थर साबित होने वाला है इसके लिए ग्राम स्तर पर ग्राम सुरक्षा समिति भी क्रियाशील कर दिया गया है, जो महिलाओं की असुरक्षा से संबंधित कार्य करेगी। वैसे केस जो गांव स्तर पर अल्पावधि में समाधान नहीं किए जा सकेंगे। उसे गरिमा केंद्र में 24 से 48 घंटे पीड़िता को सुरक्षा के साथ-



साथ पूर्ण रूप से देखरेख एवं उनका काउंसलिंग भी किया जाएगा। तत्पश्चात उनकी समस्या के निवारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर वन स्टॉप सेंटर की भी व्यवस्था की गई है। जहां से पीड़ित महिलाओं को काउंसलिंग मार्गदर्शन एवं न्याय दिलाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि मानव तस्करी, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न एक सामाजिक कुरीति है। साथ ही सामाजिक जागरूकता फैलाते हुए इन सभी कुरीतियों से समाज को मुक्त बनाना है। जिला परिषद सदस्य बिरजू कंडूलना के ने जेएसएलपीएस के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आप लोगों के द्वारा यह प्रयास सामाजिक कुरीतियों को दूर भगाने में सक्षम और मददगार साबित होगा। बीडीओ यादव बैठा के द्वारा बताया गया कि पूरे बानो प्रखंड में यह पहला गरिमा केंद्र का लाभ 16 पंचायत के ग्रामीणों को मिलेगा साथ हि साथ उसकी संपूर्ण काउंसलिंगइस केंद्र के माध्यम से किया जाएगा। यह केंद्र चिन्हित पीड़िता हेतु एक अहम पहल होगा वर्तमान में जेएसएलपीएस के द्वारा सभी विभिन्न योजनाओं में सरकार के साथ मिल कर कार्य कर रही है इसका लाभ धरातल स्तर पर सभी लोगों को मिल रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से 4 सीएलएफ के पदाधिकारी, एसएसी मेंबर, सीसी, एफटीसी, बीआरपी-एसडी डीईओ बानो थाना के ए एस आई लाकड़ा जी उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रंगोली व कलश पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में हुआ रंगोली तथा कलश पेंटिंग प्रतियोगिता ' प्रतियोगिता के तहत कक्षा षष्ठ से दशम तक के भैया-बहनों को रंगोली और कलश पेंटिंग करने का मौका दिया गया। प्रतियोगिता में भैया-बहनों ने सुंदर-सुंदर रंगोली का निर्माण किया। कुल अंकों के आधार पर रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा दशम को प्रथम स्थान, कक्षा अष्टम को द्वितीय स्थान तथा कक्षा नवम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कलश पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा दशम को प्रथम स्थान, कक्षा नवम को द्वितीय तथा कक्षा अष्टम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू जी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा की विद्यालय में किया जाने वाला यह प्रतियोगिता



भैया-बहनों के कला को सामने लाने का एक शानदार अवसर है।उन्होंने सभी विजेता भैया-बहनों को शुभकामना दी। इस अवसर पर आचार्य मनोज प्रसाद, जितेंद्र पाठक, आशीष बड़ाईक, ओम प्रकाश आलोक नाथ साहू, मनोज कुमार, पंकज किड़ो, तथा आचार्य सीमा कुमारी, सोनिया कुमारी, शारदा मिश्रा, मीरा कच्छप, चंपा कुमारी सुषमा प्रधान, आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल



**श्री बंशीधर नगर।** पुलिस ने दो प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिन अभियुक्तों को जेल भेजा गया है, उनमें थाना कांड संख्या 112/2022 के प्राथमिकी अभियुक्त सह सीमावर्ती उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिला,थाना पन्नुगंज अंतर्गत कवरी ग्राम निवासी जितेन्द्र कुमार मौर्य को धारा 302/34भा0द0वि0 के तहत तथा थाना कांड संख्या68/2022के प्राथमिकी अभियुक्त सह जंगीपुर ग्राम निवासी धर्मेन्द्र उरॉव को धारा 302/201/34भा0द0वि0 एवम 6 डायन भूत प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### लकड़ी तस्करों के विरुद्ध लोहरदगा वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# वन विभाग ने लकड़ी लदा मालवाहक वाहन किया जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** वन विभाग टीम ने अहले सुबह सेन्हा में गुप्त सूचना पर 80 हजार का अवैध इमारती लकड़ी लदा एक मालवाहक पिकअप को जब्त किया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित बेसिक उच्च विद्यालय के मैदान से अहले सुबह लकड़ी एक मालवाहक पिकअप जे एच 01टी 2692 को वन विभाग टीम ने जप्त कर अग्रेतर कारवाई में जुट गया। बताया जाता है कि सेन्हा थाना अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र चमडु से पिकअप में लकड़ी लोड कर बाहर ले जाया जा रहा था। जिसकी गुप्त सूचना वन विभाग के अधिकारी को मिलते ही डीएफओ अरविंद कुमार के आदेशानुसार त्वरित कारवाई करते हुए रेंजर अरुण कुमार के निर्देश पर उप वन परिसर पदाधिकारी आदित्य गोप के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित कर रवाना किया गया। चमडु ग्राम जाने के







दौरान रास्ते मे पिकअप को आते देख गठित टीम रोकने का प्रयास किया परंतु मालवाहक पिकअप चालक सेन्हा की ओर गाड़ी को भागने लगा। तभी वन विभाग के अधिकारियों ने गाड़ी का पीछा करते हुए उत्क्रमित बेसिक उच्च विद्यालय मैदान सेन्हा में धर दबोचा इस दौरान वन कर्मी बड़ी हादसा का शिकार होते होते बचे। जप्त वाहन में बड़ी संख्या में अवैध इमारती सागवान लकड़ी पाया गया। जिसका अनुमानित कीमत लगभग 80 हजार बताया जा रहा है। गठित छापेमारी टीम में उप वन पदाधिकारी आदित्य गोप, पंकज कुमार सिंह, चालक प्रदीप कुमार सहित गृहवाहनी के जवान शामिल थे। बताया गया कि जब्त काष्ठ सेंहा निवासी किसी आजम खान की बताई जा रही है। वन विभाग मामले की अग्रिम अनुसंधान करते हुए दोषियों के विरुद्ध विधि सम्मत कानूनी कारवाई में जुट गई है। ज्ञातव्य हो 20 अक्टूबर की सुबह भी वन विभाग द्वारा साल चौखट के तस्करी कर रहे एक टेंपो को जब्त किया गया था। उल्लेखनीय है रेंजर अरुण कुमार गत सप्ताह ही लोहरदगा वन प्रक्षेत्र का पदभार संभालें हैं। एक सप्ताह के भीतर इस तरह ताबड़तोड़ छापेमारी से लकड़ी तस्करों में खौफ बनना तय है।

# जिप सदस्य ने रजत वेरायटी स्टोर नामक दुकान का किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने शनिवार को पाकरटांड़ बाजार टांड़ में रजत वेरायटी स्टोर नामक दुकान का उदघाटन फीता काटकर किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए ब्यापार का बढ़ना बहुत जरूरी है। जब तक क्षेत्र में ब्यापार का विकास नहीं होता है। तब तक उस क्षेत्र की विकास भी नहीं होती है। पाकरटांड़ बाजार में भी ब्यापार का विकास होना काफी जरूरी था। पाकरटांड़ के प्रखण्ड बने वर्षों गुजर गए। पर अब तक यहां एक भी बढ़िया ब्यापार नहीं फूल फल पाया। यही कारण है कि साप्ताहिक बाजार को छोड़ अन्य दिन यहां सन्नाटा पसरा रहता है। लेकिन इस दुकान के खुल जाने से यहां लोगों का सालों भर चहल पहल रहेगी। दुकान संचालक सह प्रमुख रजत लकड़ा का यह सराहनीय पहल है। इनके पहल पर अब क्षेत्र के लोगों एक ही छत के नीचे श्रृंगार के सभी समान, कपड़ा, जूता, चप्पल सहित अन्य कई सामग्री उपलब्ध हो पाएगी। लोगों को इन सभी छोटे मोटे समान की खरीदारी करने के लिए सिमडेगा जाना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ब्यापार में दुकान संचालक को मधुर सम्बंध बनाये रखना बहुत जरूरी होता है। संचालक दुकान आने वाले ग्राहकों के साथ मधुर सम्बंध बनाएं। ताकि आपके ब्यापार में और अधिक बृद्धि हो सके। जोसिमा खाखा ने पहला ग्राहक के रूप में दुकान से समान की खरीदारी करते हुए ब्यापार की तरक्की के लिए भी संचालक को शुभकामनाएं दी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिमा कुजुर, प्रमुख रजत लकड़ा की धर्मपत्नी रोस लकड़ा, बेटी अरवि लकड़ा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### सुरक्षा की दृष्टिकोण से गांधी मैदान में होगी पटाखे की बिक्री



**सिमडेगा।** दीपावली के मौके पर सुरक्षा को देखते हुए पटाखा की बिक्री के लिए दुकानदारों को गांधी मैदान में स्टॉल लगाकर बिक्री करने का निर्देश दिया गया है। एसडीओ महेंद्र कुमार और सीओ प्रताप मिंज ने पटाखा दुकान संचालक को गांधी मैदान में दुकान लगाने का निर्देश दिया। एसडीओ महेंद्र कुमार ने जिले के पटाखा दुकान पहुंच कर उन्होंने दुकान संचालक को निर्देशित करते हुए कहा कि सार्वजनिक जगहों पर खुदरा बिक्री करना पूरी तरह से वर्जित है ऐसे में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए यहां पर ना भेजकर गांधी मैदान में पटाखे की दुकान लगाई जहां पर लोग आसानी से पटाखा खरीद सकेंगे उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाली जगहों पर किसी प्रकार का बड़ा हादसा होने की संभावना होती है ऐसे में संभावित खतरे को नकारा नहीं जा सकता है इसे ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए गए। वही निर्देश के बाद जिला मुख्यालय स्थित दोनों लाइसेंसी पटाखा दुकान के संचालक गांधी मैदान में दुकान लगा रहे हैं। लोगों से आग्रह है कि पटाखा की खरीदारी के लिए गांधी मैदान में जाकर खरीदारी करें।

### नगर परिषद ने शहरी क्षेत्र में चलाया अभियान कई दुकानों से वसूला जुर्माना



**लोहरदगा।** जिले के शहरी क्षेत्रों में नगर परिषद लोहरदगा और आपदा प्रबंधन पधाधिकारी के द्वारा दुकानों की जांच की गई। साथ ही जांच में दोसी पाये जाने वाले कई दुकानों से फाइन भी वसूला गया। दीपावली को लेकर जिले में जांच अभियान चलाया गया। इस जांच में दुकानों पर पटाखा, प्लास्टिक की जांच की गई। जिले में प्लास्टिक बैन के बाद भी कई दुकानों में प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है साथ ही बिना लाइसेंस के पटाखों की भी बिक्री की जा रही है जिसे लेकर शहरी क्षेत्र में जांच ड्राइव चलाई गई। इस जांच में फाइन भी वसूला गया। वही लोगो से अपील किया गया घरों से थैला लेकर निकले प्लास्टिक का उपयोग न करें साथ ही पर्यावरण को संरक्षण करते हुए कम नुकसानदेह वाली पटाखों का उपयोग करे और सुरक्षा के साथ साथ दीपावली बनाए। इस जांच अभियान में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद् कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी पवन कुमार, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार, नगर परिषद सिटी मैनेजर विजय कुमार, एएसआई रमेश कुमार तिवारी, सुकू सुरेन, अनिल कुमार, सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नवनिर्मित शवदाह गृह का इंटक प्रदेश सचिव दिलीप तिर्की ने किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** शनिवार को इंटक प्रदेश सचिव दिलीप तिर्की नगर परिषद क्षेत्र के सलडेगा पहानटोली में जुडको लिमिटेड विभाग से गुप्ता कंस्ट्रक्शन के वीरेंद्र गुप्ता द्वारा करोड़ो की लागत से शवदाह गृह निर्माण कार्य में काम करने वाले स्थानीय मजदूरों की शिकायत पर मजदूरो से मुलाकात की' जहाँ काम करने वालो ने बताया कि काफी लंबे समय से झांसा दे-दे कर काम कराया जा रहा। जब भुगतान की बात आती है तो टाल मटोल करते हैं। हमें काम कुछ और बताया गया था। लेकिन हमसे काम कुछ और कराया जा रहा। दीवार के लिए 80 रुपये में बात हुई और काम आधा होने के बाद कंपनी कहती है। हम 60 रुपये से ज्यादा नही देते। इस तरह से हमसे ठगी किया जा रहा। दिलीप ने मजदूरों को कहा कि जिला में श्रम विभाग है जहां इस कंपनी के खिलाफ लिखित शिकायत कर केस कराना होगा। ताकि ऐसे संवेदकों और कम्पनियों को सबक मिले। ये हमेशा मजदूरों का शोषण कर के अपना पेट पालते हैं। साथ ही निरीक्षण के दौरान यह देखा गया और सभी ने बताया कि इस्तेमाल करने वाले ईंट पूरी तरह घटिया गुणवत्ता के हैं। ईंट जोड़ने वाले मसाला की गुणवत्ता बिल्कुल नही है। क्योरिंग भी ठीक नही है जिस कारण बिल्डिंग कमजोर है। जिसे दिलीप ने कहा कि उपायुक्त महोदया द्वारा विभाग को लिखित देकर काम की गुणवत्ता को पारदर्शिता के साथ जांच कराकर काम को गुणवत्तापूर्ण कराऊंगा। साथ ही जितने मजदूरों के साथ धोखा हो रहा उनको भी न्याय दिलाऊंगा।

---

### कुडू व कैरो में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

# अंतिम पायदान तक जरूरतमंद को योजनाओं से किया जायेगा आच्छादित : रामेश्वर उरांव

नवीन मेल संवाददाता

**कैरो/कुडू/ लोहरदगा।** जिले के कुडू व कैरो प्रखंड में शनिवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुडू प्रखंड के लावागाई पंचायत में और कैरो के गुड़ी पंचायत में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सह मंत्री रामेश्वर उराव एवं उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण उपस्थित हुए। कार्यक्रम में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि पूर्व की सरकारों में ज्यादातर जरूरतमंद सरकार की योजनाओं का लाभ नही ले पाते थे। योजनाओं तक अपनी पहुंच बनाने में असमर्थ लोगों को योजनाएं उनके दरवाजे तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस योजना को पुनः लेकर आई है। हम काफी हद तक इसके जरिये जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाने में सफल हो रहे हैं ये खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार के विकास कार्यो को हमें मिलकर आगे बढ़ाना है। इस लिए पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों को इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने में अपना सहयोग देना है। ताकि अंतिम पायदान तक जरूरतमंद को योजनाओं से आच्छादित किया जा सके। वही



उपायुक्त वाघमारे ने कहा कि इस योजना से सभी को काफी लाभ पहुंच रहा है। यह योजना आम आदमियों को राहत पहुंचाने का काम कर रही है। लोग तत्काल लाभान्वित हो रहे हैं। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि सरकार के द्वारा हर उम्र के व्यक्ति के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, जिसका लाभ लेने के लिए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत में लग रहे है ताकि आपको कार्यालय न जाना पड़े। बच्चों के लिए जाति प्रमाण पत्र, किशोरियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, स्वरोजगार हेतु मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, जेएसएलपीएस के माध्यम फूलो झानो आशीर्वाद योजना, किसानों के लिये केसीसी, पेंशन आदि योजनाएं हैं जिनका हमे लाभ लेना चाहिये। कार्यक्रम को जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद, उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, सदस्य समीद अंसारी के द्वारा भी संबोधित किया गया। इनके अलावा उपस्थित अतिथियों के संबोधन के साथ परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जिसमें मनरेगा के तहत प्रति ग्राम 05-05 योजना का शुभारंभ करते हुए 18 योजना का स्वीकृति पत्र वितरण एवं उद्घाटन किया गया। पीएम आवास योजना के तहत 10 लाभुकों के बीच आवास पूर्णता पत्र, 01 अम्बेडकर आवास का स्वीकृति पत्र, सर्वजन पेंशन के तहत वृद्धा पेंशन-10, विधवा पेंशन-03, विकलांग पेंशन 02 लाभुकों को स्वीकृति पत्र, साबित्रीबाई फूलो किशोरी संमद्धि योजना के तहत 11 छात्राओं को स्वीकृति पत्र, 20 लाभुकों को हरा कार्ड का वितरण, कृषि विभाग द्वारा 05 लाभुकों केसीसी, 14 लाभुकों को चना बीज, 20 लाभुकों को सरसो का बीज, साथ ही कम्बल, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद, उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, नारायण राम, प्रमुख मुनि देवी, उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष सदरुल अंसारी, जिला अध्यक्ष निशित जयसवाल, शकील अहमद, युवा प्रदेश महासचिव फहद खान, इकबाल खान, सीओ प्रवीण कुमार सिंह, बीडीओ मनोरंजन कुमार, आजाद खान, मजीद पंवरिया, हफीजुल अंसारी सहित सभी विभाग के जिला एवं प्रखंड स्तर पदाधिकारीगण और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा सावित्रीबाई बालिका समृद्धि योजना, फूलों झानो, बिरसा हरित योजना, पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृति के पांच-पांच लाभुकों के बीच सांकेतिक रूप से जरूरतमंदों के प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। वही 30 लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया।जे एस एल पी एस के तहत महिला समूह को उनत्तीस लाख बीस हजार रुपये का सांकेतिक चेक भी मुख्य अथिति व अन्य अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया।

---

## दीपावली और छठ पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में दीपावली एवं छठ पूजा 2022 के अवसर पर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पटाखों का भण्डारण एवं बिक्री पर विस्तृत चर्चा की गई। दीपावली, छठ आदि त्योहारों के समय पटाखे मात्र दो घंटे तक हीं चलाये जा सकेंगे। दीपावली एवं गुरूपर्व पर रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा छठ में प्रातः 6 बजे से प्रातः 8 बजे तक पटाखे चलाये जा सकेंगे। भीड़-भाड़ से दूर हीं आतिशबाजी किया जायेगा। पटाखो की बिक्री गांधी मैदान में की जाएगी। पटाखो की बिक्री खुले स्थान में की जानी है। काली पुजा, लक्ष्मी पुजा एवं प्रिंस चौक में नवज्योति छठ पूजा समिति द्वारा भगवान भास्कर की प्रतिमा अधिष्ठापित की जाती है। पुजा के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण की दिशा में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिया गया। चिकित्सा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, लाईट की व्यवस्था, सी.सी.टी.भी. कैमरा, साफ-सफाई, अस्थायी शौचालय का निर्माण, वाहन पार्किंग, अवागमन की सुविधा सहित त्योहारों के मद्देनजर विधि-व्यवस्था संधारण की दिशा में ससमय व्यवस्था बहाल करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने दीपवाली एवं छठ पुजा की हार्दिक शुभकामनाएं दी, साथ हीं सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर संगा, आई.टी.डी.ए. निदेशक सलन भुईंया, अपर समाहर्त्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता राजेन्द्र प्रसाद सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ए डोडराय, डी.एस.पी पतरस बरवा, जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित थें।

---

## कुरडेग पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ तेज की कार्रवाई, निर्माण सामग्री किया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** पुलिस अधिक्षक सिमडेगा ने आगामी पर्व त्योहार के मद्देनजर अबैध शराब कारोबारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाई के आदेश दिये हैं। कुरडेग थाना क्षेत्र में शांति कायम करने के लिये पुलिस सदैव तत्पर है इलाके में कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस कई मोर्चे पर काम कर रही है। इसी क्रम में पुलिस अधिक्षक के आदेश पर अबैध शराब निर्माण करने वाले कारोबारियों पर कार्यवाई तेज कर लगातार अभियान चलाकर छापेमारी कर रही है और अवैध शराब, जावा महुआ, शराब बनाने के उपकरण को नष्ट कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को कुरडेग थाना



क्षेत्र के सांवा बस्ती में अबैध शराब को नष्ट किया गया। छापेमारी टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी मुन्ना रमानी कर रहे थे। मौके पर जावा महुआ, अवैध देशी शराब,शराब बनाने के उपकरण को पुरी तरह नष्ट कर दिया गया तथा सख्त हिदायत दी गई कि दुबारा अगर अवैध शराब का निर्माण होता है तो कड़ी कार्यवाई की जाएगी। हालांकि पुलिस को गांव में आने की भनक अबैध कारोबारी को लग गई जिससे मौके से फरार हो गये। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान अवैध कच्ची देशी शराब, तैयार शराब, जावा महुआ, शराब बनाने के बर्तन को पुरी तरह से नष्ट कर दिया गया है। अवैध शराब के करोबारियों के विरुद्ध लगातार छापेमारी जारी रहेगी उन्होंने कहा कि अबैध कार्य करने वाले कारोबारी अपना कारोबार बन्द कर दें अन्यथा विधि सम्मत कड़ी कानूनी कार्यवाई की जाएगी। छापेमारी टीम में एसआई अजीत प्रकाश, जेएसआई उपेन्द्र कुमार यादव, एएसआई जितेन्द्र कुमार सिंह एवं थाना के सशस्त्र बल शामील रहे।

---

## सिमडेगा के बाजारों में उमड़ी भीड़, लोगों में दीपावली को लेकर दिखा भारी उत्साह

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** धनतेरस के मौके पर गुरुवार को बाजार में भीड़ उमड़ी। लोगों ने अपनी शक्ति अनुसार सामानों की खरीदारी की। धनतेरस को लेकर दुकानदारों ने जहां आकर्षक सामानों से दुकानें सजी थीं, वहीं पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क थी। जगह जगह पुलिस के जवान तैनात नजर आए। दुकानदार अपने ग्राहकों को सामग्री देने में लगे रहे। धनतेरस पर लोग घर की सजावट करने के साथ ही बर्तन, सोने-चांदी के गहने, वाहन और कपड़े आदि की खरीदारी की। वाहन की लोगों ने पहले से बुकिंग कर रखी थी। जिला मुख्यालय में



अलग-अलग कंपनियों की बाइक के सात शोरूम हैं, जिनमें सुबह से ही खरीदारों की खासी भीड़ नजर आई। बर्तनों, इलेक्ट्रानिक शोरूम, ज्वैलरी शाप भी सुबह से सजे-धजे हुए थे,जहां ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंचते रहे। ज्वैलरी शाप में सोने के सबसे कम दाम में नोजपिन (करीब 1000रुपये) है तो वहीं लगभग (50-60 हजार रुपये) के हार हैं। वहीं चांदी की बात करें तो सबसे कम दाम में चांदी का सिक्का 450 रुपये में उपलब्ध है, वहीं सबसे महंगी चांदी की सामग्री में पायल(15-20 हजार तक) उपलब्ध है। इलेक्ट्रॉनिक और बर्तन दुकानों में भी ग्राहकों को आकर्षक ऑफर दिए जा रहे थे। ई-वर्ल्ड के संचालक चीकू अग्रवाल ने बताया कि लाखों रुपये के टीवी से लेकर छोटे सामानों तक सभी के साथ आकर्षक उपहार दिए जा रहे हैं। वहीं बर्तनों के दुकानों पर भी लोगों को आकर्षण छूट और उपहार योजना चलाई जा रही है। कोरोना काल में मंदी से में भी धनतेरस पर अच्छी धनवर्षा हुई।

---

## प्रशिक्षक बिनोद प्रधान ने ग्रामीणों को हाथी भगाने का दिया प्रशिक्षण

**बानो।** प्रखंड के रामजोल में ग्रामीणों को हाथी भगाने की प्रशिक्षण दी गई। ज्ञात हो कि बांकी पंचायत के रामजोल, बादलूंग, भुरसाबेड़ा आदि गांव के आस पास जंगली हाथियों का झुंड पिछले एक वर्ष से है। जंगली हाथी से ग्रामीण त्रस्त है। ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग बानो की ओर उड़ीसा से हाथी भगाने के अनुभवी प्रशिक्षक बिनोद प्रधान ने ग्रामीणों को जानकारी दिया। प्रशिक्षक ने ग्रामीणों से कहा कि कभी हाथीपास न जाये। जंगली हाथी कभी भी हमला कर सकता है। गांव मे मादक पदार्थों निर्माण न करें। जंगली हाथी कभी कभी बिना कारण भोजन की तलाश में गांव की ओर आ जाते है। अब लाइट से नहीं डरते हैं इसलिए सावधानी बरतें। प्रशिछक विनोद प्रधान ने हाथी भगाने के विभिन्न पध्दतियों की जानकारी दिया। मौके बन विभाग के विवेक कुमारशर्मा, मनीष डुंग-डुंग, सुरेस टेटे, उदय प्रताप सिंह, लखिन्द्र सिंह, सन्दीप नायक व गांव के ग्रामसभा अध्यक्ष, ग्राम सुरक्षा समिति के अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित थे।

---

## त्योहार से पहले मिठाई दुकानों की ताबड़तोड़ जांच, होटलों से किये गये नमूने संग्रह

नवीन मेल संवाददाता

**कुडू-लोहरदगा।** उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं अनुमंडल पदाधिकारी अरबिंद कुमार लाल के निदेशानुसार आगामी दीपावली और छठ त्योहार पर आम लोगों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने को लेकर जिला खाध सुरक्षा की टीम द्वारा जिले में मिठाई की दुकानों में गुणवत्ता की लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार के नेतृत्व में कुडू ब्लाक मोड़, मेन रोड, बस स्टैंड आदि कई स्थानों पर मिठाई



दुकान, बेकरी, किराना स्टोर, जेनरल स्टोर की जांच की गयी। साथ ही टीम ने होटलों से नमूना लिया। जांच में पहुंची टीम में कार्यपालक दंडाधिकारी सन्नी कुमार दास एवं सहायक रजनीश कुमार शामिल थे। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि बार-बार चेतावनी देंने के बावजूद कुछ होटल संचालक स्वच्छता एवं गुणवत्ता का ध्यान नही रख रहे हैं साथ ही सरकार द्वारा प्रबंधित रंगों का प्रयोग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आज बस स्टैंड स्थित पाही होटल से नमूने संग्रहित किए गए हैं। जिसमे बूंदी लड्डू, राजभोग, वेज चिल्ली, नमूनों को जांच हेतु खाद्य विश्लेषक को भेजा जायेगा। रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

---

### लोहरदगा में दीपावली पर्व को लेकर शहर के बाजारों में दिखी रौनक

# दुल्हन की तरह सजने शुरू हो गये शहर के बाजार

राहुल कौशल

**लोहरदगा।** दीपावली पर्व को लेकर शहर के बाजार अब दुल्हन की तरह सजने शुरू हो गए है। इससे शहर में रौनक बढ़ने लगी है। शहर के अपर बाजार, महावीर चौक, शास्त्री चौक, बरवाटोली चौक, गुदरी बाजार में व्यापारियों ने ग्राहकों के स्वागत के लिए अपने अपने स्तर पर सजा रहे हैं। दीपावली पर्व को लेकर ग्राहकों को अपनी ओर खींचने के लिए व्यापारी कुछ विशेष छूट के ऑफर भी दे रहे हैं। शहर के रेडीमेड वस्त्र, ज्वैलरी शॉप, इलेक्ट्रानिक उत्पादों से दुकानों को सजा दिया गया है। वहीं मॉल को भी दीवाली फेस्टिवल के अनुरूप सजाना शुरू कर दिया है। युवा वर्ग भी दिवाली पर खरीदारी के लिए समूह में बाजार में उत्पादों के साथ कपड़ों को पंसद कर रहा है।





**सज रहे शहर के मिष्ठान भंडार :** शहर के वीर शिवाजी चौक, गुदरी बाजार, बरवाटोली, न्यू रोड, पावरगंज स्थित विविध मिष्ठान से दुकानों को सजाना शुरू कर दिया है। दीपावली पर्व को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। मावे की मिठाईयों को तैयार करने के लिए दूध से मावा तैयार करने के साथ बाहर से भी मावा मंगाया जा रहा है।

**सजावट के सामान की भरमार :** मूर्तिकारों द्वारा बनायी गयी मिट्टी व धातु की मूर्ति छोटे बड़े आकारों में उपलब्ध है। इसमें मां दुर्गा, मां काली, राधा कृष्ण, साईं जी समेत अन्य अराध्य देवी देवताओं की मूर्तियां शामिल है। इसके साथ मिट्टी, लकड़ी, बांस, कागज, शीशा एवं मेटल से बनें सजावटी सामान दुकानों में बिक्री के लिए रखे गये हैं। दीपावली में मिट्टी के बरतन व मिट्टी के खिलौने काफी बिकते हैं। इसे स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किया जाता है। इनका साथ मौसम नहीं दे पा रहा है। इसके कारण इनके चेहरे पर मायूसी देखी जा रही है।

**बाजार में तीन हजार तक के पटाखे :** बाजार में पटाखे सजने लगे हैं। मिरची पटाखा 40 से 50 रुपये पैकेट, फूलझड़ी 100 से 300 रुपये पैकेट, लाइट बम 40 से 150 रुपये पैकेट, तार बत्ती पांच से 200 रुपये पैकेट, चरखी 20 रुपये पैकेट, रॉकेट 100 से 600 रुपये पैकेट, चटाई बम 10 से तीन हजार रुपये पैकेट बिक रहा है।

**पेंट, कपड़ा, बर्तन दुकानों में रौनक :** दीवाली के पूर्व घर की साफ सफाई के साथ लोग रंग रोगन की दुकानों में खरीददारी करने आ रहे है। कपड़ा बाजार में भी नई डिजाइन व विभिन्न प्रकार के कपड़ों को सजाया गया है। यहां भी खरीदारी का दौर शुरू हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक बाजार में भी खरीदारी शुरू हो गई है।

**बच्चे खरीददारी करने दुकानों पर जुटे :** शहर के बाजारों में रौनक बढ़ती जा रही है। पर्व को लेकर खरीददारी करने वालों की भीड़ उमड़ रही है। बाजारों में महिलाएं, पुरुष, बच्चे त्यौहार को लेकर विभिन्न वस्तुओं की खरीददारी में जुटे हैं। शहर के मुख्य बाजारों में ही नहीं गलियों में भी स्टालें सजी हुई हैं। दीपावली की रौनक बढ़ाने के लिए शहर में इन दिनों बाजारों में रेडीमेड कपड़ों, इलेक्ट्रानिक लाइटें, रंगीन बल्ब, ट्यूब एवं अन्य उपकरण उपलब्ध हैं जो लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

---

## विद्या मंदिर स्कूल में प्रांतीय खेलकूद को लेकर बैठक की गयी आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में 10 दिसंबर 2022 से 12 दिसंबर 2022 तक आयोजित होने वाला है। इस खेलकूद की प्रेरक एवं प्रभावी व्यवस्था हेतु विद्या मंदिर लोहरदगा में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर एवं शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के आचार्य-आचार्या एवं समिति के पदाधिकारियों के साथ गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार के मार्गदर्शन में एक व्यवस्था बैठक हुई। इसमें खेलकूद के लिए व्यवस्था संबंधी विभिन्न विभागों का आचार्यों के बीच दायित्व वितरित किया गया। विभाग प्रमुख द्वारा आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी के सामूहिक एवं समर्पित चिंतन तथा सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस मौके पर अखिलेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि विद्या भारती के संस्थानों में शिक्षा के साथ खेलकूद का भी उचित प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे यहां के भैया- बहन अखिल भारतीय स्तर पर अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन करते हैं। खेलकूद का यह प्रांतीय आयोजन समाज के साथ तादात्म्य स्थापित करते हुए, उनके आर्थिक सहयोग एवं उनकी उपस्थिति द्वारा अपने प्रेरक संदेश को पहुंचाने के लिए होता है। विद्या भारती के शिक्षण संस्थानों में बच्चों ने खेल के क्षेत्र में इतिहास रचा है। राष्ट्रीय स्तर पर यहां के भैया- बहनों ने विद्या भारती की पहचान बनाई है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप सभी आगामी खेल कूद के आयोजन को अपनी आकर्षक व्यवस्था से निश्चित ही यादगार बनाएंगे। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध कारिणी के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद, शशि गुप्ता, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, मनोहर लाल अग्रवाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी इत्यादि उपस्थित हुए।

## एक नजर इधर भी

### भ्रष्टाचार पर राजनीति

नई आबकारी नीति बनाने व शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में अनियमितता के आरोप में जब केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए तलब किया तो आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। पिछले सालों में शीर्ष मंत्रियों, सांसदों, विधायकों एवं राजनैतिक दलों के शीर्ष नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामलों में जांच एंजेन्सियों की कार्रवाई की साहसिक परम्परा का सूत्रपात हुआ है, तभी से इस तरह की कार्रवाईयां में राजनीतिक दलों को अपना जनाधार बढ़ाने की जमीन नजर आने लगी है। इन शर्मनाक, अनैतिकता, भ्रष्टाचार एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन की घटनाओं में शामिल राजनीतिक अपराधियों को भरतसिंह से उपमित करना राजनीतिक गिरावट की चरम पराकाष्ठा है। अपने नेताओं के काले कारनामों पर परदा डालने के लिये राजनीतिक दलों के तथाकथित कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए सडकों पर उतर आते हैं जो आम जनता के लिये परेशानी का सबब बनते हैं। यह कैसा राजनीति चरित्र गढ़ा जा रहा है? यह कैसी शासन-व्यवस्थाएं बन रही है? नई आबकारी नीति बनाने और शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में अनियमितता के आरोप में जब केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए तलब किया तो आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सडकों पर उतर आए। इससे पहले जब नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ हो रही थी, तब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उसे केंद्र के इशारे पर कार्रवाई करार देते हुए दिल्ली की सड़कों पर प्रदर्शन किया था। उसके चलते कई दिन तक दिल्ली पुलिस और उन रास्तों से गुजरने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। पश्चिमी बंगाल में चिटफंड के आरोपी सांसद-मंत्रियों की सीबीआई धरपकड़ को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाय-तौबा मचाया, तृणमूल कार्यकताओं ने हिंसा एवं प्रदर्शन किये। सच जब अच्छे काम के साथ बाहर आता है तब गूंगा होता है और बुरे काम के साथ बाहर आता है तब वह चीखता है। यह चीखना-चिलाना, नारेबाजी, सड़कों पर प्रदर्शन, मार्ग अवरूद्ध करना, काले कारनामों को ढकने के लिये आरोप-प्रत्यारोप करने से सच छूप नहीं जाता। उपराज्यपाल ने आबकारी मामले में जांच के आदेश दिये, तभी से आम आदमी पार्टी के नेता इसे भाजपा की बदले की कार्रवाई बताते रहे हैं। वे दावा करते रहे हैं कि सीबीआइ के छापों में मनीष सिसोदिया के घर और उनके गांव में कुछ भी नहीं मिला। अब वह किन्हीं अपरिचित लोगों के यहां छापे मार कर उन्हें मनीष सिसोदिया के करीबी बता कर बेवजह परेशान करने की कोशिश कर रही है। प्रश्न है कि जब सिसोदिया निर्दोष है तो सच का सामना करने से भाग क्यों रहे हैं? यह कितना अजीब है कि कोई जनप्रतिनिधि अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप को इस तरह महिमामंडित करे। अगर वे सचमुच पाक-साफ हैं और सीबीआइ को उनके घर से कुछ नहीं मिला है, तो फिर डर किस बात का। उन्हें जनता के सामने खुद को साफ-सुथरा, ईमानदार साबित करने के बजाय सीबीआइ का सामना करने की कोशिश करनी चाहिए। आम आदमी पार्टी खुद दो राज्यों में सत्ता में है, उस पर भी विपक्षी दल इसी तरह के पक्षपातपूर्ण व्यवहार के आरोप लगाते हैं। लोकतंत्र में राजनीति करने का हक सबको है, मगर उसकी प्रक्रियाओं को अपने ढंग से तोड़-मरोड़ कर अपने पक्ष में करने का हक किसी को नहीं है। आजकल राष्ट्र में थोड़े-थोड़े अन्तराल के बाद ऐसे-ऐसे घोटाले, काण्ड या भ्रष्टाचार के किस्से उद्घाटित हो रहे हैं कि अन्य सारे समाचार दूसरे नम्बर पर आ जाते हैं। पुरानी कहावत तो यह है कि सच जब तक जूतियां पहनता है, झूठ पूरे नगर का चक्कर लगा आता है। इसलिए शीघ्र चर्चित प्रसंगों को कई बार इस आधार पर गलत होने का अनुमान लगा लिया जाता है। पर यहां तो सभी कुछ सच है। घोटाले झूठे नहीं होते। हां, दोषी कौन है और उसका आकार-प्रकार कितना है, यह शीघ्र मालूम नहीं होता। इसलिये सच को सामने लाने में राजनेताओं को जांच एजेसियों का साथ एवं सहयोग देना चाहिए।

■ ललित गर्ग

# औद्योगिक क्रांति का सपना व हकीकत

दुनिया के एक-तिहाई देश, जिनमें भारत भी शामिल है, अगले साल कम से कम दो तिमाहियों तक आर्थिक संकुचन का सामना करेंगे और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने साफ कह दिया है कि 2026 तक वैश्विक उत्पादन में चार लाख करोड़ डालर का नुकसान होगा। मंदी का जोखिम बढ़ेगा। अब ऐसी स्थिति में भारत या विश्व में चौथी औद्योगिक क्रांति होगी भी तो कैसे? भारत उसका नेतृत्व करेगा तो कैसे? भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा आयोजित सम्मेलन में पिछले दिनों प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ा गया। संदेश था कि भारत पूरे विश्व में चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करेगा। भारत बहुत बड़ा देश है, युवा देश है। इसकी एक सौ चालीस करोड़ जनता में से आधी कार्यशील है। इसके बलबूते और इतनी भारी जनसंख्या से पैदा होने वाली मांग तथा एक ऐसे शासन के बलबूते, जो पूरी तरह से न केवल स्थिर, बल्कि उसमें तत्काल निर्णय लेने की क्षमता भी है, पूरे विश्वास से कहा जा सकता है कि भारत विश्व की चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करेगा। यह सब जानते हैं कि आज तक भारत विश्व की ऐसी किसी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व नहीं कर सका है। मगर पिछले दिनों सुशासन और प्रतिबद्ध प्रशासन के कारण जो परिवर्तन आए हैं, वे बता रहे हैं कि भारत न केवल अपने देश, बल्कि पूरे विश्व में औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व कर सकता है। वैसे, इस समय भारत में जो आर्थिक स्थिति है या अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने जैसा आने वाले आर्थिक दिनों का चित्रण किया है, उसमें एक नई औद्योगिक क्रांति की बात करना साहस की बात है। शायद यह बात इसलिए कही गई है, क्योंकि पिछले दिनों भारत ने विकट आर्थिक परिस्थितियों में भी कई उपलब्धियां हासिल की हैं। सबसे बड़ी उपलब्धि तो यह है कि जब सारे देश एक निम्न विकास दर का सामना कर रहे हैं, महंगाई का कोई अंत नहीं है। निवेश प्रोत्साहित नहीं हो रहा। मंदी लगातार बढ़ती जा रही है और उसका मुकाबला करने वाली आर्थिक नीतियां विफल हो रही हैं, तब भी भारत ने अपनी आर्थिक विकास दर को सात फीसद के आसपास बनाये रख कर सबसे तेज आर्थिक विकास दर प्राप्त करने वाले देश के रूप में पूरे विश्व को चमत्कृत कर दिया है। इसके अलावा, भारत को भरोसा है कि उसकी कर राजस्व संग्रह नीति बहुत सफल रही है और इसके कारण 'एक देश एक कर' की उसकी क्रांतिकारी योजना यानी जीएसटी एक लाख करोड़ रुपए के प्रारंभिक लक्ष्य को पार करके पिछले सात महीनों से 1.40 लाख करोड़ से ऊपर जा रही है। खजाने के भरने की इस सफलता में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में कमी के बावजूद भारत ने जन सामान्य के लिए इसकी कीमतों को नहीं घटाया, बल्कि इससे पैदा होने वाले लाभ पर आकस्मिक लाभ कर लगाकर भी अपना खजाना

**भारत में कोविड का संकट लगभग समाप्त हो गया है। बंदी के माहौल में शून्य से शुरू करने वाला भारत एकदम उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र में गतिशील नजर आ रहा है और इसी कारण भारत ने दुनिया में सबसे तेज विकास करने वाले देशों में अपनी जगह बनाई है। मगर इन सब अच्छी-अच्छी बातों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था के छिद्र छिपाये नहीं जा सकते। पहला छिद्र तो यही है कि बेशक हमारे पास बड़ी कार्यशील युवा आबादी है, लेकिन उनके पास काम नहीं है। उन्हें काम देने वाली नीति भी कारगर साबित नहीं हो रही, जिसमें जैसे ही युवक काम के काबिल हो, उसे उचित नौकरी मिल जाए। यहां तो नौकरी की जगह राहतों और रियायतों का एक माहौल बना दिया गया है।**

भरा है। साथ ही पेट्रोल कंपनियों के नुकसान की भरपाई करने की कोशिश की है। इसलिए उसे अपने खजाने में बढ़ोतरी की स्थिति नजर आती है। वैसे भारत पहली कृषि क्रांति के सीमित लाभ प्रभावों के समाप्त हो जाने के बावजूद दूसरी कृषि क्रांति शुरू नहीं कर पाया। न तो पंजाब से और न ही पूर्वोत्तर राज्यों से। मगर अब सरकार का मानना है कि कृषि क्षेत्र को लेकर उसने जो क्रांतिकारी फैसले किये हैं, उनसे कृषि को बहुत लाभ हुआ है। कृषि का आधुनिकीकरण हो रहा है। उत्पादित फसलों को वृहद विनिर्माण योजना से जोड़ने और सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करने से कृषि भी अब अपने पैरों पर खड़ी होने लगी है। भारत में कोविड का संकट लगभग समाप्त हो गया है। बंदी के माहौल में शून्य से शुरू करने वाला भारत एकदम उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र में गतिशील नजर आ रहा है और इसी कारण भारत ने दुनिया में सबसे तेज विकास करने वाले देशों में अपनी जगह बनाई है। मगर इन सब अच्छी-अच्छी बातों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था के छिद्र छिपाये नहीं जा सकते। पहला छिद्र तो यही है कि बेशक हमारे पास बड़ी कार्यशील युवा आबादी है, लेकिन उनके पास काम नहीं है। उन्हें काम देने वाली नीति भी कारगर साबित नहीं हो रही, जिसमें जैसे ही युवक काम के काबिल हो, उसे उचित नौकरी मिल जाए। यहां तो नौकरी की जगह राहतों और रियायतों का एक माहौल बना दिया गया है। इस बात पर गर्व किया जा रहा है कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जो अस्सी करोड़ जनता को रियायती अन्न प्रदान कर रहा है। सितंबर में यह योजना समाप्त होनी थी, लेकिन इसे दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है। दूसरी ओर सर्वेक्षण बताते हैं कि काम करने वाली जनता या तो काम मांगने से ऊब गई है और उसे रियायतों के लिए हाथ फैलाने की आदत हो गई है या वह इस माहौल से निराश होकर देश से पलायन करने के लिए कमर कस रही है। जिन देशों की ओर पलायन बढ़ रहा है- अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड और अन्य यूरोपीय देश हैं। वहां जो स्थिति है, उसमें वे भी अब ऐसे भारतीय निष्क्रमण को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। हर देश में भारतीयों के आगमन पर प्रतिबंध लगाये जा रहे हैं। अब वहां जाकर काम पाना और बसना तो दूर, शिक्षा प्राप्त करने के बहाने प्रवेश भी मुश्किल हो रहा है। इधर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चेतावनी दी है कि अगला साल भारत ही नहीं, दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं के लिए संकट भरा है। अमेरिका में मंदी के स्पष्ट संकेत हैं। फेडरल ब्याज दरें बढ़ाने के बावजूद वहां स्थिति संभलती नजर नहीं आ रही। हां, दूसरे देशों में लगा निवेश अवश्य भगोड़ा होकर वापस उनके देश में चला आया है। दुनिया के एक-तिहाई देश, जिनमें भारत भी शामिल है, अगले साल कम से कम दो तिमाहियों तक आर्थिक संकुचन का सामना करेंगे और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने साफ कह दिया कि 2026 तक वैश्विक उत्पादन में चार लाख करोड़ डालर का नुकसान होगा। मंदी का जोखिम बढ़ेगा। अब ऐसी स्थिति में भारत या विश्व में चौथी औद्योगिक क्रांति होगी भी तो कैसे? भारत उसका नेतृत्व करेगा तो कैसे? भारत में विकास दर की विसंगति बता रही है कि उसके मुख्य क्षेत्र- सेवा क्षेत्र- से उत्पादन प्राप्ति और राजस्व प्राप्ति पहले से कम हो रही है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद जो तंगी पैदा हुई है, उसका सामना करने में भारत अभी तक विफल है। भले रूस के साथ व्यापारिक समझौते के कारण उसे रियायती कीमत पर कच्चा तेल मिल रहा है, मगर ओपेक का अनुसरण करते हुए रूस भी अगर अपने कच्चे तेल के उत्पादन को घटा देता है, तो भारत के लिए मुक्ति का रास्ता कहां रह जायेगा और ऐसे मुक्ति के रास्ते बंद हो जाने के बाद औद्योगिक क्रांति होगी भी तो कैसे? मांग बढ़ेगी तो कैसे? आज का शासन बेशक निर्णय लेने में सक्षम है, अपने निर्णयों पर टिका भी रह सकता है, लेकिन इस समय स्थिति यही है कि उसे इस आर्थिक विमूढ़ता के चक्रव्यूह से लौटना होगा अपने देश की ओर, उसके ग्रामीण उद्योगों के विकास की ओर। देश के ग्रामीण उद्योगों को विनिर्माण के साथ जोड़ कर सहकारी आंदोलन की सहायता से गांवों में एक नई कार्यशीलता का स्पंदन पैदा करने की ओर। अगर ऐसा स्पंदन पैदा हो जाता है तो 2026 तक वैश्विक उत्पादन में चार लाख करोड़ डालर का जो नुकसान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने घोषित किया है और भारत की विकास दर को रिजर्व बैंक ने सात फीसद से घटाकर 6.5 फीसद कर दिया है, उससे किसी हद तक हम बच निकलेंगे। अभी हमारे सामने रास्ता आत्मनिर्भरता, क्रमिक विकास से परिवर्तन और परिवर्तन से ठोस बदलाव का ही है। औद्योगिक क्रांति का नारा और भारत द्वारा विश्व का नेतृत्व करने की घोषणा संतोषजनक हो सकती है, लेकिन वह अन्य घोषणाओं की तरह वायवीय न हो जाए, इसलिए भारत अपने धरतीपुत्रों को बल दे, तभी बात बनेगी।

■ सुरेश सेठ

## जारी रहेगी विरासत पर दावे की जंग

शिव सेना की विरासत की जंग को भले फौरी तौर पर सुलझाया गया है, लेकिन असली राजनीतिक लड़ाई अभी शेष है। निर्वाचन आयोग ने उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे, दोनों गुटों को अलग-अलग नाम और चुनाव चिह्न आवंटित कर दिये हैं। दोनों ने अपनी-अपनी पार्टी के नाम में शिव सेना को भी शामिल किया है और बाला साहेब भी। जैसे, उद्धव ठाकरे के गुट का नाम शिव सेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे है, तो एकनाथ शिंदे की पार्टी का बालासाहेबंची शिव सेना। हालांकि, शिव सेना का मूल चुनाव चिह्न (धनुष-बाण) किसी गुट को नहीं मिला है। उद्धव ठाकरे के पास 'जलती मशाल' है, तो एकनाथ शिंदे के पास 'दो तलवार और एक ढाल'। उल्लेखनीय यह है कि दोनों गुटों को मिले चिह्न भी खास हैं। दरअसल, इतिहास बताता है कि दोनों चिह्न शिव सेना की राजनीतिक यात्रा में शामिल रहे हैं। 1968 के बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव (बीएमसी) में पार्टी के कुछ उम्मीदवारों ने ढाल और दो तलवार के चिह्न पर चुनाव लड़ा था, तो 1990 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में, जब शिव सेना का एकमात्र विधायक चुना गया था, उसे वह जीत मशाल के चुनाव चिह्न पर मिली थी। देखा जाए, तो यह बड़ी लड़ाई थी भी नहीं। विरासत का असली फैसला राजनीतिक रूप से ही निकलेगा। लिहाजा, आने वाले दो-तीन वर्षों में, जब स्थानीय राजनीति परवान चढ़ेगी, तब यह पता चल सकेगा कि बाला साहेब ठाकरे की राजनीतिक विरासत आखिर किस गुट को मिली है। बहुत संभव है कि दोनों में से कोई एक पार्टी बचे। यानी, एक गुट मजबूती से आगे बढ़ेगा, तो दूसरा कमजोर होकर निढाल पड़ जायेगा। इन सबमें यह भी देखना होगा कि आखिर में राज ठाकरे किस गुट के साथ खड़े होते हैं और किस तरह से वह आने वाली राजनीति को प्रभावित कर पाते हैं? उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे, दोनों इस सच से वाकिफ हैं। संभवतः इसीलिए, दोनों नेताओं ने दशहरा के दिन अलग-अलग रैलियां कीं और एक-दूसरे पर शब्दों से तीखे प्रहार किये। उद्धव के पास विशेषकर मुंबई के संगठन के लोग हैं, तो शिंदे की ताकत महाराष्ट्र के अन्य जिलों के कार्यकर्ता हैं। निर्वाचन आयोग ने अब अपना फैसला दे दिया है, लेकिन शिव सेना की असली विरासत का फैसला तो अगले वर्ष होने वाले बीएमसी चुनावों से ही होगा। बीएमसी पर पिछले करीब दो दशकों से शिव सेना का राज है। देश की इस सबसे अधिक साधन-संपन्न महानगरपालिका के आस-पास ही उसकी राजनीति घूमती रही है। मगर पिछले चुनाव में भाजपा व शिव सेना ने अलग-अलग चुनाव लड़े और दोनों के बीच सीटों का अंतर महज दो रहा। उस चुनाव में शिव सेना को जहां 84 सीटें मिली थीं, तो भाजपा ने 82 सीटों पर कब्जा किया था। यह संकेत है कि मुंबई में शिव सेना के पास जो ताकत होती थी, उसमें सेंध लग चुकी है। ऐसे में, अगर शिंदे गुट और भाजपा ने मिलकर इस बार बीएमसी में बाजी मार ली, तो उद्धव ठाकरे की सियासी राह काफी मुश्किल हो सकती है। फिलहाल बीएमसी चुनावों की तीन तस्वीरें दिख रही हैं। पहली, बालासाहेबंची शिव सेना और भाजपा बहुत मामूली अंतर से चुनाव जीत जाएं। इससे शिव सेना की विरासत की जंग कुछ दिन और चल सकती है। दूसरा परिदृश्य, उद्धव ठाकरे को करारी मात मिल जाए, जिसके बाद उनकी आगामी राजनीति को काफी चोट पहुंचेगी। और, तीसरी तस्वीर यह कि उद्धव ठाकरे की पार्टी चुनाव जीत जाए। इससे उनका राजनीतिक कद तो बढ़ जायेगा, लेकिन विरासत की उनकी लड़ाई फिर भी खत्म नहीं होगी, क्योंकि राज्य की सत्ता बालासाहेबंची शिव सेना और भाजपा के पास है। ऐसे में, अगले दो साल तक (जब तक विधानसभा चुनाव नहीं होते) एकनाथ शिंदे का पलड़ा ही भारी जान पड़ता है, क्योंकि उद्धव ठाकरे पर लगाम लगाने की वह कोशिशें करते रहेंगे। उनकी राजनीतिक शैली भी काफी हद तक बाला साहेब से मिलती है।

**1968 के बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव (बीएमसी) में पार्टी के कुछ उम्मीदवारों ने ढाल और दो तलवार के चिह्न पर चुनाव लड़ा था, तो 1990 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में, जब शिव सेना का एकमात्र विधायक चुना गया था, उसे वह जीत मशाल के चुनाव चिह्न पर मिली थी। देखा जाए, तो यह बड़ी लड़ाई थी भी नहीं। विरासत का असली फैसला राजनीतिक रूप से ही निकलेगा। लिहाजा, आने वाले दो-तीन वर्षों में, जब स्थानीय राजनीति परवान चढ़ेगी।**

■ राहुल वर्मा

## है न विचित्र बात !

### राजस्थान में कांग्रेस

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया आज भी खुद के मुख्यमंत्री होने का भ्रम पाले हुए हैं। उनका व्यवहार पूर्व मुख्यमंत्री का न होकर आज भी मुख्यमंत्री की तरह का ही रहता है। वसुंधरा राजे मानती हैं कि राजस्थान में भाजपा की सबसे बड़ी नेता वही हैं। राजस्थान में अगले विधानसभा चुनाव होने में करीबन एक साल का समय बाकी रह गया है। चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं ने अब चुनावी मैदान में आकर लोगों से जन संपर्क करना शुरू कर दिया है। मगर राजस्थान में सत्तारुढ़ दल कांग्रेस व मुख्य विपक्षी दल भाजपा में बड़े नेताओं की लड़ाई खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जिससे दोनों ही बड़े दलों का चुनावी अभियान भी प्रभावित हो रहा है। राजस्थान कांग्रेस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जहां अपनी कुर्सी बचाने के लिए अपने पूरे दाव पेंच आजमा रहे हैं। वहीं उनके विरोधी पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट कांग्रेस आलाकमान के भरोसे मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। भाजपा की स्थिति तो कांग्रेस से भी अधिक खराब है। जहां कांग्रेस में गहलोत व पायलट के दो ही खेमे हैं। वहीं भाजपा में तो हर बड़े नेता का अपना खेमा है। आपसी गुटबाजी को मिटाने के लिए भाजपा के बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महासचिव बीएल संतोष लगातार राजस्थान का दौरा कर पार्टी के सभी नेताओं को एकजुट करने का प्रयास करते हैं। मगर जैसे ही दिल्ली से आए बड़े नेता राजस्थान से बाहर निकलते हैं। उसके तुरंत बाद ही प्रदेश भाजपा के नेता फिर से एक दूसरे की टांग खिंचाई में लग जाते हैं। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया आज भी खुद के मुख्यमंत्री होने का भ्रम पाले हुए हैं। उनका व्यवहार पूर्व मुख्यमंत्री का न होकर आज भी मुख्यमंत्री की तरह का ही रहता है। वसुंधरा राजे मानती हैं कि राजस्थान में भाजपा की सबसे बड़ी नेता वही हैं। उनके बिना कभी भी प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं बन सकती है। एक समय था जब राजस्थान में वसुंधरा का मतलब ही भाजपा होता था। मगर अब समय पूरी तरह से बदल चुका है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भाजपा में क्षेत्रीय नेता कमजोर पड़े हैं। वहीं केंद्रीय नेतृत्व मजबूत हुआ है। आज भाजपा में सारे फैसले मोदी, शाह, नड्डा करते हैं। दिल्ली आलाकमान का फरमान ही भाजपा में कानून माना जाता है जिसे सभी मानने को बाध्य होते हैं। राजस्थान को लेकर भी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की सोच कुछ ऐसी ही मानी जाती है। मोदी, शाह की जोड़ी ने 2018 के विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे को पूरा फ्री हैंड दिया था तथा उनको ही नेता प्रोजेक्ट कर राजस्थान विधानसभा का चुनाव लड़ा गया था। मगर उस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धुआंधार प्रचार के बावजूद भाजपा चुनाव हार गई थी। उस समय वसुंधरा राजे का सबसे अधिक विरोध उनके ही राजपूत समाज द्वारा किया गया था। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभाओं में वसुंधरा राजे की उपस्थिति के दौरान ही जनता द्वारा वसुंधरा के खिलाफ नारेबाजी की जाती थी कि मोदी तुझसे बैर नहीं वसुंधरा तेरी खैर नहीं।

■ रमेश सर्राफ धमोरा

# क्या दुनिया में आर्थिक दिक्कते और बढ़ेंगी

बेकाबू महंगाई व आर्थिक मंदी की बढ़ती आशंकाओं के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था का संकट गहराता जा रहा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व और यूरोपीय केंद्रीय बैंक के साथ दुनिया की लगभग सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय (रिजर्व) बैंकों की कोशिशों खासकर ब्याज दरों में लगातार और आक्रामक बढ़ोतरी के बावजूद अधिकांश देशों में महंगाई रेकॉर्ड स्तर पर बनी हुई है। कई अमीर देशों में महंगाई पिछले 40 सालों के रेकॉर्ड तोड़ चुकी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक मुद्रास्फीति की दर इस साल औसतन 8.8 फीसदी बनी रहेगी, जो कोई दो साल बाद 2024 में घटकर 4.1 फीसदी तक आ सकती है। इधर, रूस के आक्रामक रवैये, तीखे पलटवार और परमाणु युद्ध की धमकी से रूस-यूक्रेन युद्ध के और गंभीर होने और फैलने की आशंका बढ़ गई है। यह पहले से डगमगाती वैश्विक अर्थव्यवस्था और महंगाई रोकने की कोशिशों के लिए एक बड़े धक्के की तरह है। इससे न सिर्फ वैश्विक वित्तीय-आर्थिक अनिश्चितता और बढ़ेगी बल्कि महंगाई भी बेकाबू बनी रह सकती है। बीते सप्ताह कच्चे तेल के निर्यातक देशों के संगठन-ओपेक और रूस यानी ओपेक प्लस ने कच्चे तेल की कीमतों में आ रही गिरावट को रोकने के नाम पर उत्पादन में प्रतिदिन 20 लाख बैरल की कटौती का फैसला किया है। दूसरी ओर, दुनिया के कई देशों खासकर यूरोप, अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका और भारत में क्लाइमेट चेंज के असर से बाढ़ और सूखे के कारण और यूक्रेन में युद्ध के कारण अनाजों के उत्पादन पर बुरा असर पड़ा है। चीन में कोविड महामारी को लेकर कड़े नियमों से उत्पादन और सप्लाई चेन के प्रभावित होने और रीयल एस्टेट सेक्टर में मौजूदा संकट के बेकाबू होने की आशंका बनी हुई है। यही नहीं, रूस-यूक्रेन युद्ध तेज होने से यूएन की अगुवाई में काला सागर (ब्लैक सी) से यूक्रेन के अनाज के निर्यात को लेकर हुआ समझौता खटाई में पड़ सकता है, जिससे अनाजों खासकर गेहूं की कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। युद्ध तेज होने, रूस पर प्रतिबंधों के और कड़े होने और आपूर्ति लाइन प्रभावित होने से उर्वरक और खाने के तेल की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। इन सब कारणों से महंगाई की ऊंची दरों में जल्दी कमी आने की उम्मीद कम ही दिख रही है। उलटे दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों की ब्याज दरों में बढ़ोतरी करके महंगाई को काबू में करने की आक्रामक कोशिशों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर आर्थिक मंदी के काले बादल जरूर मंडराने लगे हैं। आईएमएफ ने अपनी ताजा रिपोर्ट में वैश्विक और भारत समेत दुनिया की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर में संशोधन करते हुए वर्ष 2022 और अगले साल 2023 में जीडीपी में गिरावट की चेतावनी दी है। आईएमएफ का कहना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का बदतर दौर अभी आने वाला है। अगले साल दुनिया की एक तिहाई अर्थव्यवस्थाएं आर्थिक मंदी की चपेट में होंगी। इस स्थिति में एक ओर रोजमर्रा के उपभोग की वस्तुओं, ईंधन-ऊर्जा और सेवाओं की ऊंची कीमतों के कारण आम लोगों का जीना दूभर होगा। वहीं दूसरी ओर, बढ़ती ब्याज दरों और मंदी जैसे हालात के कारण नौकरियों से छंटनी, वेतन कटौती और बेरोजगारी बढ़ेगी। इससे वर्किंग क्लास में असंतोष बढ़ेगा और वेतन बढ़ाने की मांग होगी। यूरोप में अभी ही ब्रिटेन, फ्रांस से लेकर स्पेन और बेल्जियम तक हड़तालों की लहर इसका सबूत है। ऐसे में, सरकारों पर दबाव होगा कि वे ढीली राजकोषीय नीति का पालन करें और लोगों को महंगाई से राहत देने और अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए उदारता से सरकारी खजाने का मुंह खोलें। इसके लिए सरकारों को या तो राजस्व बढ़ाना यानी टैक्स में इजाफा करना होगा या फिर खुले बाजार से कर्ज लेना होगा। पहला विकल्प यानी टैक्स बढ़ाने का रास्ता कम ही सरकारें चुनेंगी, लेकिन उनके पास अमीरों पर टैक्स बढ़ाने और सुपर प्रॉफिट कमा रही कंपनियों पर विंडफॉल टैक्स लगाने का विकल्प है, लेकिन नव-उदारवादी आर्थिकी की पैरोकार सरकारें इससे बचने की कोशिश करेंगी। ज्यादा संभावना इस बात की है कि वे बाजार से कर्ज उगाहेंगी और खर्च करेंगी। लेकिन इससे न सिर्फ ब्याज दरों पर और अधिक दबाव बढ़ेगा बल्कि केंद्रीय बैंकों की महंगाई दर को काबू करने की कोशिशें भी बहुत कामयाब नहीं होंगी। इससे आने वाले दिनों में सरकारों और केंद्रीय बैंकों के बीच टकराव बढ़ सकता है। जानी-मानी पत्रिका 'इकनॉमिस्ट' ने अपने ताजा अंक में बताया है कि विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक नये वित्तीय-आर्थिक दौर में प्रवेश कर रही हैं, जिसमें पिछले दशक की सख्त राजकोषीय नीति और उदार मौद्रिक नीति की जगह ढ़ीली राजकोषीय नीति और सख्त मौद्रिक नीति का दौर आने वाला है। इसके तहत अपेक्षाकृत थोड़ी ऊंची महंगाई दर (2 फीसदी के बजाय 4 फीसदी) स्वीकार्य होगी, लेकिन सरकारें राजकोषीय खर्च में उदारता से बढ़ोतरी करके अर्थव्यवस्था की ड्राइविंग सीट पर होंगीं और पिछले दशक में जीडीपी की सुस्त वृद्धि दर की तुलना में उसे तेज करने पर जोर देंगीं। उदाहरण के लिए, अमेरिका में बाइडन प्रशासन ने सड़कों-पुलों-रेल-पोर्ट आदि इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने के लिए तीन खरब डॉलर की महत्वाकांक्षी योजना का एलान किया है। यह सीमित ही सही, लेकिन नव-उदारवादी अर्थनीति का नकार और नव-कींसवाद की वापसी भी है। इससे एक बार फिर अर्थव्यवस्था में सरकारों और राजकोषीय खर्चों की बढ़ती भूमिका का संकेत मिलता है। भारत भी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर मंडराते काले बादलों की छाया से अछूता नहीं है। यह ठीक है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वृद्धि दर में गिरावट के बावजूद दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं में होगी। इसका अर्थ यह नहीं है कि अर्थव्यवस्था में सब चंगा व गुलाबी है।

**अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक मुद्रास्फीति की दर इस साल औसतन 8.8 फीसदी बनी रहेगी, जो कोई दो साल बाद 2024 में घटकर 4.1 फीसदी तक आ सकती है। इधर, रूस के आक्रामक रवैये, तीखे पलटवार और परमाणु युद्ध की धमकी से रूस-यूक्रेन युद्ध के और गंभीर होने और फैलने की आशंका बढ़ गई है। यह पहले से डगमगाती वैश्विक अर्थव्यवस्था और महंगाई रोकने की कोशिशों के लिए एक बड़े धक्के की तरह है। इससे न सिर्फ वैश्विक वित्तीय-आर्थिक अनिश्चितता और बढ़ेगी बल्कि महंगाई भी बेकाबू बनी रह सकती है।**

■ आनंद प्रधान

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## चार जुआरी छह मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार



**कोडरमा।** बीती रात कोडरमा थाना अंतर्गत पूर्णानगर में कोडरमा थाना क्यूआरटी टीम के द्वारा 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। जुआ खेलते चंदन कुमार पिता नारायण धोबी, अर्जुन महतो पिता स्वर्गीय बुधन महतो, दिलीप महतो पिता कार्तिक महतो और राजू पंडित पिता जगदीश पंडित सभी पूर्णानगर निवासी को गिरफ्तार किया। वहीं मौके से छह मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया। हलांकि जुआरियों के पास से नगद बरामदगी की बात सामने नहीं आई। बहरहाल पकड़े गए जुआरियों के विरुद्ध कोडरमा थाना में कांड संख्या 254/22 मामला दर्ज करते हुये जेल भेज दिया गया है।

## पीपराडीह में ऑटो के पलटने से महिला की मौत

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरियावां रोड पिपराडीह में शनिवार की सुबह नौ बजे एक ऑटो के पलटने से उस पर सवार एक महिला यात्री की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिला की पहचान बेकोबार निवासी जमीला खातून (55) के रूप में हुई है। वह ऑटो संख्या (जेएच 15 टी 4562) सवार होकर तिलैया जा रही थी। इसी दौरान पिपराडीह के समीप एक साइकिल सवार को बचाने के क्रम में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## मोटरसाइकिल की चोरी, दिया आवेदन

**चंदवारा।** तिलैया डैम ओपी अन्तर्गत चमगुदोखुर्द निवासी शंकर कुमार ने तिलैया थाना में आवेदन अपने बाइक जेएच12जी 6303 ग्लैमर बाइक चोरी होने की सूचना दी है। उन्होंने बताया कि वे फ्लिपकार्ट में डिलीवरी बाय का कार्य करता है। प्रत्येक दिन की सुबह 8.30 बजे अपने कार्यालय के बाहर उक्त बाइक को खड़ा किया। उसके बाद वे कंपनी के गाडी से डिलीवरी के लिए निकल गये। शाम को 8 बजे लौटने पर उनकी बाइक वहां से गायब मिली। उन्होंने थाना प्रभारी से बाइक की खोजबीन की गुहार लगायी है।

## आपकी योजना आपकी सरकार शिविर में शामिल हुई पिंकी जैन

**झुमरीतिलैया।** वार्ड नंबर 10 के माहुरी धर्मशाला में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के प्रथम चरण का अंतिम कैंप लगाया गया। वार्ड नंबर 10 की निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने कैंप में शामिल होकर जरूरतमंदों का राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन का फॉर्म भरवाया। वार्ड के गली मोहल्लों में घर-घर जाकर लोगों को सूचित कर कैंप में आने की अपील की। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद जिन लोगों का राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन नहीं बना है कैंप में फॉर्म भर कर दे दे। कैंप में कोडरमा प्रखंड से बिनोद कुमार, नगर परिषद के कर्मी बद्री यादव, बलराम कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर राजेश कुमार, मिना देवी, स्वास्थ्य विभाग से नेहा कुमारी, रानी कुमारी व प्रिंस पांडेय, हरभजन सिंह उपस्थित थे।

## अनंतडीह मेन रोड पर अमर इंटरप्राइजेज का किया उद्घाटन

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम अनंतडीह मेन रोड के समिप अमर इंटरप्राइजेज सीमेंट का दुकान उद्घाटन किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रामधन यादव, जिला उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जिप सदस्य महेंद्र यादव, जिप सदस्य लक्ष्मण यादव, सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक के संयुक्त नेतृत्व में फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर दुकान का उद्घाटन किया गया। संचालक केदार यादव ने सभी अतिथियों को बुके एवं माला पहनाकर स्वागत किया। जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव एवं सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि इस तरह का ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार खुलने से ग्रामीण इलाकों में सीमेंट खरीदने में सहूलियत होगी।

## छठ घाट की सफाई व व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व विधायक



**बरही।** शनिवार को पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व उनके समर्थक छठ पूजा समिति के सदस्यों के साथ छठ घाट की व्यवस्था व सफाई का निरीक्षण करने बरही के प्राचीनतम छठ घाट बरहीडीह पहुंचे। इस क्रम अर्घ्यदान स्थल, मार्ग सहित विभिन्न विन्दुओ पर जायजा लेते हुए सफाई अभियान में लगे लोगो को कई आवश्यक निर्देश भी दिया। महापर्व छठ के दौरान छठ व्रतियों अथवा श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो, इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही। विदित हो कि इस घाट की सफाई पूर्व विधायक के सौजन्य से की जा रही है। यह घाट बरही का सबसे प्राचीनतम घाट है जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु महाछठ के अवसर पर भगवान भास्कर को अर्घ्यदान करने पहुंचते हैं। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष सह पूजा समिति अध्यक्ष राजसिंह चौहान, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, मुखिया शमशेर आलम, पंसस जीतू ठाकुर, राजकुमार केशरी, भूपेंद्र यादव, आदि सहित कई लोग उपस्थित थे।

# छुट्टी के पूर्व विभिन्न विद्यालयों में आयोजित हुई रंगोली सह दीपोत्सव कार्यक्रम











**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** दीपावली की छुट्टी के पूर्व प्रखंड के विभिन्न विद्यालयो में रंगोली सह दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यार्थियो को दीपावली के महत्व बताते गए।

### प्रस्तुत है कुछ विद्यालयों के अंश

**प्लस 2 आइलेक्स पब्लिक स्कूल:** पंचमाधव स्थित प्लस टू आईलेक्स पब्लिक स्कूल में रंगोली, दीप सज्जा, मूर्ति व घरौंदा निर्माण आदि विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने आकर्षक नमूना प्रस्तुत किए। निदेशक सह प्राचार्य शैलेश कुमार ने बच्चो को दीपावली की महत्ता बताते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का रावण पर विजय प्राप्त कर अयोधया लौटने की कथा, बुराई के ऊपर अच्छाई की जीत एवं अधर्म की हार से संबंधित पौराणिक कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक कर्मचारी एवं बच्चे मौजूद थे।

**रेनबो स्कूल :** इस अवसर पर गडलाही स्थित रेनबो विद्यालय में भी रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने विभिन्न आकृतियों को आकर्षक तरीकों से सजाकर मनमोहक रंगोलियां सजाई। उपास्थित विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए निदेशक सिकंदर कुशवाहा ने रंगोली का महत्त्व बताया। उन्होंने बताया कि रंगोली एक कला है जिसका जन्म भारत में हुआ है। रंगोली मूलतः चावल के आटे से बनायीं जाती है। इसे विभिन्न रंगो में रंगकर सुन्दर चित्र बनाने में उपयोग में लेते है। इसके अलावा फूलो, पत्तियों, रंगी हुई रेत आदि भी रंगोली बनाने में उपयोग किये जाते है। इसे बनाने का मुख्य उद्देश्य घर-आंगन को रचनात्मक रूप से सजाना, पूजा में चौक बनाना होता है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद रहे।

**डॉ बी आर अम्बेदकर पब्लिक स्कूल :** मलकोको स्थित डॉ भीमराव अंबेदकर पब्लिक स्कूल में भी रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं के द्वारा आकर्षक रंगोलियां सजाई गई। विद्यालय के प्राचार्य गुलाब कुमार दास के द्वारा रंगोली की उपयोगिता बताते हुए कहा कि यह सनातन धर्म का शुभ संकेत है। जहां किसी भी विशेष अनुष्ठान पर रंगोलियां सजाई जाती है।

**सनराइज अकादमी करियातपुर :** जीटी रोड स्थित सनराइज अकादमी करियातपुर में भी छात्राओं के द्वारा आकर्षक रंगोलियां सजाई गई। मौके पर निदेशक सुरेश प्रसाद ने बच्चों को दीपावली के उद्देश्य बताते हुए चाईनीज वस्तुओं का बहिष्कार करने एवं बड़े की निगरानी में सावधानीपूर्वक पटाखे चलाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत मे दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सबो को बधाई भी दी। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

### दीपावली व छठ पर्व के मद्देनजर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

# अवैध पटाखों के भंडारण व अवैध रूप से पटाखों की बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आगामी दीपावली एवं छठ पर्व के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने त्योहारों के शांतिपूर्ण व सफल आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी अधिकारियों से ली। उपायुक्त ने दीपावली पर्व के मद्देनजर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों को सजग रहकर अपने अपने क्षेत्रों में किसी भी तरह से अवैध पटाखों के भंडारण एवं अवैध रूप से पटाखों की बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल रामगढ़ को पर्व के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। त्योहारों के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों, मिठाइयों आदि से आम जनों को बचाने के मद्देनजर उपायुक्त ने जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के साथ-साथ सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच करने एवं कहीं भी मिलावटी खोवा सहित अन्य खाद्य पदार्थ मिलने, नियमानुसार प्रतिष्ठानों का संचालन नहीं करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने सभी अधिकारियों को खाद्य सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए कोई भी मामला सामने आने पर किए जाने वाले कार्यो के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अवैध शराब के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में त्योहारों के मद्देनजर और भी सघन रूप से जांच अभियान चलाने एवं कोई भी मामला सामने आने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आगामी छठ पर्व के मद्देनजर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा छावनी परिषद, नगर परिषद आदि के द्वारा घाटों की सफाई हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में छठ पूजा समितियों के साथ बैठक करने एवं उन्हें सुरक्षा दृष्टिकोण एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर आयोजित करने हेतु महत्वपूर्ण जानकारियां देने का निर्देश दिया। सुरक्षा दृष्टिकोण से उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में आयोजित होने वाले छठ पर्व के दौरान घाटों पर बैलून आदि के माध्यम से जल स्त्रोतों में बैरिकेडिंग करने, भीड़ भाड़ नियंत्रित करने के संबंध में किए जाने वाले कार्यो की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी छठ पूजा समितियों को घाटों पर पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम लगाते हुए समय-समय पर श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारियां देने हेतु जानकारी देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पदाधिकारी के साथ आगामी त्योहारों के मद्देनजर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु ट्रैफिक प्लान बनाने को लेकर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। वैसे घाट जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु छठ पर्व हेतु आते हैं उन पर एंट्री/ एग्जिट प्वाइंट चिन्हित करने के संबंध में भी चर्चा के दौरान बैठक में आवश्यक निर्देश दिए गए। पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखने एवं कहीं से भी कोई अफवाह सामने आने पर उस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कोई भी व्यक्ति जो किसी प्रकार से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का कार्य करें उनके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित सीसीएल, टाटा सहित विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उपायुक्त ने पर्व के दौरान उनके उनके क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक सहयोग करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला मत्स्य कार्यालय के अधिकारियों से जिले में उपलब्ध गोताखोरों की जानकारी ली एवं आवश्यकता अनुसार घाटों पर उनकी प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने घाटों पर किसी प्रकार की मेडिकल इमरजेंसी के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस उपलब्ध रखने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों, विभिन्न एजेंसियों के महाप्रबंधकों/ प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।




## बसरिया उर्फ पंचमाधव पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** बसरिया उर्फ पंचमाधव पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक श उमाशंकर यादव अकेला के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील किया। एसडीओ पूनम कुजूर ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण करते हुए पदाधिकारीयों से उपलब्ध करवाए जा रहे योजनाओं की जानकारी लिया। कार्यक्रम में विधायक के द्वारा मनरेगा अंतर्गत ग्राम कोलंगा में पोटो हो खेल मैदान निर्माण योजना की स्वीकृति पत्र दिया गया। जिसकी प्राक्कलित राशि 205000 रुपया है। साथ ही पांच मजदूरों को जॉब कार्ड, 87 लाभुको के बीच कंबल और दो लाभुको के बीच अंबेदकर आवास योजना के तहत प्रति लाभुक 1,30,000 रुपया की स्वीकृति पत्र भी दी गई। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रखंड प्रमुख शमनोज रजक, विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, सुनील साहू, मुखिया नीलम देवी, बीडीओ सुश्री क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बीपीओ मो प्रवेज, बीपीएम दीपक कुमार एव अन्य कर्मी, जनप्रतिनिधी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीमा सुरक्षा बल में झारखंड व बिहार राज्य के चयनित अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

**हजारीबाग।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिसंबर 2023 तक देश के 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का संकल्प लिया गया है। देश के हर प्रांत के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने की शुरूआत 22 अक्तूबर 2022 से की जा रही है। इस अभियान की शुरूआत करते हुए आज देश के 26 राज्यों में 75000 चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र केंद्र सरकार के द्वारा दिया जा रहा है। झारखंड राज्य की राजधानी रांची स्थित दरभंगा हाउस सीसीएल स्थल परअर्जुन मुंडा पूर्व मुख्यमंत्री एवं बिहार की राजधानी पटना स्थित अधिवेशन भवन, ओल्ड सेक्रिटेरिअट में आरके सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री के द्वारा विशेष समारोह में सीमा सुरक्षा बल में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। प्रधानमंत्री की पहल पर इस मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव के तहत देश के सभी राज्यों के युवाओं को केन्द्रीय लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड एवं अन्य केन्द्रीय एजेंसियों के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान कर राष्ट्र को सबल बनाने का कार्य किया जा रहा है। केन्द्र सरकार के विभागों में झारखंड राज्य के कुल 200 चयनित अभ्यर्थियों जिनमें सीमा सुरक्षा बल में कुल 10 अभ्यर्थी (पांच सब-इन्सपेक्टर एवं पांच आरक्षक, खेल कोटा से) एवं बिहार राज्य के कुल 207 चयनित अभ्यर्थियों जिनमें सीमा सुरक्षा बल में कुल 18 अभ्यर्थी (17 सब-इन्सपेक्टर एवं एक आरक्षक, खेल कोटा से) को विशेष समारोह के आयोजन पर अर्जुन मुंडा पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड सरकार द्वारा रांची में एवं बिहार की राजधानी पटना में आरके सिंह पूर्व केन्द्रीय मंत्री के द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया।

### दीपावली सोहराय पर्व पर छात्र-छात्राओं के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

## दीपावली की खुशियां मनाते हुए हमें पर्यावरण की रक्षा पर भी ध्यान देना होगा : डॉ सुनील कश्यप



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उत्क्रतिम मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में शनिवार को छात्र-छात्राओं के बीच दीवाली सोहराय पर्व के शुभ अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंशु कुमार, श्रेष्ठ कुमार, सृष्टि कुमारी, आयुष कुमार, खुशी कुमारी और खुशबू कुमारी को बेहतर निबंध लेखन के लिए पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में बहुत ही बेहतरीन निबंध लिख कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। मौके पर उन्होंने छात्र छात्राओं से दीपावली पर बम ओर पटाखे नही फोड़ने की अपील की। कहा कि बम और पटाखों से वातावरण प्रदुषित होता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक रंग विरंबे बल्बों से कीटाणु आकर्षित होते हैं जो की हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राएं पारंपरिक तरीके से दीपावली मनाएं। क्योंकि इससे वातावरण में प्रदूषण नही फैलता है। उन्होंने छात्र छात्राओं से अपील किया की दीपावली सोहराय के अवसर पर आप अपने घरों में मिट्टी के बने घी के दीये, करंज तेल, महुआ के तेल, नीम के तेल का प्रयोग करते हुए जलायें। इससे पर्यावरण की रक्षा होती है। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एलिसावा टोपणो, सहायक शिक्षक शारदानंद शर्मा, गौतम कुमार गुप्ता और बाल संसद के सदस्य आदि मौजूद थे।

## भंडारों पंचायत में प्रारंभ हुआ आधार पंजीकरण

### नये आधार नि:शुल्क, बॉयोमेट्रिक व डेमोग्राफिक अपडेट के लिए लगेंगे शुल्क



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** सीएससी की निगरानी में शनिवार को प्रखंड के भंडारों पंचायत भवन में आधार पंजीकरण केंद्र की शुभारम्भ हुआ। जिसका उद्घाटन स्थानीय पंसस रौशन खातून व अल्पसंख्यक कल्याण महा समिति के विस अध्यक्ष मो कयूम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आधार पंजीकरण प्रारंभ हो जाने से पंचायतवासियों को आधार सुधार एवं नए आधार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यूआईडी के निदेर्शानुसार नए आधार पंजीकरण व बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट नि:शुल्क किया जाना है जबकि बायोमेट्रिक (फिंगर और फोटो) अपडेट के लिए एक सौ रुपये एवं डेमोग्राफिक (नाम, पता इत्यादि) सुधार के लिए पचास रुपये शुल्क निर्धारित किए गए हैं। आधार संचालकों को किसी भी स्थिति में निर्धारित शुल्क अधिक पैसे नही लेने है। ऐसा करते पाए जाने पर सीएससी के निदेर्शानुसार संचालक के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आधार पंजीकरण केंद्र बंद कर दिए जाएंगे। ओवर चार्जिंग करने वालों के खिलाफ सीएससी के अधिकारियों को जानकारी दिया जा सकता है। मौके पर संचालक गुलाम अंसारी, पूर्व मुखिया सराफत अली, पप्पू खान, शममशेर आलम, मो ताहीर, इलियास खान, जाहिर अंसारी, उमेश कुमार, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में दिवाली के अवसर पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सबसे पहले किड्स ग्राउंड में वर्ग 1 से 5 तक के बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने मां लक्ष्मी की आरती उतार कर की। इसके बाद राम, लक्ष्मण और सीता के वेश में सजे बच्चों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया और उनकी आरती उतारी गई। यहां भी रंगोली प्रतियोगिता हुई जिसमें पवन, पानी और धरती हाउस क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। वर्ग 6 से 8 के बच्चों के बीच रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओं, जल संरक्षण आदि थीम पर आधारित रंगोली बनाकर न सिर्फ लोगों का मन मोहा बल्कि कई संदेश भी दिए। यहां आकाश हाउस को प्रथम, पानी और पवन हाउस को द्वितीय और धरती हाउस को तृतीय स्थान मिला। जबकि रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में वर्ग नवम से 11वीं के बच्चों में आकाश हाउस को प्रथम, पवन हाउस को द्वितीय और पानी हाउस को तृतीय स्थान मिला। इसके अलावा ऑडिटोरियम में संक्षिप्त रामायण कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। जहां डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने राम, लक्ष्मण और सीता के रूप में सजे बच्चों को तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी। यहां राम के वेश में मयंक पांडेय, अमित कुमार, सीता के रूप में जहान्वी ओझा, निधि कुमारी, लक्ष्मण के रूप में आभाष जेठवा व हनुमान के वेश ने पृथ्वी कुमार ने लोगों का मन मोहा। मंच साज-सज्जा में कुंतल जेठवा का योगदान रहा। आयोजन को सफल बनाने में एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, सीसीए इंचार्ज किशोर कुणाल, कोर्डिनेटर आशुतोष गौतम, सुभय कुमार, रजनी बाला, रमेश कुंज, सुजीत प्रताप, अनमोल रतन, राहुल कुमार, चंदन पांडेय, संजय कुमार, सुनील पाठक, विशाल आनंद, मनोज सिंह, पायल सिंह, दीपक सर्राफ, राकेश पांडेय, संजय तिवारी, श्वेता कुमारी, सरोज पांडेय, पूजा सलूजा, समेत अन्य शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों का योगदान रहा।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित सीबीएसई से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में दीपावली के पूर्व बच्चों के बीच पाठ्य सह क्रियाकलापों के अंतर्गत रंगोली तथा दीप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी कक्षा को पाँच ग्रुप में बांटा गया।बच्चों ने आजादी का अमृत महोत्सव, एक दिया शहीदों के नाम इत्यादि विषयों पर आकर्षक व सृजनात्मक रंगोली बनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन गंगपाचो मुखिया चिंता देवी, कपका मुखिया कमलेश कुमार,हरिहर चौधरी ने किया। विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने कहा, ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर सृजनात्मक सोच विकसित होती है। निर्णायक मंडल में मधुसूदन प्रसाद, रेयाज खान, अनिल कुमार, परमानंद पांडेय, ईश्वर यादव, सुरेन्द्र ठाकुर, अर्जुन प्रसाद आदि थे। विजेता वर्ग को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चे गीली मिट्टी की तरह होते हैं, जिसे उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचान कर उनके अनुरूप ढाला जा सकता है। विजयी प्रतिभागी में अनिश गुप्ता, अस्मिता मोदी, स्वाति गुप्ता, भूमिका कुमारी, करन कुमार, पुनित राणा, अरुण कुमार, कृतिका कुमारी यादें छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## न्यूज गैलरी

### व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट 28 अक्टूबर से

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर के व्हीलचेयर क्रिकेटर 28 से 30 अक्टूबर तक सूरत में होने वाले सरदार पटेल यूनिटी कप टी-20 टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। इस टूर्नामेंट का आयोजन भारतीय विकलांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) और मुंबई स्थित संगठन बिग बैश स्पोट्र्स लीग कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट में देशभर के 34 खिलाड़ी भाग लेंगे जो दो व्हीलचेयर क्रिकेट टीम भारत ए और शेष भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उत्तर प्रदेश के सोमजीत सिंह भारत ए की अगुवाई करेंगे, जबकि पंजाब के वीर सिंह संधू शेष भारत की कमान संभालेंगे।

### सुपरमैन स्टाइल में ग्लेन ने लपका धांसू कैच




**सिडनी (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के सुपर-12 चरण के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम के युवा खिलाड़ी ग्लेन फिलिप्स ने एक ऐसा कैच पकड़ा कि किसी को अपनी आंखो पर यकीन नहीं हो रहा। शनिवार को ऑस्ट्रेलिया खिलाफ मुकाबले में न्यूजीलैंड के युवा बल्लेबाज फिलिप्स बल्ले से तो कमाल नहीं दिखा पाए, लेकिन फील्डिंग के दौरान उन्होंने सुपरमैन बनकर एक शानदार कैच लपका, इस कैच से उन्होंने सभी फैंस का दिल जीत लिया। ये कारनामा फिलिप्स ने 201 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई पारी के नौवें ओवर की दूसरी गेंद पर किया। गेंदबाज मिचेल सेंटनर गेंदबाजी कर रहे थे और स्ट्राइक पर मार्कस स्टोइनिस थे। स्टोइनिस ने गेंद को कवर की दिशा में उठाकर खेला। गेंद उस साइड फील्डिंग कर रहे फिलिप्स से बहुत दूर थी, लेकिन उन्होंमे भागते हुए हवा में उछलकर कैच लपक लिया। कैच लेने के लिए फिलिप्स 29 मीटर का फासला तय किया।

### डिफेंस के दम पर बंगाल को दो अंक से हराकर तीसरे स्थान पर पहुंचे पुनेरी पल्टन




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** पुनेरी पल्टन ने कप्तान फजल अतराचली (6) के नेतृत्व में अपने डिफेंस के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर श्री कांतीरवा इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार खेले गये वीवो प्रो कबड्डी लीग के नौवें सीजन के 31वें मैच में बंगाल वॉरियर्स को 27-25 से हरा दिया। इस जीत के साथ पल्टन अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। दोनों टीमों का यह छठा मैच था। बंगाल ने तीन में जीत हासिल की है जबकि तीन में हार मिली है जबकि पल्टन को तीन में जीत और दो में हार मिली है। उसका एक मैच टाई भी रहा है। पल्टन के लिए फजल के अलावा सोमवीर ने भी हाई-5 पूरा किया। रेड में असलम इनामदार ने पांच अंक लिये। इस मैच से एक अंक लेने वाली बंगाल के लिए मनिंदर सिंह ने छह अंक लिये लेकिन वह इतनी बार आउट भी हुए। मनिंदर ने चौथे मिनट में सुपर रेड के साथ बंगाल को 6-2 से आगे किया था। अब तक सभी अंक रेडिंग से बने थे लेकिन संकेत ने जाधव को लपक मैच का पहला टैकल अंक लिया।

# नेट्स में गेंदबाज से प्रभावित दिखे रोहित, बोले- ये तो डेंजर बॉलर है



**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्तूबर को मेलबर्न में होनेवाले मैच के लिए ताबड़तोड़ मेहनत कर रही है। भारतीय टीम इस मैच से तीन दिन पहले ही गुरुवार को अभ्यास के लिए मेलबर्न में पहुंच गई। इससे अगले ही दिन भारत के कई खिलाड़ी हेड कोच राहुल द्राविड़ के साथ नेट्स में पसीना बहाते हुए नजर आए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी नेट्स में खूब मेहनत की। अभ्यास के दौरान उन्होंने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का सामना किया और वह शमी की गेंदबाजी से काफी प्रभावित दिखे। शमी की गेंदबाजी से कप्तान रोहित इतने प्रभावित दिखे कि उन्होंने शमी को खतरनाक बॉलर करार दिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि शमी की गेंद का सामना करने के बाद रोहित ने कहा, ये तो डेंजर बॉलर है। इसके अलावा रोहित को शमी कह रहे हैं कि तुम लेट-स्विंग कर रहे हो, मुझे सब दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि शमी को हाल ही में भारतीय टीम के स्क्वॉड का हिस्सा बनाया गया है, इससे पहले वह स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शामिल थे। उन्हें जसप्रीत बुमराह के चोटिल हो जाने के बाद टीम में जगह दी गई। शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में यह साबित कर दिया कि क्यों वह बुमराह के परफेक्ट रिप्लेसमेंट हैं।

### अभ्यास मैच में शमी ने चार रन देकर चटकाये थे तीन विकेट

**अभ्यास** मैच में शमी ने आखिरी ओवर में 4 रन देकर 3 विकेट चटकाए और भारत के जीत के नायक बने, ऑस्ट्रेलिया को आखिरी ओवर में 11 रन की जरूरत थी। शमी से उम्मीद रहेगी कि वे पाकिस्तान के खिलाफ भी विकेटें चटकाकर भारतीय टीम की जीत में मदद करें।

#### टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम

**रोहित** शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, दिनेश कार्तिक, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, हर्षल पटेल, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत और दीपक हुड्डा।

#### टी-20 में टीम इंडिया का पूरा शेड्यूल

23 अक्टूबर : भारत बनाम पाकिस्तान
27 अक्टूबर : भारत बनाम नीदरलैंड
30 अक्टूबर : भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका
2 नवंबर : भारत बनाम बांग्लादेश
6 नवंबर : भारत बनाम जिम्बाब्वे

**टी-20 वर्ल्ड कप - 2022 : न्यूजीलैंड ने सिडनी में किया कमाल**

# सुपर-12 के पहले मैच में न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 89 रनों से हराया




**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के सुपर 12 के ग्रुप-एक के मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ करारी हार मिली। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने तीन विकेट पर 200 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी पूरी तरह फेल रही और टीम की पारी 111 रनों पर सिमट गई। न्यूजीलैंड ने मैच को 89 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम किया। इसके साथ ही टीम का टी20 वर्ल्ड कप 2022 में खाता भी खुल गया है।

**ऑस्ट्रेलिया ने किया निराश :** 201 रनों के जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें टिम साउदी ने बोल्ड किया। इसके बाद टीम को लगातार झटके लगे। सिर्फ ग्लेन मैक्सवेल (28) भी क्रीज पर टिक पाए। मध्यक्रम में मार्कस स्टोइनिस (7), टिम डेविड (11) और मैथ्यू वेड (2) रन बनाकर आउट हुए। 18वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया की पारी 111 रनों पर सिमट गई। मिचेल सेंटनर और टिम साउदी ने 3-3 बल्लेबाजों को आउट किया।

**न्यूजीलैंड के बल्लेबाज चमके :** इससे पहले, डेवोन कॉन्वे की नाबाद 92 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन का मजबूत स्कोर बनाया। न्यूजीलैंड का यह टी20 वर्ल्ड कप में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है, जबकि टी20 वर्ल्ड कप में यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के सभी बल्लेबाजों ने रन बटोरे। ओपनर डेवोन कॉन्वे ने टी-20 में एक हजार रन पूरे किये लेकिन अपना पहला टी-20 शतक लगाने से थोड़ा सा दूर रह गए। डेवोन कॉन्वे ने पूरे 20 ओवर बल्लेबाजी की और 58 गेंदों पर नाबाद 92 रन में सात चौके और दो छक्के लगाए। फिन एलेन ने 16 गेंदों पर पांच चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 42 रन की तूफानी पारी खेली। कप्तान केन विलियम्सन ने 23 गेंदों पर एक चौके और एक छक्के की मदद से 23 रन बनाये। ग्लेन फिलिप्स 12 रन बनाकर आउट हुए जबकि जिमी नीशम ने 13 गेंदों में दो छक्कों के सहारे नाबाद 26 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जोश हेजलवुड ने 41 रन पर दो विकेट लिये।

### कॉनवे का कमाल, 58 गेंद में बनाये नाबाद 92 रन

डेवोन कॉनवे के 58 गेंद में नाबाद 92 रन की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां टी-20 विश्व कप के शुरुआती मैच में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 89 रन से हरा दिया। पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड ने तीन विकेट पर 200 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। कॉनवे और फिन एलेन (16 गेंद में 42 रन) ने न्यूजीलैंड को आक्रामक शुरूआत करायी, जिससे दोनों ने 25 गेंद में 56 रन जोड़े। बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज ने फिर कप्तान केन विलियमसन (23 रन) के साथ 69 रन की साझेदारी बनायी। ग्लेन फिलिप्स (12 रन) और जेम्स नीशाम (नाबाद 26 रन) ने भी उपयोगी योगदान दिये।

# सैम कुरेन ने रचा इतिहास, पांच विकेट लेनेवाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बने




**पर्थ (एजेंसी)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज सैम कुरेन ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर-12 के ग्रुप 1 मुकाबले में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। दरअसल, वह टी-20आई में पांच विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए हैं। बाएं हाथ के सीमर ने पर्थ स्टेडियम में यह उपलब्धि हासिल की। कुरेन से पहले, टी20आई में एक इंग्लिश गेंदबाद द्वारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के आंकड़े लेग स्पिनर आदिल राशिद के पास थे। उन्होंने टी20 विश्व कप के पिछले संस्करण में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2.2 ओवर में दो रन देकर चार विकेट लिये थे। वहीं, सैम कुरेन ने 3.4 ओवर में 10 रन देकर पांच लिये। उनके दम पर अफगानिस्तान की टीम 112 पर ढेर हो गयी। कुरेन ने इब्राहिम जादरान (32), उस्मान गनी (30), अजमतुल्लाह ओमरजई (8), राशिद खान (0) और फजलहक फारूकी (0) को आउट किया। कुरेन ने अपनी शानदार गेंदबाजी पर कहा कि मैंने इस तरह से चलने की उम्मीद नहीं की थी। हमने इन सीमाओं और आयामों के साथ भी योजना बनायी थी। टूर्नामेंट में कैच और फील्डिंग सबसे अहम हिस्सा रहता है। मुझे चुनौती दी गयी और खुलकर गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया। वास्तव में टीम में योगदान देने में मजा आ रहा है।

# जीत के बाद केन विलियमसन ने कहा- हम जैसा चाहते थे, हमने वैसा ही खेल दिखाया




**सिडनी (एजेंसी)।** कप्तान केन विलियमसन ने शनिवार को कहा कि सकारात्मक परिणाम हासिल करने का रवैया अपनाने से उनकी टीम अपने चिर प्रतिद्वंदी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की धरती पर 12 साल बाद सीमित ओवरों के मैच में जीत दर्ज कर पाई। न्यूजीलैंड ने टी-20 विश्व कप के सुपर 12 के पहले मैच में मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 89 रन से करारी शिकस्त दी। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 200 रन बनाए और फिर आस्ट्रेलिया को 111 रन पर आउट कर दिया। न्यूजीलैंड की तरफ से डेवोन कॉनवे ने 58 गेंदों पर नाबाद 92 रन बनाए। विलियमसन ने अपने बल्लेबाजों की प्रशंसा की। विलियमसन ने मैच के बाद कहा कि यह उन दिनों में से एक दिन था जब हमने बेजोड़ खेल दिखाया। सलामी जोड़ी ने लय बनाई और सभी ने बल्लेबाजी के दौरान अच्छा योगदान दिया। यह इस पिच पर अच्छा स्कोर था। उन्होंने कहा कि इसके बाद गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और क्षेत्र रक्षकों ने उनका अच्छा साथ दिया। प्रत्येक टीम में अपनी भूमिका को जानता है। हम जानते हैं कि उनकी गेंदबाजी कितनी अच्छी है लेकिन हमने पूरे मैच के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। हम जैसा चाहते थे हमने वैसा खेल दिखाया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने कहा न्यूजीलैंड ने उन्हें खेल के हर विभाग में मात दी। फिंच ने कहा कि उनके सलामी बल्लेबाजों ने पहले चार ओवरों में ही अच्छा मंच तैयार कर दिया था और हम इससे उबर नहीं पाए। हमें अच्छी शुरूआत की जरूरत थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने हमें खेल के हर विभाग में मात दी। हमें अगला मैच श्रीलंका से खेलना है। हमें अब सभी चार में जीतने की जरूरत है। मैन ऑफ द मैच कॉनवे ने कहा कि खिलाड़ियों ने आज विशेष प्रदर्शन किया। फिन एलेन को भी श्रेय जाता है। वह युवा है लेकिन वह आक्रामक और बेपरवाह अंदाज में बल्लेबाजी करता है। जिस तरह से फिन ने बल्लेबाजी की उससे मुझे भी मदद मिली।

# प्रो हॉकी लीग से पहले भारतीय खिलाड़ियों ने जिम में बहाया पसीना




**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 28 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना एफआईएच हॉकी प्रो लीग अभियान शुरू करने से पहले यहां कलिंगा स्टेडियम के जिम में जमकर पसीना बहाया। मनप्रीत सिंह की टीम ने एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2021-22 में नीदरलैंड और बेल्जियम के बाद तीसरा स्थान हासिल किया था और इस साल वह अपना प्रदर्शन सुधारने के इरादे से जीत के साथ एक मजबूत शुरूआत करना चाहेगी। भारतीय टीम अगले हफ्ते होने वाले मैच के लिये शुक्रवार को भुवनेश्वर पहुंची। एफआईएच प्रो लीग 2022-23 के पहले मैच में न्यूजीलैंड का मुकाबला करने के बाद भारत दूसरे मैच में 30 अक्टूबर को स्पेन से भिड़ेगा। नवंबर की चार तारीख को भारत का सामना एक बार फिर न्यूजीलैंड से होगा, जबकि छह नवंबर को भारत और स्पेन आमने-सामने होंगे। सभी मुकाबले भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम सात बजे खेले जाएंगे।

# सूर्यकुमार के साथ खेलने में अलग भूमिका निभाता हूं : कोहली




**मेलबर्न (एजेंसी)।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को सूर्यकुमार यादव के साथ बल्लेबाजी करते समय सहायक भूमिका निभाने में कोई परेशानी नहीं है, क्योंकि टीम का उनका युवा साथी बल्लेबाज जोखिम उठा कर खेलने के लिए तैयार है। खास बात यह है खुद सूर्यकुमार ने कोहली को अपने तरीके से खेलने का सुझाव दिया और यह तरीका अतीत में टीम के लिए फायदेमंद रहा है। कोहली ने स्टार स्पोट्र्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव में सूर्यकुमार को बैलेस्टिक (एक प्रकार का मिसाइल) करार देते हुए कहा, सूर्यकुमार के साथ बल्लेबाजी करना अभी तक शानदार रहा है।

**उसके साथ खेलने में आता है मजा :** भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि उसके कौशल और क्षमता के कारण साथ में बल्लेबाजी करने में बहुत मजा आता है। वह सिर्फ यह पूछता है कि गेंद विकेट से कैसे आ रही है और फिर, दो-तीन गेंदों के भीतर परिस्थितियों को समझ कर उसके मुताबिक खेलता है। कोहली ने कहा, दोनों की साझेदारी में वह खुद जोखिम उठाने के साथ चाहता है कि मैं बस क्रीज पर एक छोर से खड़ा रहूं। ऐसे में जब मैं उसके साथ बल्लेबाजी करता हूं तो मैं अलग तरह की भूमिका निभाता हूं। मैं इस भूमिका का लुत्फ उठाता हूं, क्योंकि यह टीम के लिए फायदेमंद रहता है। कोहली और सूर्यकुमार ने पिछले महीने हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के तीसरे और आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 10.2 ओवर में 104 रन की साझेदारी की थी, जिससे भारतीय टीम ने 187 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया था। भारतीय टीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का कोई खिताब पिछले नौ साल से नहीं जीता है और कोहली के कप्तानी छोड़ने के बाद टीम रोहित की अगुवाई में पहली बार विश्व कप (टी-20) में उतर रही है।

**रोहित के साथ तालमेल पर कही ये बात :** टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले रोहित के साथ तालमेल के बारे में पूछे जाने पर कोहली ने कहा कि हमारी चर्चा हमेशा इस बात पर होती है कि हम बड़े टूर्नामेंट कैसे जीतें और हम उसी के मुताबिक योजना बनाते हैं और तैयारी करते हैं। जब से मैं टीम में वापस आया हूं, माहौल बहुत अच्छा है। कोहली ने वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दौरे से ब्रेक (विश्राम) लिया था और छह सप्ताह तक खेल से दूर रहने के बाद उन्होंने वापसी का जश्न एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ शतक लगाकर मनाया। कोहली ने लगभग तीन साल के बाद यह शतक जड़ा था। उन्होंने कहा कि जब टीम के अंदर अच्छा माहौल होता है तो आप कुछ भी करने के लिए तैयार रहते हैं। इसलिए हमारी समझ और खेल के प्रति नजरिया हमेशा एक जैसा रहा है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा खामियों को दूर करने की दिशा में काम करते हैं, चाहे वे कितनी भी छोटी हों। हम ऐसे पहलुओं को मजबूत करते हैं और आगे बढ़ते हैं।



# न्यूज गैलरी

## श्रीराम सिटी का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 27.2 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** दोपहिया वाहनों के वित्तपोषण सुविधा में प्रमुख श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड (श्रीराम सिटी) ने जुलाई-सितंबर 2022 तिमाही में समेकित आधार पर सालाना 27.2 प्रतिशत की बढ़त के साथ 383 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया। श्रीराम सिटी ने शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि आलोच्य तिमाही में कंपनी का ऋण वितरण वार्षिक आधार पर 28.5 प्रतिशत बढ़कर 9,069 करोड़ रुपये के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंच गया। इसमें आर्थिक गतिविधियों में सुधार, लघु उद्यम फाइनेंस के कारोबार में वृद्धि, सोने के खिलाफ ऋणों की मांग में बढ़ोतरी, दुपहिया वाहनों की मांग में तेजी और किफायती आवास का योगदान रहा। इस दौरान कंपनी के प्रबंधन के तहत इस समय संपत्तियों का आकार वार्षिक आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 42,663 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## सिमफोर्ज इंजीनियरिंग के निरंजन ओवल को मिला पुरस्कार

**पुणे।** देश के पहले और एकमात्र सिम रेसिंग गियर निमार्ता सिमफोर्ज इंजीनियरिंग के स्वामी निरंजन ओवल ने विकासशील देशों में गुणवत्तापूर्ण रेसिंग एवं कंप्यूटर गेमिंग उपकरण सस्ते बनाने की प्रतिस्पर्धा में पुरस्कार जीता है। श्री ओवल को कोविड रेसिलेंस श्रेणी में यूथ बिजनेस इंटरनेशनल ग्लोबल यंग एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर 2022 पुरस्कार दिया गया है जिसका आयोजन नीदरलैंड के शहर द हेग में हुआ। उनका लक्ष्य पूरे सिम रेसिंग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण शुरू करना है और वे उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, यूरोप और एशिया में कार्यालय स्थापित करने की योजना बना रहे हैं जिसमें उनकी कंपनी 43 देशों में निर्यात कर रही है। श्री ओवल ने कहा, महामारी के दौरान, वीडियो गेम खेलने के इच्छुक अधिक लोग घर पर फंस गए थे, लेकिन कई गुणवत्ता वाले ऑटो रेसिंग गेम उपलब्ध नहीं थे। इसने मुझे कई लोगों के लिए किफायती भारतीय समाधान बनाने के लिए प्रेरित किया।

## राशन दुकानों पर अनाज के लिए लाभार्थियों को अब 2 बार लगाना पड़ेगा अंगूठा

**नई दिल्ली।** अगर आप सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के जरिए राशन का लाभ लेते हैं, तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मिलने वाले राशन के लिए कुछ नियम बदले गए हैं। अब उपभोक्ताओं को एक बार नहीं, बल्कि 2 बार अंगूठा लगाना पड़ेगा। हालांकि यह बदलाव मध्य प्रदेश सरकार की तरफ से किया गया है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में राज्य सरकार की तरफ से लाभार्थियों को 5 किलोग्राम राशन दिया जाता है। इसके अलावा लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत भी 5 किलोग्राम राशन दिया जाता है। अब तक लाभार्थियों को एक बार अंगूठा लगाने पर राशन मिल जाया करता था। अब केंद्र और राज्य सरकार की ओर से मिलने वाले अलग-अलग राशन के लिए 2 बार अंगूठा लगाना पड़ेगा। मध्य प्रदेश सरकार की तरफ से बनाए गए इस नियम को सूबे के हर जिले में लागू किया गया है। इस नियम के बाद राशन दुकान संचालकों के साथ लाभार्थियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। 2 बार अंगूठा लगाने का वजह से राशन लेने में ज्यादा समय लगेगा। हाल ही में केंद्र सरकार ने बुधवार को गरीबों को मुफ्त अनाज देने की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि 3 महीने यानी दिसंबर, 2022 तक बढ़ा दी है। इस पर 44,700 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में योजना 3 महीने बढ़ाने का निर्णय किया गया। उन्होंने कहा था कि योजना के तहत 80 करोड़ गरीबों को 5 किलो गेहूं और चावल हर महीने दिया जाता है।

## सेबी ने बॉम्बे डाइंग, नेस वाडिया पर लगाई दो साल की पाबंदी

**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बॉम्बे डाइंग एंड मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड और इसके प्रवर्तकों नुस्ली एन वाडिया, नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया को दो साल तक प्रतिभूति बाजारों में लेनदेन करने से रोक दिया है। इसके साथ ही कंपनी के वित्तीय बयानों को गलत तरीके से पेश करने पर कुल 15.75 करोड़ रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। सेबी ने वाडिया समूह की कंपनी स्काल सर्विसेज लिमिटेड और इसके तत्कालीन निदेशक डी एस गगरात, एन एच दतनवाला, शैलेश कार्णिक, आर चंद्रशेखरन और बॉम्बे डाइंग के संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं मुख्य

# धनतेरस पर देश भर के व्यापारियों को इस बार होगा अच्छा मुनाफा, जानिए कितने का होगा कारोबार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दीपावली और धनतेरस त्योहार पर खरीदारों की गहमागहमी देशभर के बाजारों में देखने को मिल रही है। कोरोना महामारी के कारण दो साल बाद लोगों में त्योहार संबंधी वस्तुओं और जरूरत के अन्य सामान खरीदने की ललक ने व्यापारिक मायूसी को बहुत पीछे छोड़ दिया है। देशभर में व्यापारियों के चेहरे पर उनकी खोई मुस्कान एकबार फिर लौट आई है। बता दें कि धनतेरस का त्योहार दिल्ली सहित देश भर के व्यापारियों के लिए माल की बिक्री का एक बड़ा दिन है जिसको लेकर देश भर में बड़ी तैयारियां व्यापारियों ने की हुई हैं। देश के कुछ हिस्सों में आज भी धनतेरस मनाया जा रहा है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि इस बार धनतेरस दो दिन है, जिसके तहत देश के कुछ हिस्सों में आज धनतेरस मनाया जा रहा है। आज और कल दो दिनों में धनतेरस पर देशभर में आज करीब 15 हजार करोड़ रुपये तथा कल लगभग 25 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होगा, इस तरह दो दिनों में कुल मिलाकर 40 हजार करोड़ रुपये के रिटेल व्यापार का अनुमान है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि धनतेरस के दिन सिद्धि विनायक श्री गणेश जी, धन की देवी श्री महालक्ष्मी जी तथा श्री कुबेर जी की पूजा होती है। इस दिन नई वस्तु खरीदना शुभ माना जाता है। इस दिन खास तौर पर सोना, चांदी के आभूषण तथा अन्य वस्तुएं, सभी प्रकार के बर्तन, रसोई का सामान, वाहन, कपड़े एवं रेडीमेड गारमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली का सामान एवं उपकरण, व्यापार करने के उपकरण जैसे कंप्यूटर एवं कंप्यूटर से जुड़े उपकरण, मोबाइल, बही खाते, फर्नीचर, एकाउंटिंग का अन्य सामान आदि विशेष रूप से खरीदे जाते हैं। ऑल इंडिया ज्वेलर्स एवं गोल्डस्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया कि देश भर के ज्वैलरी व्यापारियों में दो दिन धनतेरस की बिक्री को लेकर बड़ा उत्साह है, जिसके लिए ज्वैलरी व्यापारियों ने व्यापक स्तर पर काफी तैयारियां की हुई हैं। सोने -चांदी, डायमंड आदि के नये डिजाइन के गहने एवं आभूषण सहित अन्य वस्तुओं का प्रचुर मात्रा में स्टॉक रखा गया है। इसके साथ ही इस वर्ष आर्टिफिशियल ज्वेलरी की भी बड़ी मांग बाजारों में दिखाई दे रही है। वहीं सोने चांदी के सिक्के, नोट एवं मूर्तियों को भी धनतेरस पर बड़ी मात्रा में खरीदा जाना भी संभावित है।

## एयर इंडिया ने बनाया हेनरी डोनोहो को सुरक्षा, गुणवत्ता कार्यों का प्रमुख




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने सुरक्षा और गुणवत्ता कार्यों को मजबूत करने के लिए हेनरी डोनोहो को नियुक्त किया है। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि श्री डोनोहो सुरक्षा और गुणवत्ता कार्यों के प्रमुख के तौर पर सात नवंबर को कार्यभार संभालेंगे। आयरिश नागरिक, श्री डोनोहो ने करियर की शुरूआत वर्ष 1978 में एर लिंगस से शुरू की थी जिसमें वह सुरक्षा, गुणवत्ता, उड़ान संचालन और इंजीनियरिंग सहित प्रमुख विभागों में जाने से पहले इसके मुख्य पायलट बने थे। श्री डोनोहो अमीरात एयरलाइन के साथ विभिन्न सुरक्षा भूमिकाओं में सात साल कार्य कर चुके हैं जिसमें वह डिवीजनल सीनियर वाइस प्रेसिडेंट फ्लाइट ऑपरेशंस और प्राइमरी क्राइसिस डायरेक्टर के पद पर थे। एयर इंडिया के सीईओ और एमडी कैंपबेल विल्सन ने कहा,ह्लजैसा कि हम अपने विहान.एआई महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ा रहे हैं जिसमें हमारे बेड़े को तीन गुना करने के साथ सुरक्षित संचालन एयर इंडिया की प्राथमिकता है। हम हेनरी का एयरलाइन में स्वागत हैं जो हमारे सुरक्षा और गुणवत्ता कार्यों में योगदान के लिए तत्पर हैं।'

# आकाश अंबानी ने नाथद्वारा में किया जियो टू 5जी-पावर्ड वाई-फाई लॉन्च




**नयी दिल्ली। (एजेंसी)।** रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड (जियो) ने शनिवार को जियो टू 5जी पावर्ड वाई फाई की राजस्थान की धार्मिक नगरी नाथद्वारा में शुरूआत की। शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थानों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड, कमर्शियल हब जैसे स्थान जहां लोगों का जमावड़ा अधिक होता है वहां यह सर्विस दी जाएगी। जियो यूजर्स को यह नई वाई-फाई सर्विस, जियो वेलकम ऑफर अवधि के दौरान मुफ्त में मिलेगी। दूसरा नेटवर्क इस्तेमाल करने वाले भी जियो 5जी पावर्ड वाई फाई का सीमित इस्तेमाल कर सकेंगे, लेकिन अगर वे जियो 5जी पावर्ड वाई फाई की फुल सर्विस का उपयोग करना चाहते हैं तो उन्हें जियो का ग्राहक बनना होगा। दिलचस्प यह है कि जियो टू 5जी वाई फाई से जुड़ने के लिए यह जरूरी नहीं कि ग्राहक के पास 5जी हैंडसेट हो। वह 4जी हैंडसेट से भी इस सर्विस से जुड़ सकता है। इस सेवा की शुरूआत के साथ ही नाथद्वारा और चेन्नई में जियो की टू 5जी सर्विस भी शुरू हो गई हैं। हाल ही में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और वाराणसी में भी 5जी सर्विस लॉन्च की गई थी। जल्द ही दूसरे शहरों में भी जियो 5जी सर्विस शुरू हो सके और टू 5जी हैंडसेट की उपलब्धता बढ़े इसके लिए जियो की टीमें चौबीसों घंटे काम कर रही हैं। देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए आकाश अंबानी ने कहा, ह्लभगवान श्रीनाथ जी कृपा से आज नाथद्वारा में जियो टू 5जी की सर्विस के साथ 5जी पॉवर्ड वाईफाई सेवा का शुभारंभ हो रहा है। हम मानते हैं कि 5जी सबके लिए है, इसलिए हमारी कोशिश है कि दिल्ली, मुंबई, कोलकत्ता और वाराणसी की तरह देश के कोने कोने तक जियो की टू 5जी सर्विस जल्द चालू हो।

## यस बैंक का दूसरी तिमाही में मुनाफा 32 फीसदी घटकर 153 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली।** यस बैंक का सितंबर तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध मुनाफा 32 फीसदी कम होकर 152.82 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले समान तिमाही में बैंक को 225.50 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था वहीं 2022 की जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 310.63 करोड़ रुपये था। बैंक ने शनिवार को शेयर बाजारों को बताया कि जुलाई-सितंबर 2022 में उसकी कुल आय बढ़कर 6,394.11 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वर्ष समान तिमाही में 5,430.30 करोड़ रुपये थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मामले में भी बैंक का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। उसकी सकल गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए या फंसा कर्ज) घटकर सकल अग्रिम का 12.89 फीसदी रह गईं जो 2021 की सितंबर तिमाही में 14.97 फीसदी थी। इसी प्रकार, शुद्ध एनपीए भी 5.55 फीसदी से घटकर 3.60 फीसदी रह गया।

# सोने की कीमत में जोरदार गिरावट रिकॉर्ड हाई से 5000 रुपये मिल रहा सस्ता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 66 रुपये के नुकसान के साथ 50,516 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 50,582 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 101 रुपये की तेजी के साथ 56,451 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 56,350 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,630.8 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। जबकि चांदी भी तेजी के साथ 18.46 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस साल मार्च में सोने के भाव ने 55,000 रुपये के स्तर को छुआ था। यानी इस समय गोल्ड इस साल के रिकॉर्ड हाई से लगभग 5000 रुपये सस्ता है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में बढ़ोतरी अभी जारी रखने की संभावना की वजह से डॉलर के मजबूत होने तथा अमेरिकी ट्रेजरी के प्रतिफल बढ़ने से कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना तीन सप्ताह से अधिक समय के निचले स्तर पर पहुंच गया। अगर सोने का लाइसेंस नंबर, हॉलमार्क या रजिस्ट्रेशन नंबर गलत है तो आप इसकी शिकायत सीधे सरकार को कर सकते हैं। शिकायत दर्ज होने के बाद इस मामले में क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी भी आपको मिलती रहेगी। उल्लेखनीय है कि आप इन रेट्स को आसानी से घर बैठे पता लगा सकते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ इस नंबर 8955664433 पर मिस्ड कॉल देना है और आपके फोन पर मैसेज आ जाएगा, जिसमें आप लेटेस्ट रेट्स चेक कर सकते हैं।

## अंबुजा सीमेंट्स का सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 94% लुढ़का, आय 7.4 % बढ़ी

**नई दिल्ली।** अडानी समूह की कंपनी अम्बुजा सीमेंट्स का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 94.24 प्रतिशत घटकर 51.3 करोड़ रुपए पर आ गया। अम्बुजा सीमेंट्स ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि ईंधन की बढ़ती कीमतों और इससे संबंधित मुद्रास्फीति प्रभाव के कारण कंपनी के लाभ में कमी आई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी ने 890.67 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। सीमेंट कंपनी की परिचालन आय 2022-23 की दूसरी तिमाही में 7.46 प्रतिशत बढ़कर 7,143.17 करोड़ रुपए हो गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 6,647.13 करोड़ रुपए थी। इसके अलावा आलोच्य तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 7,179.90 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 5,543.51 करोड़ रुपए से 29.51 प्रतिशत अधिक है। अंबुजा सीमेंट्स के एकीकृत वित्तीय परिणाम में इसकी पिछली मूल कंपनी एसीसी लिमिटेड का वित्तीय प्रदर्शन शामिल है, जिसमें इसकी लगभग 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वहीं, एकल आधार पर अंबुजा सीमेंट्स का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 68.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 137.89 करोड़ रुपए रहा। यह एक साल पहले की समान तिमाही में 441.23 करोड़ रुपए था।

## ओला ने लॉन्च किया अपना सबसे सस्ता इलेक्ट्रिक स्कूटर

# 80 हजार रु में मिलेगा एस1 का अपडेट मॉडल, 999 रु से कर सकते हैं बुकिंग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओला इलेक्ट्रिक दिवाली से पहले शुक्रवार यानी 22 अक्टूबर को एस1 का अपडेट मॉडल एस1 एयर लॉन्च किया है। एस1 के इस नए मॉडल की कीमत 84,999 रुपए रखी गई है। हालांकि 24 अक्टूबर तक बुक कराने वालों को इसके लिए 79,999 रुपए चुकाने होंगे। ये नया मॉडल कई नई खूबियां के साथ बाजार में उतारा गया है। इसे आप 999 में बुक कर सकते हैं। इसकी डिलीवरी अगले साल अप्रैल से शुरू होगी। ओला के उएड भाविश अग्रवाल के ओला के इवेंट में बताया कि फास्ट चार्जर से स्कूटर 15 मिनट में 50 प्रतिशत चार्ज हो जाएगा। इसके अलावा इस नए मॉडल में लॉकिंग और अनलॉकिंग के लिए एडवांस फीचर मिलेंगे। इसके अलावा ओला का ये नया स्कूटर औपरेटिंग सिस्टम 3 के साथ आएगा। अभी ओला के स्कूटर औपरेटिंग सिस्टम 2 के साथ आ रहे हैं। कंपनी ने बताया कि ये एस1 एयर के फुल चार्ज होने पर 101 किलोमीटर की रेंज मिलेगी। वहीं इस स्कूटर की टॉप स्पीड 90 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। ये 0 से 40 किलोमीटर की स्पीड 4.3 सेकंड में पकड़ लेगा। भाविश अग्रवाल ने बताया है कि जैसे राइडर गाड़ी के पास जाएगा तो गाड़ी अपने आप अनलॉक हो जाएगी। वहीं जैसे ही आप स्कूटर से दूर जाएंगे ये लॉक हो जाएगा। इसके अलावा इसके म्यूजिक सिस्टम को भी अपग्रेड किया गया है। ये भी एस1 वाले 5 कलर्स में ही अबेलेवल रहेगा। अभी कंपनी के र1 और र1 प्रो मॉडल के दो स्कूटर बाजार में हैं।

## बेहतर इकोनॉमिक ग्रोथ के साथ भारत की स्थिति दूसरे देशों से अच्छी: वित्त मंत्रालय




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्रोथ और स्टैबिलिटी को लेकर इंडिया की चिंताएं दूसरे देशों के मुकाबले कम हैं। फाइनेंस मिनिस्ट्री ने सितंबर के अपने मंथली इकोनॉमिक रिव्यू में यह बात कही है। इसमें मीडियम टर्म में इंडिया की ग्रोथ 6 फीसदी से ऊपर रहने का अनुमान जताया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 अक्टूबर को कहा कि दुनिया में दूसरी सबसे ज्यादा वाला देश अब तक ग्लोबल इकोनॉमिक संकट से बचा रहा है। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि फिर भी, ग्लोबल एनर्जी क्राइसिस और सप्लाई को लेकर चिंता बनी हुई है। ग्लोबल कनफ्लिक्ट्स बढ़ने से सप्लाई चेन पर दबाव फिर से बढ़ सकता है। हाल में इसमें थोड़ी कमी आई थी। ऐसा होने पर 2023 में इनफ्लेश कम होने की जगह बढ़ सकता है। फाइनेंस मिनिस्ट्री की यह रिपोर्ट 22 अक्टूबर को जारी की गई। इसमें कहा गया है, 'लंबे इंतजार के बाद डोमेस्टिक इनवेस्टमेंट साइकिल जो शुरू हुआ था, उसमें जियोपॉलिटिकल कनफ्लिक्ट और मॉनेटरी टाइटनिंग घटने के बाद तेजी आएगी। इंडिया में कॉर्पोरेट और बैंक बैंलेंसशीट इसके लिए तैयार हैं। कई साल के डेवलपमेंट के बाद इंडिया का पब्लिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंशियल एक्सेस पर बड़े नतीजे देने को तैयार है।' इसमें यह भी कहा गया है कि हालिया वैश्विक घटनाक्रम के बाद इनवेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में इंडिया का आकर्षण दूसरे देशों के मुकाबले बढ़ा है।

# महाराष्ट्र सरकार 10 हजार लोगों को देगी स्वास्थ्य विभाग में नौकरी, परीक्षा और नियुक्ति की तारीख का ऐलान



**◆25 मार्च और 26 मार्च को विविध पदों के लिए भर्ती की परीक्षा का आयोजन होगा। 27 मार्च से 27 अप्रैल के बीच नियुक्ति कर दी जाएगी।**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की शिंदे-फडणवीस सरकार ने राज्य के स्वास्थ्य विभाग में 10,127 पदों पर बहाली की घोषणा की है। पिछले साढ़े तीन सालों से सरकारी नौकरियों की भर्तियां रुकी हुईं थीं। जिन दस हजार से ज्यादा नौकरियों की भर्ती होने वाली है, उनमें स्वास्थ्य कर्मचारी, लैब टेक्नीशियंस और कई अन्य पद होंगे। फरवरी-मार्च में परीक्षा होगी और 27 अप्रैल तक नियुक्ति पत्र भी दे दिए जाएंगे। ग्राम विकास मंत्री गिरीश महाजन ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर इसका ऐलान किया। इससे पहले मार्च 2018 में स्वास्थ्य विभाग में 13 हजार पदों में भर्ती की प्रक्रिया शुरू हुई थी। साढ़े ग्यारह लाख विद्यार्थियों ने अर्जी दी थी। परीक्षा शुल्क भी भरा गया था। लेकिन कोरोना, आरक्षण के मुद्दे जैसे कुछ कारणों की वजह से भर्ती प्रक्रिया रद्द करनी पड़ी। लेकिन अब ग्राम विकास मंत्री गिरीश महाजन ने 10 हजार 127 पदों में भर्ती का ऐलान किया है। नए साल में यह भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। 1 से 7 जनवरी के बीच नोटिफिकेशन जारी होगा। 25 से 30 जनवरी के बीच उम्मीदवारों की अर्जियों की स्क्रूटनी की जाएगी। 31 जनवरी से 2 फरवरी के बीच वैध एप्लिकेशन वाले उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की जाएगी। 25 मार्च और 26 मार्च को विविध पदों के लिए भर्ती की परीक्षा का आयोजन होगा। 27 मार्च से 27 अप्रैल के बीच नियुक्ति कर दी जाएगी। मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि पिछले कई दिनों से भर्ती का सवाल अधर में लटका हुआ था। युवकों में भारी निराशा थी। करीब साढ़े ग्यारह लाख विद्यार्थियों के भविष्य का सवाल था। उन्होंने परीक्षा शुल्क तक भर दिया था। लेकिन कई कारणों से परीक्षा आयोजित नहीं की जा सकी। लेकिन नई सरकार युवकों के भविष्य के लिए और उनके कल्याण के लिए कटिबद्ध है। इसलिए अगले दो महीने में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 10 हजार 127 पदों पर भर्तियां पूरी हो जाएंगी। कोविड काल में राज्य में पिछले दो से तीन सालों में कॉन्ट्रैक्ट में काम कर चुके कर्मचारियों को अपनी सेवा देने वाले कर्मचारियों को भर्ती पक्रिया में प्रधानता दी जाएगी।

## टेक्नोलॉजी के यूज से ग्रामीण इलाकों में बढ़ी इंश्योरेंस की पहुंच, इन चीजों से मिल रहा फायदा

**नई दिल्ली।** इंटरनेट के अधिक इस्तेमाल एवं स्मार्टफोन की मांग की वजह से फिनटेक सिस्टम, ई-हेल्थ और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म्स के साथ-साथ ऑनलाइन पेमेंट टूल्स की स्वीकार्यता बढ़ी है। केंद्र सरकार की ह्यडिजिटल इंडिया पहल से डिजिटल टेक्नोलॉजी का विस्तार हुआ है और इसकी पहुंच बढ़ी है। खासकर ऐसा ग्रामीण क्षेत्रों में और इंश्योरेंस सेग्मेंट में देखने को मिला है, जहां टर्नअराउंड टाइम इंश्योर्ड व्यक्ति के लिए बहुत बड़ा पहलू है। 75 करोड़ स्मार्टफोन यूजर्स के साथ देश में डिजिटल क्रांति हुई है। ऐसे में इंश्योरेंस सर्विस प्रोवाइडर्स खुद को इस तरह से तैयार कर रहे हैं कि लोग फोन पर महज कुछ टैप में अपना इंश्योरेंस करा लें। उदाहरण के लिए, अंडरराइटिंग के लिए त्वरित एवं आसान वीडियो एमईआर (मेडिकल एग्जामिनेशन रिपोर्ट) से टीएटी इश्यू किए जाने के समय में काफी कमी आ गई है।

## पेज एक का शेष

### धनतेरस-दिवाली को...

समय किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए शहर के पांच प्रमुख स्थानों में पुलिस की क्यूआरटी टीम को भी प्रतिनियुक्त किया गया है। क्यूआरटी टीम अल्बर्ट एक्का चौक, पिस्का मोड़, बिरसा चौक, चांदनी चौक और कांके रोड में तैनात रहेगी।

**ट्रैफिक को लेकर भी निर्देश :** धनतेरस की शाम शहर में काफी भीड़भाड़ रहती है ऐसे में शाम पांच बजे से लेकर रात के 11 बजे तक भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तैनाती का आदेश दिया गया है।

**27 हॉट स्पॉट पर होगी विशेष नजर :** रांची पुलिस के वरीय अधिकारियों ने खुद राजधानी रांची में भ्रमण कर अपराध वाले हॉट स्पॉटों को चिह्नित किया है। इसमे कुल 27 जगहों को चिह्नित किया गया है। जहां पर सादे लिबास में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। कोतवाली, सुखदेवनगर, पंडरा ओपी, लालपुर, लोअर बाजार, सदर, बरियातू, डोरंडा, अरगोड़ा , जगन्नाथपुर, धुर्वा और तुपुदाना ओपी के ज्यादा क्राइम होनेवाले स्पॉट को शामिल किया गया है। चिह्नित जगहों पर तैनात जवानों को संदिग्ध लोगों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है।

### मां अन्नपूर्णा अपने...

स्वतः सिद्ध है। देश में कई स्थानों पर मां अन्नपूर्णा का मंदिर है, लेकिन काशी में विराजमान मां अन्नपूर्णा का अलग ही महत्व है। पुराणों में वर्णित है कि भगवान शिव ने स्वयं मां अन्नपूर्णा से अन्न की भिक्षा मांगी थी। माता के स्वर्णमयी स्वरूप के सामने भिक्षा मांगते हुए भगवान शिव की रजत प्रतिमा के दर्शन के लिए देशभर से श्रद्धालुओं का रेला उमड़ता है। कहा जाता है कि माता के दरबार से मिले खजाने से श्रद्धालुओं के घर के अन्न भंडार हमेशा भरे रहते हैं। महंत ने बताया कि श्री यंत्र स्वरूप के मंदिर में विराजमान मां अन्नपूर्णा के दरबार से बंटने वाले खजाने और प्रसाद का अलग ही महत्व है। यही कारण है कि माता का खजाना और प्रसाद पाने के लिए 24 घंटे पहले ही श्रद्धालु कतारबद्ध हो जाते हैं। वर्ष में केवल चार दिन ही माता के स्वर्णमयी स्वरूप के दर्शन होते हैं। इस बार 23 से 26 अक्टूबर तक श्रद्धालु माता के स्वर्णमयी स्वरूप का दर्शन व आशीष पा सकेंगे। मान्यता है कि रोजाना मां अन्नपूर्णा की विधिवत पूजा करने से जीवन में अन्न की कमी नहीं होती है।

### कालमेघ से दूर...

प्रभाव भी पता चला। इसका कोई बड़ा दुष्प्रभाव भी नहीं था। टीम में डॉ. डीपी. यादव, डॉ. विनय सेन और जेआर डॉ. संकेत नांदेकर शामिल थे। डॉ. इस बारे में सुनील कुमार का कहना है कि इस अध्ययन का उद्देश्य एनएएफएलडी के उपचार की लागत की गणना करना भी था। कालमेघ के मामले में एक दिन के इलाज का खर्च मात्र 2.04 रुपये था, जबकि मानक इलाज का खर्च 38.53 रुपये था।

# देश-विदेश






## न्यूज गैलरी

### एम्स में सांसदों द्वारा भेजे जाने वाले मरीजों को सुविधा देने का आदेश वापस

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने सांसदों के लिए उपचार सुविधाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) चिकित्सकों के एक वर्ग की ओर से आलोचना किये जाने के एक दिन बाद वापस ले लिया। एम्स के निदेशक एम. श्रीनिवास ने लोकसभा सचिवालय के संयुक्त सचिव वाईएम. कांडपाल को हाल ही में लिखे एक पत्र में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी), आपातकालीन परामर्श और लोकसभा व राज्यसभा दोनों के मौजूदा सांसदों को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए जारी एसओपी की जानकारी दी थी। श्रीनिवास ने अपने पत्र में कहा था कि अस्पताल प्रशासन विभाग के ड्यूटी अधिकारी एम्स के नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे ताकि व्यवस्थाओं का समन्वय और उसे सुविधाजनक बनाया जा सके। इस कदम की कई चिकित्सक संघों ने तीखी आलोचना की थी और इसे प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान में वीआईपी संस्कृति बताया था। शुक्रवार को अस्पताल प्रशासन ने पत्र वापस ले लिया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी देवनाथ साह द्वारा हस्ताक्षरित नवीनतम पत्र में लिखा गया है कि एम्स में सांसदों के लिए चिकित्सा व्यवस्था पर 17 अक्टूबर के पत्र को तत्काल प्रभाव से वापस लिया माना जा सकता है। इसके तुरंत बाद, फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (एफओआरडीए) ने ट्वीट किया, तो, विशेष विशेषाधिकार वापस ले लिया गया।

### चीन में आज हो सकती है चिनपिंग को तीसरा कार्यकाल देने के प्रस्ताव की घोषणा

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के महासम्मेलन (कांग्रेस) के समापन सत्र की शनिवार को शुरुआत हुई। सत्र की अध्यक्षता राष्ट्रपति शी चिनपिंग कर रहे हैं। इस महासम्मेलन में चिनपिंग का नाम रिकॉर्ड तीसरे कार्यकाल के लिए प्रस्तावित किये जाने की उम्मीद है। दिनभर जारी रहनेवाले सत्र के दौरान पार्टी के वरिष्ठ 370 नेताओं वाली केंद्रीय समिति का चुनाव किया जाना है और चिनपिंग को और शक्तियां देने के लिए पार्टी संविधान में संशोधन करने सहित कई अहम प्रस्तावों को पारित किए जाने की उम्मीद है। चिनपिंग को तीसरा कार्यकाल देने के प्रस्ताव की घोषणा सीपीसी रविवार को कर सकती है। सरकारी मीडिया ने बताया कि बंद कमरे में आयोजित सत्र की अध्यक्षता चिनपिंग कर रहे हैं। सीपीसी हर पांच साल में महासम्मेलन का आयोजन करती है, जिसमें पूरे देश की शाखाओं के कुल 2296 निर्वाचित प्रतिनिधि हिस्सा लेते हैं। 20वां महासम्मेलन एक सप्ताह का है, जो पार्टी का संचालन करनेवाली केंद्रीय समिति के चुनाव के साथ सम्पन्न होगा। नयी केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को राजनीतिक ब्यूरो का चुनाव करने के लिए होगी, जो स्थायी समिति का चुनाव करेगी।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 1.80 करोड़ में बेचा अपना घर

**कानपुर (एजेंसी)।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कानपुर का अपना घर बेच दिया। दयानंद विहार स्थित इस घर को 1 करोड़ 80 लाख में बेचा है। अब इस घर में डॉक्टर दंपती श्रीति बाला और डॉक्टर शरद कटियार रहेंगे। शुक्रवार को पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए कानपुर में मकान की रजिस्ट्री हुई है। पूर्व राष्ट्रपति ने घर की पावर ऑफ एटॉर्नी आनंद कुमार के नाम की थी। उन्होंने ही कानपुर में रजिस्ट्री की है। राष्ट्रपति रहने के दौरान कोविंद और उनकी पत्नी सविता कोविंद इस घर में आती रहीं हैं। घर के बाहर रामनाथ कोविंद की नेमप्लेट भी लगी है। 25 साल पहले जब कोविंद वकील थे, तब उन्होंने इस घर को खुद बनवाया था। तब वह काफी समय तक इस घर में रहे थे। कोविंद का कार्यकाल खत्म होने के बाद प्रोटोकॉल और परंपरा के तहत उन्हें

■ 25 साल पहले कानपुर में बनवाया था, खरीदने वाले डॉक्टर दंपती बोले- खुश हूं इसे पाकर

दिल्ली में बंगला मिला है। उनका परिवार अब वहीं रहेगा। इस घर को खरीदने वाले डॉक्टर शरद कहते हैं कि यह मेरा सौभाग्य है। ईश्वर ने कृपा की कि मुझे इस मकान में रहने का अवसर मिलेगा।

**कोविंद का घर मिलने को सौभाग्य मानते हैं डॉक्टर दंपती :** कोविंद का कार्यकाल खत्म होने के बाद प्रोटोकॉल और परंपरा के तहत उन्हें दिल्ली में बंगला मिला है। उनका परिवार अब वहीं रहेगा। डॉक्टर शरद कहते हैं कि यह मेरा सौभाग्य है। ईश्वर ने कृपा की कि मुझे इस मकान में रहने का अवसर मिलेगा। कोविंद के घर के चलते वीआईपी था यह इलाका पूर्व राज्यसभा सदस्य रहे रामनाथ कोविंद के राष्ट्रपति बनते ही उनके इस घर को भी सुरक्षा घेरे में ले लिया गया था। प्रोटोकॉल के तहत पुलिस की एक कंपनी उनके आवास पर तैनात रहती थी। उनके आवास के चलते यह क्षेत्र वीआईपी दर्जा रखता था। वे इसे पूर्व राष्ट्रपति की कृपा मानते हुए इसे प्रॉपर्टी के जरिए से न देखने का अनुरोध करते हैं। कीमत भी वह खुद नहीं बताते हैं। वह दिल्ली में कोविंद से भेंट के बाद उनकी सरलता और सज्जनता की बार-बार प्रशंसा करते हैं। शरद और श्रीति बाला बिल्हौर में श्रीश नर्सिंग होम के नाम से प्राइवेट हॉस्पिटल चलाते हैं और कान्हा-श्याम में रहते हैं।

**पांच साल में सिर्फ एक बार घर आयीं सविता कोविंद :** राष्ट्रपति बनने के बाद रामनाथ कोविंद इस घर में कभी नहीं आए। हालांकि, उन्होंने कानपुर का सबसे ज्यादा दौरे किए। रामनाथ कोविंद अपनी गांव की जमीन पूर्व में ही दान दे चुके हैं। जहां स्कूल और सामाजिक कार्यों के लिए बारातघर बना है। कानपुर में उनका एक मात्र मकान बचा था, जिसे अब उन्होंने डॉक्टर दंपती को बेच दिया है। कोविंद के राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी पत्नी सिर्फ एक बार कानपुर के दौरे में इस घर में आई थीं।

### 286 स्क्वायर मीटर में बना है यह मकान

**इंद्रानगर** दयानंद विहार के एम ब्लॉक स्थित इस मकान का नंबर- 42 है। ल्वक्क्ष्साइज का यह मकान पूर्व राष्ट्रपति के ही नाम था। 286 स्क्वायर मीटर में बने घर में ड्राइंग रूम, 3 कमरे, वॉशरूम, बाथरूम, किचन और एक पीछे की तरफ सर्वेंट क्वार्टर है। घर सिर्फ एक फ्लोर में बना है।






# राजस्थान में 250 हिंदुओं ने किया धर्म परिवर्तन

## मां दुर्गा की आरती में पिटाई से थे आहत, राजस्थान के बारां में धर्म परिवर्तन

**बारां (एजेंसी)।** राजस्थान में धर्म परिवर्तन को लेकर एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां बारां जिले के भुलोन गांव में 250 दलित हिंदू लोगों ने बौद्ध धर्म अपना लिया। इस बात का दावा जिला बैरवा महासभा युवा मोर्चा कर रहा है। महासभा का दावा है कि मां दुर्गा की आरती करने पर सरपंच प्रतिनिधि, उसके साथी ने दलित युवकों के साथ मारपीट की। जब शिकायत आरोपियों के खिलाफ की तो पुलिस प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इसी बात से आहत होकर दलित परिवारों ने हिंदू धर्म को त्याग कर बौद्ध धर्म अपना लिया। बैरवा महासभा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बालमुकंद बैरवा कहते हैं लोगों ने अपने घरों से देवी-देवताओं की प्रतिमा और तस्वीरें क्षेत्र की बैथली नदी में विसर्जित कर दी है। इस दौरान दलितों का गहलोत सरकार के खिलाफ भी आक्रोश जमकर फूटा। बालमुकंद बैरवा कहते है कि भूलोन गांव में पांच अक्टूबर को राजेंद्र, रामहेत, ऐरवाल ने मां दुर्गा की आरती की, तो उस बात से राहुल शर्मा और लालचंद लोधा गहरे नाराज हो गए। उन्होंने दोनों दलित युवकों को मारा पीटा। वहीं इस समाज की ओर से राष्ट्रपति से लेकर जिला प्रशासन तक न्याय की गुहार लगाई गई। लेकिन पुलिस ने सरपंच प्रतिनिधि के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।



### डॉ. अंबेडकर की प्रतिज्ञाएं लेकर अपनाया बौद्ध धर्म

**बैरवा** ने कहा कि प्रशासन से प्रताड़ित परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार को इस घटना पर आक्रोश रैली निकाली। फिर बैथली नदी के किनारे जाकर देवी-देवताओं की मूर्तियों और तस्वीरों को नदी में विसर्जित कर दिया। इसके बाद डॉ. भीमराव अंबेडकर की 22 प्रतिज्ञाएं लेकर हिंदू धर्म छोड़ बौद्ध धर्म अपनाने की शपथ ली। बैरवा ने यह भी कहा कि दलित परिवार को लगातार जान से मारने और गांव छोड़ने की धमकियां दी जा रही है। ऐसे में महासभा की ओर से राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से चेतावनी भरे शब्दों में कहा गया है कि अगर दलित युवकों के साथ मारपीट करनेवाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया तो उपखंड कार्यालय पर महासभा बड़ी संख्या में पहुंचकर धरना प्रदर्शन करेगी।

# दिवाली मनाने घर लौट रहे श्रमिकों की बस खड़े ट्रक से टकराई, 15 की मौत




**रीवा/मप्र (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में एक बस के खड़े ट्रक से टकराने से बस में सवार 15 लोगों की मौत हो गयी और 40 घायल हो गये। रीवा के जिलाधिकारी मनोज पुष्प ने बताया कि यह घटना शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब 11.30 बजे रीवा के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर सोहागी घाट में हुई। उन्होंने कहा कि यह बस तेलंगाना के हैदराबाद से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जा रही थी। हादसे में 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो व्यक्तियों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया और एक व्यक्ति ने रीवा के अस्पताल में दम तोड़ दिया। रीवा जिले के पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन ने कहा कि राहगीरों की सूचना के बाद सोहागी पुलिस मौके पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। भसीन ने बताया कि घायलों को एंबुलेंस से त्योंथर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रीवा के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना किस वजह से हुई यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस में ज्यादातर यात्री श्रमिक थे जो दीपावली मनाने अपने घर लौट रहे थे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट किया कि रीवा में हैदराबाद से गोरखपुर जा रही यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ था। इस अत्यंत हृदय विदारक घटना में दिवंगत आत्माओं के प्रति मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। । ॐ शांति ।

# ऋषि सुनक के मुकाबले जॉनसन ने भी ठोकी ताल

**लंदन (एजेंसी)।** लिज ट्रस के इस्तीफा के बाद एक बार फिर पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का नाम नये पीएम चुनने की रेस में लाया जाने लगा है। भारतीय मूल की प्रीति पटेल ने बोरिस जॉनसन को 10 डाउनिंग स्ट्रीट के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार बताया है। प्रीति, जॉनसन मंत्रीमंडल में गृह सचिव रह चुकी हैं। ब्रिटेन में नए प्रधानमंत्री के चयन की प्रक्रिया एक बार फिर शुरू होगी क्योंकि लिज ट्रस ने महज 45 दिनों में इस्तीफा दे दिया है। ट्रस को उनकी खराब आर्थिक नीतियों को लागू करने की वजह से भारी विरोध के चलते पद छोड़ना पड़ा है। पूर्व विदेश मंत्री प्रीति पटेल, बोरिस जॉनसन के पद छोड़ने के बाद कंजरवेटिव पार्टी में नए नेता के चुनाव के दौरान न्यूट्रल रहीं। उन्होंने लिज ट्रस या ऋषि सुनक, किसी की ओर से कोई बयान नहीं दिया। लेकिन ट्रस के इस्तीफा के बाद अब नए नेता के चुनाव के पहले उन्होंने कहा कि जॉनसन को 2019 के आम चुनाव से टोरीज के लिए सार्वजनिक जनादेश मिला था। 50 वर्षीय प्रीति पटेल ने ट्विटर पर कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन के पास बड़े फैसले लेने का एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। अगर कोविड के दौरान पार्टीगेट को छोड़ दें तो उनके पास देश की शासन सत्ता को चलाने का सबसे बेहतर अनुभव है। बोरिस के पास हमारे चुने हुए घोषणापत्र को पूरा करने का जनादेश है और बड़े फैसलों को सही तरीके से हासिल करने का एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है। मैं नेतृत्व प्रतियोगिता में उनका समर्थन कर रही हूं। जॉनसन ने छह सप्ताह पहले अपने मंत्रियों के बीच कई घोटालों और सामूहिक इस्तीफे के बाद इस्तीफा दे दिया था। लेकिन अभी भी कई टोरी सांसदों और पार्टी के अन्य लोगों के बीच लोकप्रिय माना जाता है। कम से कम तीन कैबिनेट मंत्रियों बिजनेस सचिव जैकब रीस-मोग, रक्षा सचिव बेन वालेस और लेवलिंग अप सचिव साइमन क्लार्क ने खुले तौर पर कहा है कि वे पीएम की रेस में जॉनसन का समर्थन करेंगे।






# धनतेरस स्पेशल : इकलौता मंदिर जहां पूजा करने के लिए आती हैं नयी गाड़ियां

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान का एक ऐसा मंदिर है जहां मान्यता है अगर नई गाड़ी और नई लाड़ी सबसे पहले यहां धोक लगाती हैं तो सब कुछ सही होता है। इसी मान्यता के तहत इस मंदिर में अक्सर नए शादीशुदा जोड़े और नए वाहन पूजा पाठ के लिए जुटते हैं। दिवाली और धरतेरस पर जब हिंदू धर्म में शादियों पर बैन होता है उस समय तो यहां पर नए वाहनों की इतनी कतार लगती है कि सड़क बंद कर दी जाती है। हम बात कर रहे हैं जयपुर के मोती डूंगरी रोड पर स्थित मोती डूंगरी गणेश जी की। डूंगरी इसलिए क्योंकि डूंगर यानि पहाड़ के

■ यहां आनेवालों को भगवान खुद देते हैं आशीर्वाद

नजदीक ये स्थित हैं। इस दिवाली करीब सौ करोड़ से भी ज्यादा रुपए के वाहन तीन दिन में यहां आए हैं। तीन दिन में से आज दूसरा दिन है। इतिहासकारों के अनुसार जयपुर के मोती डूंगरी रोड पर स्थित मोती डूंगरी गणेश जी की प्रतिमा जयपुर नरेश माधो सिंह प्रथम की पटरानी के पीहर मावली से 1761 ई. में लाई गई थी। मावली में यह प्रतिमा गुजरात से लाई गई थी। उस समय यह पांच सौ वर्ष पुरानी थी। जयपुर के नगर सेठ पल्लीवाल यह मूर्ति लेकर आए थे और इन्होंने ही मंदिर का निर्माण करवाया था। मोती डूंगरी गणपति को जयपुर का आराध्य कहा जाता है। इनके पास करोड़ों रुपयों के जेवर के अलावा चांदी और सोने के बर्तन भी हैं। हर त्योंहार पर विशेष सजावट होती है। इस बार भी मोती डूंगरी गणेश मंदिर में सजावट की गई है। 18 अक्टूबर को साल के आखिरी पुख्य नक्षत्र, उसके बाद आज धतनतेरस और कल छोटी दिवाली पर बन रहे सयोंग पर मंदिर में पांच हजार से ज्यादा नए वाहन आ रहे हैं।



**खुद आशीर्वाद देते हैं गणपति :** मंदिर पुजारी कमेटी से जुड़े पुजारियों ने बताया कि तीन दिन के दौरान करीब चार हजार दुपहिया और तिपहिया नए वाहनों के अलावा एक हजार करीब चौपहिया वाहन आने को हैं। दो 18 अक्टूबर और आज भारी भीड़ रही है। कल भी बड़ी संख्या में नए वाहनों के साथ लोग आने हैं। पुजारी ने बताया कि भगवान की मूर्ति पर लगाए गए सिंदूर से नए वाहनों की पूजा की जाती है और उसी सिंदूर से स्वास्तिक बनाया जाता है।